CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 12-17-2025 23:49 Color:

नई दिल्ली > गुरुवार, 18 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 27 शक संवत 1947 पौष कृष्ण चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082 | WATCH GOD WATCHDOG | वर्ष 79, संख्या 300 > पेज 14 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित | www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू



कौन-सा विडियो बन गया करीना के लिए खास ▸p13

# NBT नवभारत टाइम्स



BMW प्लांट गए राहुल, बोले- देश में उत्पादन बढ़ाना ज़रूरी ▸p8

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

मेसी ने शेयर की पोस्ट, भारत के लिए लिखा बहुत खास मेसेज ▸▸ पेज 12



उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाती को FIFA ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना ▸▸ पेज 12



पी. टी. उषा ने राज्यसभा में उठाई कॉफी उत्पादकों की समस्याएं ▸▸ पेज 8

# प्रदूषण पर आज से सख्त कदम

## BS-6 से कम की गाड़ियों की एंट्री नहीं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को छूट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रदूषण की** रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार आज से कुछ बेहद सख्त पाबंदियां लागू करने जा रही है। इनके चलते आने वाले कुछ दिनों में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

गुरुवार से दिल्ली में सिर्फ उन्हीं गाड़ियों को डीजल/पेट्रोल मिलेगा, जिनके पास वैध PUC सर्टिफिकेट होगा। इसकी जांच के लिए सभी पेट्रोल पंपों पर टीमें तैनात रहेंगी। दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड BS-6 कैटिगरी से कम की गाड़ियों की दिल्ली में एंट्री नहीं होगी। सबसे ज्यादा दिक्कत इसी से होगी। चूंकि, BS-6 मानक 1 अप्रैल 2020 से ही लागू हुआ है और इस कैटिगरी की गाड़ियों की संख्या काफी कम है। ऐसे में NCR और यूपी-हरियाणा समेत अन्य राज्यों में रजिस्ट्रेशन वाली बहुत कम गाड़ियां ही दिल्ली में एंट्री कर पाएंगी। अगर BS-6 मानक से कम की अन्य राज्यों में रजिस्टर्ड गाड़ियां दिल्ली में भी चलती पाई गईं, तब भी इन पर ऐक्शन होगा। आज से मेट्रो और DTC बसों में भी भीड़ बढ़ सकती है। हालांकि, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जरूरी सामान लाने वाली गाड़ियों को BS-6 वाले बैन से छूट मिलेगी। CNG और इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी यह आदेश लागू नहीं होगा। ▸▸ पेज 3

मेट्रो-बसों में बढ़ेगी भीड़, बिना PUC सर्टिफिकेट फ्यूल नहीं



**...तो तेल नहीं:** प्रदूषण जांच केंद्रों में PUC सर्टिफिकेट बनवाने की होड़ दिखी।

### आज से 50% को वर्क फ्रॉम होम, मज़दूरों को 10 हज़ार की मदद

दिल्ली सरकार ने गुरुवार से सभी सरकारी-प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम जरूरी बना दिया है। स्वास्थ्य, सफाई समेत कई इमरजेंसी सेवाओं को इससे छूट है। कंस्ट्रक्शन बैन से प्रभावित रजिस्टर्ड मजदूरों को ₹10 हजार मिलेगा।



कंस्ट्रक्शन बैन से प्रभावित रजिस्टर्ड मजदूरों को ₹10 हजार मुआवजा दिया जाएगा। *-कपिल मिश्रा, श्रम मंत्री*

## BS-4 से पुरानी गाड़ियों पर ही ऐक्शन, टोल हटाने का सुझाव



**334 रहा** बुधवार को दिल्ली का AQI, आगे प्रदूषण फिर 'गंभीर' हो सकता है।

प्रदूषण पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदम नाकाम साबित हुए हैं, CAQM अपने लंबी अवधि के उपायों पर फिर से विचार करे। *-सुप्रीम कोर्ट*

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा...**

- दिल्ली बॉर्डर के 9 टोल हटाने पर हफ्तेभर में फैसला ले MCD
- कंस्ट्रक्शन बैन से प्रभावित मजदूरों को मदद देने का निर्देश
- 5वीं तक के स्कूल बंद करने के फैसले पर दखल देने से इनकार

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** वायु प्रदूषण के दिल्ली-NCR में गंभीर स्तर पर ध्यान देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि यह वार्षिक समस्या बन चुका है। कोर्ट ने इस संकट के समाधान की दिशा में कई निर्देश जारी किए।

सबसे अहम है उम्रदराज गाड़ियों के आदेश में बदलाव। कोर्ट ने इस बारे में 12 अगस्त 2025 के आदेश में संशोधन किया और दिल्ली-NCR में BS4 से नीचे के कैटिगरी की गाड़ी पर ऐक्शन लेने की दिल्ली सरकार को छूट दे दी है। यानी अब BS-4 से नीचे मानक वाली 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों पर ऐक्शन हो सकेगा।

इससे पहले 12 अगस्त को इस कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में सभी उम्रदराज गाड़ियों के खिलाफ ऐक्शन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने साथ ही MCD से कहा है कि वह दिल्ली की सीमाओं पर बने 9 टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या उन्हें दूसरी जगह ट्रांसफर करने के बारे में हफ्तेभर में फैसला ले, जिससे कि वहां ट्रैफिक जाम न लगे।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि क्या आप फंड के लिए कनॉट प्लेस (सीपी) पर भी टोल लगा देंगे? अदालत ने प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे कंस्ट्रक्शन मजदूरों को आर्थिक मदद देने का निर्देश भी दिया।

प्रदूषण का असर, दिल्ली के पुरुषों में बढ़ रहा लंग्स कैंसर ▸▸ पेज 3 | पलूशन के लिए प्रशासनिक स्तर पर बदलाव की जरूरत ▸▸ पेज 3 | बसों का झुरमुट सुधार रहा है AQI, दे रहा है कूलिंग इफेक्ट ▸▸ पेज 4

## 'जूता फेंकने की घटना कैसे रोकें'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पूर्व चीफ** जस्टिस बी. आर. गवई की ओर जूता फेंकने की कोशिश जैसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव मांगा। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट बार असोसिएशन (SCBA) से कोर्ट ने उपाय सुझाने को कहा। साथ ही मीडिया के लिए ऐसी घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रसीजर (SOP) तैयार करने के संबंध में भी सुझाव मांगा।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि यह मुद्दा विवाद का नहीं है, इसलिए साझा सुझाव दिए जा सकते हैं। इससे पहले बेंच ने 71 साल के वकील राकेश किशोर (जूता फेंकने की कोशिश करने वाले आरोपी वकील) के खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू नहीं की थी।



CJI ने केंद्र सरकार से उपाय सुझाने के लिए कहा

**ये खबरें अंदर पढ़ें**

- SC ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले को कोलकाता हाई कोर्ट ट्रांसफर किया। ▸▸ पेज 11
- एल्गार परिषद-माओवादी लिंक मामले में आरोपी गौतम नवलखा को दिल्ली जाने की अनुमति बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी। उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। ▸▸ पेज 11
- जेल कानून, पुलिस नियमों में भेदभाव की अर्जी पर SC ने MP सरकार से जवाब मांगा है। ▸▸ पेज 11

## इथियोपिया की संसद में मोदी मैजिक, बजती रहीं तालियां...



■ पीएम मोदी ने इथियोपियाई संसद में कहा कि शेरों की भूमि पर आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

■ भाषण के दौरान सांसदों ने 50 से अधिक बार तालियां बजाईं। इसके बाद वह ओमान पहुंचे। ▸▸ पेज 14

### चांदी पहली बार 2 लाख/किलो पार

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग से चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछली। दिल्ली में यह पहली बार 2 लाख प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 पर पहुंच गई। वहीं, गोल्ड 600 रुपये चढ़कर 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

### ऑस्कर: शॉर्टलिस्ट हुई 'होमबाउंड'

■ **NBT रिपोर्ट:** डायरेक्टर नीरज घायवान की फिल्म 'होमबाउंड' को 98वें अकैडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनैशनल फीचर फिल्म कैटिगरी के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके साथ फिल्म ऑस्कर नॉमिनेशन में एक कदम और करीब पहुंच गई।

**मेट्रो मस्ती** शुक्रवार से लोगों के लिए खुलेगा म्यूज़ियम, 10 रुपये एंट्री फीस

## दिन, रात या फिर हो कोहरा... म्यूज़ियम में कल से आप खुद चला सकेंगे 'मेट्रो'



**सिम्युलेटर** मेट्रो चलाने का यहां वर्चुअल अनुभव लिया जा सकता है। यह सुविधा पूरी तरह फ्री है।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली की** रफ्तार बदलने वाली मेट्रो के सफर को करीब से जानने का मौका एक छत के नीचे मिलेगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (DMRC) ने सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो म्यूजियम की शुरुआत की है। यहां मेट्रो का इतिहास जाना जा सकता है। शुक्रवार से लोगों के लिए म्यूजियम खुल जाएगा। एंट्री फीस 10 रुपये होगी। बुधवार को म्यूजियम की शुरुआत दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने की। म्यूजियम में सिम्युलेटर है, जहां मेट्रो चलाने का वर्चुअल अनुभव ले सकते हैं। यह फ्री है। यहां बारिश, कोहरा, दिन-रात जैसी परिस्थितियां चुनकर ड्राइविंग का अनुभव ले सकते हैं। इसके लिए दो सिम्युलेटर मशीनें लगाई गई हैं। ▸▸ पेज 5

म्यूजियम की शुरुआत दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने की

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 7

## फटाफट खबरें

### बांग्लादेशी उच्चायुक्त से विरोध जताया



भारत ने बुधवार को बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्ला को तलब किया और ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर विरोध दर्ज कराया। सूत्रों ने बताया कि कुछ चरमपंथी तत्वों की ओर से ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग के आसपास विरोध प्रदर्शन की योजना के बाद भारत ने यह कार्रवाई की है।

### एटमी एनर्जी में निजी भागीदारी, बिल पास

लोकसभा ने बुधवार को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी भागीदारी के प्रावधान वाले SHANTI बिल को विपक्ष के विरोध के बीच पास कर दिया। सरकार ने इसे ऐतिहासिक बताया। वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें सप्लायर के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है। यह संवेदनशील क्षेत्र में प्राइवेट कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है। ▸▸ पेज 8

### महाराष्ट्र के मंत्री की गिरफ्तारी का वॉरंट



महाराष्ट्र के नासिक की एक अदालत ने 1995 के धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में राज्य के खेल मंत्री और NCP नेता **माणिकराव कोकाटे** के खिलाफ बुधवार को गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया। फरवरी में कोकाटे को सुनाई गई दो साल की जेल की सजा को बरकरार रखने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया। उनसे खेल विभाग ले लिया गया। ▸▸ पेज 11

### म्यूचुअल फंड फीस स्ट्रक्चर में बदलाव

शेयर बाजार रेगुलेटर SEBI ने बुधवार को म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलावों को मंजूरी दे दी है। SEBI ने म्यूचुअल फंड कंपनियों (AMCs) द्वारा वसूले जाने वाले अतिरिक्त 5 बेसिस पॉइंट के चार्ज को पूरी तरह खत्म कर दिया है। ब्रोकरेज और डेरिवेटिव्स के लिए चार्ज करीब आधा कर दिया गया है। इसका सीधा मकसद है कि निवेशकों का खर्चा कम हो। SEBI ने कई नियम भी बदल दिए हैं। ▸▸ पेज 13

### हैपी मॉर्निंग

गर्लफ्रेंड: बाबू 31 दिसंबर को रेडी रहना?
बॉयफ्रेंड: कहां ले जा रही हो?
गर्लफ्रेंड: और कहां...2026 में।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,559.65 (-120.21) |
| निफ्टी | 25,818.55 (-41.55) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.37 (-0.66) |
| रु/यूरो | 105.84 (-1.16) |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,36,500 (+600) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,05,800 (+7,300) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 24.7°
10.4° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त गुरुवार 5:28 | सूर्योदय शुक्रवार 7:09
21 और 22 दिसंबर को घना कोहरा छा सकता है। येलो अलर्ट जारी

## काम की खबरें



### ...तो यमुना एक्सप्रेसवे पर नहीं चलेंगी गाड़ियां

**कोहरे** में विजिबिलिटी 50 मीटर से कम होने पर यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन नहीं चलेंगे। यमुना अथॉरिटी ने यह फैसला किया है।

### दिल्ली-धारूहेड़ा नई ई-बस सेवा आज से

**दिल्ली सरकार** धौला कुआं और धारूहेड़ा (हरियाणा) के बीच नई इलेक्ट्रिक अंतरराज्यीय बस सेवा शुरू करेगी। 100 नई ई-बसों को भी हरी झंडी दिखाई जाएगी।

### नॉन-गवर्नमेंट के लिए NPS में 80% निकासी

**PFRDA** ने नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के नियमों में बदलाव किया है। अब नॉन-गवर्नमेंट कर्मचारी रिटायरमेंट के वक्त 60% के बजाय 80% रकम एकमुश्त ले सकते हैं। एन्युटी के लिए 20% रकम लगानी है।

### 1 जनवरी को दिल्ली में भारत टैक्सी लॉन्च होगी

**1 जनवरी** को दिल्ली में भारत टैक्सी लॉन्च होगी। इसमें पीक आवर्स में भी किराया नहीं बढ़ेगा। 56 हजार ड्राइवर्स जुड़ चुके हैं।



4 दशकों से देखभाल.
हर दिन, हर बार.
550+ योग्यता प्राप्त वैज्ञानिक
350+ भरोसेमंद ब्रांड्स
200+ पैटेंट्स
70+ देश
Emcure cure and beyond
www.emcure.com
*Company information



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: cci Time: 12-17-2025 21:27 Color:





**कई महिलाओं के लिए तलाक विवाह का टूटना नहीं, बल्कि गरिमा, सुरक्षा और स्वाभिमान की नई शुरुआत होता है।**

*– फ्लेविया एग्नेस, महिला अधिकार कार्यकर्ता*

## कब सही है तलाक?

**किसी के** भी जीवन में 24 साल बहुत मायने रखते हैं, लेकिन जब इतना वक्त किसी ऐसे रिश्ते को ढोते हुए गुजरे, जिसमें कोई जान न बची हो, तो इससे बड़ी सजा कोई और नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी ही एक शादी को भंग करते हुए बिल्कुल ठीक कहा कि पूरी तरह टूट चुके विवाह को जबरदस्ती जारी रखना न केवल पति-पत्नी के साथ क्रूरता है, बल्कि समाज के लिए भी नुकसानदेह है।

**महत्वपूर्ण आदेश ।** इस मामले में पति-पत्नी पिछले 24 बरसों से अलग रह रहे थे। तलाक की अर्जी पति ने दायर की थी, जिसे फैमिली कोर्ट ने तो स्वीकार कर लिया, लेकिन गुवाहाटी हाई कोर्ट ने रोक लगा दी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का रुख इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसने साफ कर दिया कि पति-पत्नी के बीच अगर सामंजस्य नहीं बन रहा, तो उन्हें जबरदस्ती साथ रखने का कोई औचित्य नहीं है। कानूनी रूप से भले ऐसी शादियां बची रहें, पर अपना मकसद खो देती हैं।

AI image



SC का अहम फैसला

**आंकड़ों का सच ।** भारत की परिवार अदालतों में तलाक के लाखों केस पेंडिंग हैं। सरकार ने 2022 में संसद में 11.4 लाख का आंकड़ा दिया था। हालांकि दुनिया से तुलना करें, तो यह संख्या बेहद कम है। देश में तलाक की दर कई दशकों तक केवल 1% रही। अमेरिका के 45% या ब्रिटेन के 41% के मुकाबले यह आंकड़ा कुछ भी नहीं। लेकिन, इस आंकड़े के पीछे का एक दूसरा सच भी है।

**अनचाहा दबाव ।** भारत में शादी का फैसला आमतौर पर लड़का-लड़की के परिवार वाले करते हैं और समाज की रजामंदी भी उस पर होती है। जब सब अच्छा चल रहा हो, तब तो यह सकारात्मक बात है, लेकिन रिश्तों में उतार-चढ़ाव के दौरान कई बार इसी वजह से अनचाहा दबाव पैदा होता है। यही दबाव रिश्ते को उस समय भी जारी रखने के लिए मजबूर करता है, जब सुलह की थोड़ी भी गुंजाइश न बची हो।

**नकारात्मक सोच गलत ।** भारतीय समाज में तलाक एक वर्जित विषय रहा है। कानूनन पति-पत्नी को अलग होने का अधिकार है, पर लंबी अदालती प्रक्रिया और समाज का दबाव इसमें मुश्किलें पैदा करता है। लेकिन इसे नकारात्मक रूप से लेना गलत है। अदालतों को बेशक पहले शादी बचाने की कोशिश करनी चाहिए, पर आखिरी फैसला हालात और पति-पत्नी के हितों को देखकर होना चाहिए। गरिमापूर्ण जीवन और नई शुरुआत का हक सभी को है।

### गुस्ताख़ी माफ़

## किस ब्रैंड की सिगरेट

'अंकल, किस ब्रैंड की सिगरेट पी रहे हैं आजकल?' बल्लू बाशा ने गुड मॉर्निंग की गुड लेंथ बॉल के ऐन बाद यह सवाल उछाल दिया। 'तमीज-वमीज घोलकर पी गए हो क्या? कैसे होते जा रहे हैं आजकल के बच्चे?' फ्रंटफुट पर आते हुए मैंने लॉन्ग ऑन पर शॉट मारने की कोशिश की। पर बल्लू को कोई फर्क नहीं पड़ा। उसने सधी हुई लाइन लेंथ के साथ अगली गेंद डाली। 'मैंने तो आपको थैंक्यू कहने के लिए रोका। आपकी वजह से हम बच्चों को भी सिगरेट का मजा मिल रहा है।'



अखिलेश प्रताप सिंह

यह कम स्पीड की धोखा देने वाली गेंद थी। मुझे हैरान देख वह शुरू हो गया। 'हम बच्चे आजकल AQI ब्रैंड की सिगरेट पी रहे हैं अंकल। कोई बता रहा है कि 20-20 पी जा रहे हैं दिन में। कोई 40 बता रहा है। पर गिनती में क्या रखा है, असली मजा तो यह है कि पीने को मिल रही है। थैंक्यू अंकल!'



अच्छा, तो यह किस्सा है। मैंने बल्लू की लाइन-लेंथ पकड़ ली। 'तो ये एयर पल्यूशन मैंने फैलाया? इतने कारखाने हैं, बेशुमार गाड़ियां हैं, पराली की समस्या है। यह सब मैंने किया है?' एक के बाद एक चौके जड़ दिए मैंने। 'पानी का छिड़काव हो रहा है। कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी। कोयले और लकड़ी के तंदूर भी बैन हो गए हैं।' एक-दो सिंगल भी चुरा लिए मैंने।

बल्लू हंसा। 'अच्छा मजाक है अंकल। पराली से निपटने के लिए किसानों को फ्री किट दे नहीं पा रहे। गाड़ियों पर एक्शन का नाम आते ही आपके हाथ-पांव फूल जाते हैं। कोयले से चलने वाले पावर प्लांट के नियम ढीले कर दिए। जंगल कट रहे, बचा नहीं पा रहे आप। हर साल अक्टूबर से हल्ला शुरू करते हैं। फिर चैंबर ऑफ न जाने क्या-क्या बोलते हैं और फरवरी आते-आते चुप हो जाते हैं आप। ऊपर से तुर्रा यह कि तमीज मैं घोलकर पी गया हूं?' बल्ला हवा में रह गया। मैंने हड़बड़ी में टांग अड़ा दी। LBW होकर ही-ही-ही-ही हंसने के सिवा क्या कर सकता था?

### एकदा

संकलन : दिलीप लाल

## भोजपुरी के 'शेक्सपियर'

'पियवा गेइले कलकतवा ए सजनी' भोजपुरी का यह गीत जिस व्यक्तित्व का स्मरण कराता है, वह हैं भिखारी ठाकुर, जिन्हें 'भोजपुरी का शेक्सपियर' भी कहा जाता है। उनका जन्म 18 दिसंबर 1887 को बिहार के सारण जिले के कुतुबपुर दियारा गांव में एक साधारण परिवार में हुआ। जीविका के लिए वह नाई का काम करते थे। 1914 में जब अकाल पड़ा, तो वह काम की तलाश में पश्चिम बंगाल के खड़गपुर पहुंच गए। [illegible] थे। वह कलकत्ता और पुरी भी गए, जहां सिनेमा, रामलीला, नौटंकी देखकर उनके भीतर छिपी कला जाग उठी। कलाकारों को देखकर उन्हें एहसास हुआ कि कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का माध्यम भी है। वह गांव लौट आए और गीतों व नाटकों में अपने विचारों को ढालने लगे। जब पहली बार वह मंच पर उतरे तो लोगों ने ताना मारा, 'नाई का बेटा नाटक करेगा?' लेकिन इस अपमान को उन्होंने अपना संकल्प बना लिया। वह गीत रचते, उन्हें गुनगुनाते और मंच पर जीवंत कर देते। 'बिदेसिया', 'बेटी बेचवा' और 'गबरघिचोर' जैसी रचनाओं के जरिए उन्होंने स्त्री-पीड़ा, प्रवास की पीड़ा और सामाजिक कुरीतियों को सीधे जनता के दिलों तक पहुंचाया। वह कहा करते थे, 'हमारी किताब जनता है, और गुरु जीवन।'

Subrata Dhar



### किसी वैश्विक महाशक्ति की निगरानी के बिना दुनिया में फैल जाएगी अराजकता

# US डॉन बना रहे, इसमें भारत का भला

**ट्रंप प्रशासन** की नैशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटिजी (NSS) पर खूब बातें हुई हैं। NSS से दो बातें साफ होती हैं। पहली, अमेरिका अपने किसी भी सहयोगी और दोस्त की इज्जत नहीं करता। संकीर्ण आर्थिक हितों के लिए वह किसी को भी निशाना बना सकता है। दूसरी, वह अब ग्लोबल पुलिसमैन बनने के लिए तैयार नहीं है। उसका फोकस लैटिन अमेरिका पर है और बाकी दुनिया के लिए संदेश है कि अपनी सुरक्षा का इंतजाम खुद करो।



स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर

iStock




**चिंता की बात ।** कई भारतीय विश्लेषक और राजनेता लंबे समय से बहुध्रुवीय दुनिया की वकालत करते रहे हैं। अब वही दुनिया उनके सामने है। लेकिन, यह जश्न मनाने की बात नहीं। चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। आज चीन या फिर पाकिस्तान से टकराव की सूरत में भारत किसी से मदद की उम्मीद नहीं कर सकता। यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस अब चीन के साथ मजबूती से खड़ा है। कुल मिलाकर भारत इतना अकेला कभी नहीं रहा और न उसके सामने कभी इतना ताकतवर दुश्मन था।

**ताकत जरूरी ।** इतिहास बताता है कि वही क्षेत्र फलते-फूलते हैं, जहां नियम-कायदे चलाने वाली कोई मजबूत ताकत होती है। निवेश और व्यापार के लिए इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता है कि कोई नियम ही न हो। वैश्विक महाशक्तियों से लोग इसलिए नफरत करते हैं क्योंकि वे हुक्मरान जैसी लगती हैं। लेकिन उनके बिना, नियमों का अभाव अराजकता को जन्म देता है। यह अराजकता महाशक्तियों के प्रभुत्व से कहीं ज्यादा खराब है।

**इतिहास का सबक ।** BJP अक्सर आर्थिक इतिहासकार Angus Maddison का हवाला देती है, जिनका अनुमान है कि पहली सदी में ग्लोबल GDP में भारत की हिस्सेदारी 32% थी। हालांकि मैडिसन ने यह भी गणना की थी कि उस समय भारत की प्रति व्यक्ति आय वैश्विक औसत से थोड़ा कम, करीब 450 डॉलर थी। उस दौर में 809 डॉलर प्रति व्यक्ति आय के साथ इटली कहीं ज्यादा अमीर था।



**साम्राज्यवादी व्यवस्था ।** रोमन साम्राज्य के पतन के बाद इटली में तेज गिरावट आई और पूरा यूरोप लंबे समय तक ठहराव की स्थिति में रहा। अर्थशास्त्री कॉलिन ब्रूक का अनुमान है कि सन 1850 में जाकर ब्रिटेन पहली बार तीसरी शताब्दी ईस्वी के रोम साम्राज्य की बराबरी कर पाया। फ्रांस और जर्मनी उस स्तर तक 1870, जबकि जापान 1955 में पहुंचा। दीपक लाल ने अपनी किताब 'In Praise of Empires' में बताया है कि साम्राज्यवादी शासन व्यवस्था किस तरह दुनिया के कई हिस्सों में प्रशासनिक और आर्थिक समृद्धि के लिहाज से लाभकारी रही।

**नया वर्ल्ड ऑर्डर ।** अमेरिका ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सोवियत संघ को अपने अस्तित्व के लिए बड़ा खतरा माना और गैर-कम्युनिस्ट दुनिया का शक्ति केंद्र बन गया। तब उसका मकसद अंतरराष्ट्रीय सहयोग से नई विश्व व्यवस्था बनाना था। इस दौरान UN, विश्व बैंक, IMF, ICAO, WHO, WTO जैसी संस्थाएं बनीं और सभी देशों के लिए नियम तय किए गए।

**समृद्धि बढ़ी ।** इस व्यवस्था के चलते दुनिया ने अब तक का सबसे बड़ा वैश्वीकरण और समृद्धि देखी। मैडिसन के अनुमान के मुताबिक, 1950 से 2003 के बीच भारत में प्रति व्यक्ति आय 619 डॉलर से बढ़कर 2,160 डॉलर हो गई। इसी दौरान पश्चिमी यूरोप में प्रति व्यक्ति आय 4,578 डॉलर से बढ़कर 19,912 डॉलर और अमेरिका में 9,561 डॉलर से बढ़कर 29,037 डॉलर हो गई। अमेरिकी दबदबे ने तमाम असहजता के बावजूद समृद्धि बढ़ाई।

**चीन का उदय ।** पहले की महाशक्तियां केवल अपने मुनाफे का ख्याल रखती थीं। अमेरिका ने सभी का मुनाफा कराया, हर एक को आगे बढ़ने का मौका मिला। भले इसकी वजह से मुनाफे में उसका हिस्सा थोड़ा कम ही क्यों न हुआ हो। कई दशकों तक अमेरिका यह नीति इसलिए अपना सका, क्योंकि दूसरे विश्व युद्ध के बाद उसकी स्थिति बेहद मजबूत थी। लेकिन वैश्वीकरण के नकारात्मक पहलुओं और चीन के उदय ने उस दौर का अंत कर दिया है।

**अनिश्चित भविष्य ।** जो बाइडन मानते थे कि चीन को नियंत्रित किया जा सकता है, पर ट्रंप ने सीधे शीत युद्ध की रणनीति अपना ली है। हालांकि इस बार अमेरिका अपने साथियों को छोड़ रहा है। अब अमेरिका का पहले वाला 'परोपकारी प्रभुत्व' मौजूद नहीं है। दुनिया में अराजकता बढ़ रही है। भारतीय इकॉनमी ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अमेरिका के बनाए जिस इकोसिस्टम ने उसे उभरने में मदद की, वह कमजोर पड़ रहा है।

### कांटे की बात

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के लिए चुना जाना मेरे करियर के लिए नई शुरुआत जैसी है। इसके लिए मैं टीम का आभारी हूं।



तीन साल बाद लीग में वापसी पर क्रिकेटर **सरफराज खान**

### असंभव संवाद

## डॉन ब्रैडमैन T20 की नीलामी में आते तो...

*IPL 2026 के लिए ऑक्शन मिनी था, लेकिन बोली खूब बड़ी-बड़ी लगी। T20 लीग ने जितने पैसों की बारिश की है, उसके बारे में खेल के शुरुआती लीजेंड्स ने सोचा भी नहीं होगा। तो क्या हो अगर ऑक्शन के मिलियन डॉलर प्लेयर की मुलाकात हो डॉन ब्रैडमैन से...*

AI image



**पैसों की** चमक से सराबोर खिलाड़ी के सामने क्रिकेट के डॉन ऐसे लग रहे थे, जैसे अभी पूरे दिन फील्डिंग करके आए हों। 'बधाई हो, तुम्हारे लिए तो टीमों के बीच होड़ लग गई थी।' 'शुक्रिया सर, इस सीजन मैं आपके बैट से खेल लूं? अगली बार मेरी कीमत और बढ़ जाएगी। बस उस पर किसी का स्टिकर चिपकाना होगा।' 'स्टिकर। उससे गेंद बल्ले पर बढ़िया आती है क्या?' 'नहीं, पैसे बढ़िया मिलते हैं। सर, वैसे आप क्यों नहीं खेलते? आप नीलामी में आए तो सारे रेकॉर्ड टूट जाएंगे। आपको केवल उल्टे बल्ले से शॉट मारना सीखना होगा, मैं सिखा दूंगा। कहिए तो फ्रैंचाइजी से बात करूं?' ब्रैडमैन ने अपने बैट को देखा और पुराने दौर में लौट गए।

### जनता जंक्शन

इरफान




## हमारी तहज़ीब भी बताते हैं कैरोल गीत

### साझी दिल्ली

**आजकल सर्द शामों** में दिल्ली के ईसाई घरों में शाम को गिटार और हारमोनियम के साथ कुछ युवा, बच्चे और बुजुर्ग पहुंचने लगे हैं। ये वहां मसीही गीत गाकर क्रिसमस का स्वागत करते हैं। इस परंपरा को कैरोल सिंगिंग कहते हैं। मयूर विहार में रहने वाले लेखक जोसेफ गाथिया के घर में भी यह टोली आ चुकी है। ऐसी टोलियां सिविल लाइंस, तुर्कमान गेट, सर्चलाइट कॉलोनी और उन जगहों में देखने को मिल जाती हैं जहां ईसाइयों की ठीक-ठाक आबादी है।



विवेक शुक्ला



**लोकप्रिय मसीही गीत ।** अंग्रेजी कैरोल्स में 'साइलेंट नाइट' है। इसके बोल हैं, 'Silent night, holy night / All is calm, all is bright.' यह गीत शांत रात में यीशु के जन्म का वर्णन करता है। इसे दिल्ली की चर्चों में अक्सर गाया जाता है। 1905 में स्थापित होली ट्रिनिटी चर्च, तुर्कमान गेट के पादरी रहे फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि कैरोल सिंगिंग के दौरान 'शांत रात, पुनीत रात/ सब शांत और उज्ज्वल है...' गाया जाता है। 'जिंगल बेल' जैसे सदाबहार गीत तो गाए ही जाते हैं। अन्य लोकप्रिय हिंदी गीत 'बड़ा दिन आया हर साल मनाया/यीशु का जन्म हुआ संसार में आया...' भी गाया जाता है।

**प्राचीन परंपरा ।** इसकी जड़ें ईसाई धर्म की प्राचीन परंपराओं में हैं, जो भारत में ब्रिटिश काल से आईं, लेकिन स्थानीय रंग में ढल गईं। राजधानी में ईसाई समुदाय मुख्य रूप से कैथलिक, प्रोटेस्टेंट, सीरियन और ऑर्थोडॉक्स चर्चों से जुड़ा है। कैरोल सिंगिंग गाने वाली टोलियों को मेजबान अपने घरों में आमंत्रित करते हैं और उन्हें चाय-नाश्ता या क्रिसमस केक परोसते हैं।

**अलग-अलग भाषाओं में गीत ।** दिल्ली में गीत हिंदी और अंग्रेजी दोनों में गाए जाते हैं। कुछ चर्चों में तमिल और मलयालम में भी मसीही गीत गाए जा रहे हैं। राजधानी की सेंट स्टीफंस चर्च में पंजाबी में मसीही गीत शुरू करने की संभावना है। इसका निर्माण सेंट स्टीफंस कॉलेज को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने 1862 में किया था। ये राजधानी की दूसरी सबसे पुरानी चर्च है। पहली सेंट जेम्स चर्च, कश्मीरी गेट है, जो 1836 में बनी थी।

**समावेशी भारत की मिसाल ।** दिल्ली में लोग एक-दूसरे के घर जाकर प्रार्थना करते हैं और उपहार साझा करते हैं। निश्चित रूप से यह परंपरा समावेशी भारत की शानदार मिसाल है। जिन घरों में कैरोल सिंगिंग चल रही होती है, वहां गैर-ईसाई पड़ोसी भी शामिल हो जाते हैं। कुल मिलाकर, दिल्ली में कैरोल सिंगिंग क्रिसमस की आत्मा को जीवंत रखती है।

## बस्तर से नक्सलवाद का अंधेरा हटा

### कॉमन रूम

**बस्तर ने** वर्षों तक माओवाद के आतंक का दंश झेला है। लेकिन अब सुरक्षाबलों के साहस और उनकी दृढ़ रणनीति के चलते यह अंधकार हट रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अनुसार, 'यह जीत हमारे उन प्रयासों का परिणाम है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जनसुरक्षा, पुनर्वास और विकास की रणनीति के तहत किए गए।'



आभा मिश्रा



**उम्मीद की किरण ।** बीते कुछ समय से प्रदेश और आसपास के इलाकों में सैकड़ों नक्सलियों का आत्मसमर्पण, शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी और सुरक्षा उपायों ने स्थानीय जनता का विश्वास बहाल किया है। अब बस्तर के हर गांव में उम्मीद की किरण फैली है। नक्सलियों के पुनर्वास की नीति, नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना और जनसुरक्षा को मजबूत करने के उपायों ने लोगों का विश्वास बढ़ाया है।

**लोकतंत्र की मजबूती ।** मुख्यमंत्री का यह विश्वास कि मार्च 2026 तक भारत पूर्णतः नक्सलमुक्त होगा, केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि ठोस रणनीति और लगातार अभियान का परिणाम प्रतीत होता है। बस्तर में लौट रही यह शांति न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत की खबर है, बल्कि पूरे देश के लिए यह संकेत है कि लंबे संघर्ष के बावजूद लोकतंत्र और शासन की पकड़ मजबूत बनी रहती है। हाल ही में हिडमा के आतंक के अंत के साथ बस्तर में शांति का वसंत लौट रहा है।

**नक्सल उन्मूलन का संकल्प ।** गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 5 अप्रैल, 2025 को दंतेवाड़ा में आयोजित भव्य 'बस्तर पंडुम' समारोह में हिस्सा लेते हुए एक प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी संदेश दिया। बस्तर के पूर्व महाराजा प्रवीर चंद्र भंज देव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने उन्हें 'जल, जंगल, जमीन और संस्कृति' के लिए शहीद करार दिया। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प को भी दोहराया।

**विकास में प्राथमिकता ।** बस्तर अब विकास की नई दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएगा और बाजार एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण पर जोर रहेगा। विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों और महिलाओं को स्वरोजगार और कौशल विकास योजनाओं में प्राथमिकता दी जाएगी।

**स्वरोजगार के प्रावधान ।** स्वरोजगार और उद्योग के लिए आकर्षक प्रावधान किए गए हैं - आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पांच वर्षों तक शुद्ध वेतन का 40 प्रतिशत सब्सिडी, इस्पात उद्योगों के लिए 15 वर्ष तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति और अनुसूचित जाति/जनजाति तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित लोगों के लिए अतिरिक्त 10 प्रतिशत सब्सिडी। नगरनार स्टील प्लांट की सहायक इकाइयों को ध्यान में रखते हुए गांव नियानार में 118 एकड़ पर नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जा रहा है। औद्योगिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन किया गया है।

**खुल रहे नए अस्पताल ।** स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बस्तर विकास के नए आयाम छू रहा है। जगदलपुर में 350 बेड का मल्टी-स्पेशलिटी निजी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहा है, जिसमें 550 करोड़ रुपये का निवेश और 200 रोजगार अवसर सृजित होंगे। इसके अतिरिक्त, दो और मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों की स्थापना से क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा और युवा वर्ग को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**आत्मनिर्भरता की नई लहर ।** बस्तर की यह पहल औद्योगिक और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में रोजगार, विकास और आत्मनिर्भरता की नई लहर लेकर आ रही है। यह क्षेत्र न केवल निवेशकों के लिए आकर्षक बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर और सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण को भी नई दिशा देगा।

*(लेखिका पॉलिसी वॉच इंडिया फाउंडेशन की निदेशक हैं)*

## अहंकार मत करना कि मैंने भगवान के सामने दीप जलाए

**जैन मुनिश्री तरुणसागरजी**

भगवान के सामने दीप जलाओ तो इस बात का अहंकार मत करना कि मैंने दीप जलाया। अरे! तुम क्या दीप जलाओगे? भगवान के समक्ष कुदरती दो दीप तो जलते ही रहते हैं। दिन में सूरज जलता है और रात में चंद्रमा। तुम्हारा दीया, सूरज और चांद का मुकाबला तो नहीं कर सकता ना! फिर अहंकार क्यों? बस इतना ही विचार करना- हे प्रभु! मैं नदी के जल से सागर को पूज रहा हूं, दीप से सूरज की आरती उतार रहा हूं। हे प्रभु! तेरा ही तुझको अर्पण कर रहा हूं।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

श्मशान गांव के बाहर नहीं बल्कि शहर के बीच चौराहे पर होना चाहिए। श्मशान उस जगह होना चाहिए, जहां से आदमी दिन में दस बार गुजरता है ताकि जब-जब वह वहां से गुजरे तो जलती लाशों और अधजले मुर्दों को देखकर उसे भी अपनी मृत्यु का ख्याल आ जाए। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया के 70% पाप और अपराध स्वतः खत्म हो जाएंगे। आज का आदमी भूल गया है कि कल उसे मर जाना है। तुम कहते जरूर हो कि एक दिन सभी को मर जाना है, पर उन मरने वालों में तुम अपने को कहां गिनते हो?

हिंदू और मुसलमान इस देश की दो आंखें हैं और ये दोनों कौमें खूब प्यार और मोहब्बत के साथ सदियों से कंधे से कंधा और कदम-से-कदम मिलाकर रहती आ रही हैं। सांप्रदायिकता इस देश के मिजाज में नहीं है और हो भी कैसे? जब आप Ramzan लिखते हैं तो Ram से शुरुआत करते हैं और जब आप Deewali लिखते हैं तो Ali से समाप्त करते हैं। यों रमजान में बसे राम और दिवाली में छिपे अली हमें मुहब्बत से रहने का पैगाम देते हैं। अगर राम के भक्त और रहीम के बंदे थोड़ी अक्ल से काम लें तो यह मुल्क स्वर्ग से सुंदर है।

### कड़वे प्रवचन

आज विज्ञापन और मार्केटिंग का जमाना है। किसी दुकान का माल कितना ही अच्छा क्यों न हो, यदि उसकी पैकिंग और विज्ञापन आकर्षक न हो तो वह दुकान चलती नहीं। जैन धर्म के पिछड़ेपन का कारण भी यही है। जैन धर्म के सिद्धांत तो अच्छे हैं लेकिन उसकी पैकिंग और मार्केटिंग अच्छी नहीं है। अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर आधारित जैन धर्म 'जन-धर्म' बनने की क्षमता रखता है, लेकिन उसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार न होने के कारण आज वह पिछड़ गया है।

*(साभार : डायमंड बुक्स)*

### रीडर्स मेल

## मज़दूरी भी बढ़े

**17 दिसंबर** का संपादकीय 'राज्यों पर भार' पढ़ा। 2005 में कांग्रेस की सरकार में आई मनरेगा स्कीम को अब केंद्र में मौजूद बीजेपी सरकार विकसित भारत G RAM G के नए नाम से कुछ बदलावों के साथ लाई है। नई स्कीम में सरकार ने इस स्कीम के तहत 100 दिनों के काम को बढ़ाकर 125 दिन तो कर दिया है लेकिन मजदूरी कितनी बढ़ेगी इसका कोई ब्योरा नहीं दिया गया है। मजदूरी भी बढ़ानी चाहिए।

**पैथर तोमर, किशन गंज**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 12-17-2025 22:34 Color:



## फटाफट खबरें

### मेसी के कार्यक्रम में तोड़फोड़ की जांच शुरू



■भाषा, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के सॉल्ट लेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में हुई तोड़फोड़ के मामले की जांच के लिए प्रदेश सरकार की SIT ने बुधवार को काम शुरू कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने स्टेडियम का दौरा किया। इस बीच, पुलिस ने स्टेडियम में हुई तोड़फोड़ के सिलसिले में एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 6 हो गई है।

### इंडिगो से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई से इनकार



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें केंद्र सरकार और इंडिगो एविएशन कंपनी को उन सभी यात्रियों को पूरे टिकट मूल्य का चार गुना मुआवजा देने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था जिनके टिकट नवंबर और दिसंबर के दौरान नयी उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) के लागू होने के बाद रद्द कर दिए गए थे।

# गोवा में लूथरा ब्रदर्स का मेडिकल टेस्ट, 5 दिन की पुलिस रिमांड

■पीटीआई, पणजी

गोवा की एक अदालत ने बुधवार को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले बुधवार सुबह दोनों को दिल्ली से गोवा लाया गया। गोवा में दो बार उनका मेडिकल चेकअप कराया गया।

क्लब में 6 दिसंबर को हुए आग लगने के हादसे में 25 लोगों की मौत के मामले में दोनों पर लापरवाही और गैर इरादतन हत्या का आरोप है।

6 दिसंबर को गोवा के नाइट क्लब में लगी आग ने ले ली थी 25 लोगों की जानें।

गोवा पुलिस की एक टीम लूथरा बंधुओं के साथ सुबह 10.45 बजे उत्तरी गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, मोपा पहुंची। इसके बाद दोनों को पहले सिओलिम के प्राइमरी हेल्थ सेंटर ले जाया गया, जहां उनका मेडिकल चेकअप किया गया। बाद में उन्हें मापुसा के जिला अस्पताल ले जाया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद दोनों को अदालत में पेश किया गया।

अदालत के निर्देश पर उन्हें एक बार फिर मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इसके बाद उन्हें दोबारा जज पूजा सरदेसाई के सामने पेश किया गया, जहां अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया।

PTI



**गिरफ्त में लूथरा बंधु** बुधवार को दोनों को दिल्ली से गोवा लाकर एक अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस को उनकी हिरासत मिली।

### कब क्या हुआ?

- **6 दिसंबर** की रात क्लब में आग से 25 लोगों की जान गई
- **7 दिसंबर** तड़के लूथरा बंधु थाईलैंड भागे, इसके बाद ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी हुआ
- **11 दिसंबर**, दोनों को थाईलैंड में हिरासत में लिया गया
- **16 दिसंबर** को उन्हें भारत प्रत्यर्पित किया गया, दिल्ली की एक अदालत ने दो दिन की ट्रांजिट रिमांड दी
- **17 दिसंबर** को दोनों को दिल्ली से गोवा लाया गया

### गैर इरादतन हत्या जैसे गंभीर आरोप

अरपोरा गांव में हुए अग्निकांड के बाद अंजुना पुलिस ने लूथरा बंधुओं के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। लूथरा बंधुओं को मंगलवार को थाईलैंड से डिपोर्ट किए जाने के बाद दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था। वहां की अदालत ने गोवा पुलिस को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड दी थी। आग लगने की घटना के कुछ ही घंटों बाद 7 दिसंबर की सुबह दोनों भाई थाईलैंड के फुकेट भाग गए थे।

# टैरिफ को दुनियाभर में हथियार बनाया गया, भारत का इरादा ऐसा नहीं: निर्मला

## कहा, MSME सेक्टर सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि टैरिफ को दुनियाभर में हथियार बनाया गया है। हालांकि, भारत का इरादा कभी भी टैरिफ को हथियार बनाने का नहीं था, हमने अपने उद्योगों की रक्षा की है। आज वैश्विक स्तर पर यह साफ हो गया है कि व्यापार न तो निष्पक्ष है और न ही स्वतंत्र। भारत ने अपने उद्योगों को बचाया है लेकिन आज व्यापार के इस हथियार की कोई आलोचना नहीं कर रहा है। किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि अचानक कुछ लोग कह रहे हैं कि वे टैरिफ की बाधाएं लगाएंगे लेकिन उनसे कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है। भारत को इसमें बहुत सावधानी से अपना रास्ता बनाना होगा।

वित्त मंत्री ने 'टाइम्स नेटवर्क इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' में कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) सेक्टर सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों को अपना कारोबार बढ़ाने के लिए बेहतर से बेहतर मौके दिए जाएं, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

इस दौरान, द टाइम्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत जैन ने कहा कि जीडीपी के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती इकॉनमी है। भारत अब वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार है। कई देश जहां आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, भारत की आर्थिक तरक्की एक नई उम्मीद जगाती है।



देश में हर सेक्टर अपनी स्पीड से तेजी से आगे बढ़ रहा है। राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा रहा है। भारत अब परिवर्तन के एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है।
*- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री*

## गडकरी बोले, दिल्ली में प्रदूषण बड़ी समस्या

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के ट्रैफिक जाम और प्रदूषण के बारे में अपने विचार रखे हैं। उन्होंने कहा, बड़े स्तर पर काम किए जा रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के लिए एक लाख 13 हजार करोड़ रुपए के विभिन्न प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। कुछ पूरे हो चुके हैं, कुछ पूरे होने की तरफ है।

गाजीपुर जैसी चार लैंडफिल साइट 2027 तक खत्म हो जाएंगी: मंत्री

दिल्ली के प्रदूषण के बारे में उन्होंने कहा कि मुझे इससे खुद इन्फेक्शन है। मैं दिल्ली में रहता नहीं। जब भी दिल्ली में लैंड करता हूं और एयरपोर्ट पर गेट खुलने के बाद जब मोबाइल फोन ऑन होता है तो मन में बस यही ख्याल आता है कि वापस कब जाऊंगा। दिल्ली में गाजीपुर और भलस्वा जैसी चार लैंडफिल साइट के बारे में उन्होंने कहा कि 2027 तक यह खत्म हो जाएगी। सुबह उठकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के पोस्ट देखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इतना समय खराब नहीं करता।



# जेल कानून, पुलिस नियमों में भेदभाव पर SC में अर्जी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के जेल कानून और पुलिस रेगुलेशन में कथित भेदभावपूर्ण प्रावधानों को निरस्त करने की मांग पर राज्य सरकार से जवाब मांग है। मामला देशभर की जेलों में भेदभाव से जुड़े मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले लिए संज्ञान से जुड़ा है। इसी मामले में एक अंतरिम आवेदन (इंटरलोक्यूटरी एप्लिकेशन) दाखिल कर मध्य प्रदेश के कानूनों को चुनौती दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से जवाब मांगा

यह अंतरिम आवेदन क्रिमिनल जस्टिस ऐंड पुलिस अकाउंटेबिलिटी प्रोजेक्ट (CPA प्रोजेक्ट) की ओर से दायर किया गया है। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला की अगुआई वाली बेंच ने इस आवेदन पर सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश सरकार को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### केंद्र को भी जांच करने को कहा

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सी.यू. सिंह ने कहा कि भले ही इस आवेदन में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के कानूनों को चुनौती दी गई है, लेकिन पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों में भी कैदियों के लिए ऐसे ही भेदभावपूर्ण प्रावधान मौजूद हैं। कोर्ट ने कहा, सभी राज्यों की अलग-अलग सुनवाई में काफी समय लग सकता है। इसलिए अदालत ने भारत सरकार से कहा कि वह इस पूरे मुद्दे की जांच कर जवाब दाखिल करे।

## RG कर रेप केस HC ट्रांसफर

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप और हत्या के मामले को कोलकाता हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया। शीर्ष अदालत 2024 में इस मामले का खुद संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस एम. एम. सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने निर्देश दिया कि मामले से जुड़े सभी दस्तावेज हाई कोर्ट भेजे जाएं। यह भी निर्देश दिया कि मामले की स्टेटस रिपोर्ट की एक कॉपी पीड़िता के माता-पिता को दी जाए।

पिछले वर्ष अस्पताल के सेमिनार रूम में एक ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था।

कोलकाता की एक ट्रेनी डॉक्टर का शव पिछले वर्ष 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में पाया गया था। 20 जनवरी को कोलकाता की एक ट्रायल कोर्ट ने मामले में दोषी संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस अपराध के बाद देशभर में भारी आक्रोश फैल गया था और पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# SC में अर्जी, CoWIN की तर्ज पर हो कैंसर रजिस्ट्री

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: कैंसर को नोटिफाइड रोग घोषित करने की मांग को लेकर AIIMS के पूर्व एचओडी ने सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। CoWIN पोर्टल की तर्ज पर एक केंद्रीकृत, रियल-टाइम डिजिटल कैंसर रजिस्ट्री की मांग की गई है।

अधिसूचित होने पर उस बीमारी की सूचना सरकार को देनी जरूरी होती है।

याचिका में केंद्र और राज्यों को यह भी निर्देश देने की मांग की है कि वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHCs) पर आयु-आधारित समूहों को टारगेट करते हुए कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम तैयार हों। मांग की है कि कैंसर उपचार के लिए अप्रमाणित उपचारों (जैसे गोमूत्र आदि) के संबंध में एक स्पष्ट नीति जारी करने और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए भ्रामक सूचनाओं को नियंत्रित करने के कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं।

FILE



### डेडिकेटेड कैंसर फंड की भी गुजारिश

याचिकाकर्ता ने आग्रह किया है कि एक समर्पित राष्ट्रीय कैंसर देखभाल कोष की स्थापना करने का निर्देश दिया जाए, जिससे उपचार लागत, कैंसर-रोधी दवाओं, निदान उपकरणों और उपशामक देखभाल का समर्थन किया जा सके, और समाज के गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के मरीजों और उनके परिवारों पर वित्तीय बोझ कम किया जा सके।

## महाराष्ट्र के मंत्री के खिलाफ वॉरंट



माणिकराव कोकाटे

■भाषा, मुंबई: नासिक की एक अदालत ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में दो साल की जेल की सजा का सामना कर रहे महाराष्ट्र के मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया। इससे पहले कोकाटे ने 1995 के मामले में अपनी दोषसिद्धि और दो साल की जेल की सजा के खिलाफ बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया था। इस याचिका की सुनवाई शुक्रवार को होगी। उनके वकील ने हाई कोर्ट के सामने दलील दी कि कोकाटे के अपना मंत्री पद गंवाने का खतरा है, और उनकी दोषसिद्धि के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को बरकरार रखने वाले नासिक सेशंस कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है।

धोखाधड़ी केस में जेल की सजा का सामना कर रहे हैं मंत्री

# एल्गार केस: नवलखा को दिल्ली जाने की अनुमति

■NBT रिपोर्ट, मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को भीमा कोरेगांव एल्गार परिषद केस के आरोपी गौतम नवलखा की जमानत शर्तों में ढील दी है। इसके साथ ही शर्तों के साथ कोर्ट ने नवलखा को दिल्ली जाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, उन्हें जरूरत पड़ने पर मुंबई की NIA स्पेशल कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत से छूट मिलने पर ही वे गैर हाजिर हो सकते हैं। हर शनिवार को नवलखा को दिल्ली के स्थानीय पुलिस स्टेशन में हाजरी लगानी होगी। उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। वे अदालत की अनुमति के बिना दिल्ली नहीं छोड़ सकते। आरोप तय होने के दौरान भी उन्हें मुंबई आना होगा।

पिछले दिनों नवलखा ने याचिका दायर कर कहा था कि मुंबई में रहना खर्चीला है इसलिए उन्हें दिल्ली स्थित उनके घर में लौटने की अनुमति दी जाए। दरअसल एनआईए की विशेष अदालत ने नवलखा को बेल देते समय शर्त लगाई थी कि वे अदालत की अनुमति के बिना मुंबई के बाहर नहीं जा सकते हैं। नवलखा ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। बेल मिलने के बाद दो सालों से वह अपने परिवार से अलग मुंबई में रह रहे थे। बेंच ने कहा कि नवलखा को अपनी स्वतंत्रता का अधिकार है लेकिन अभी तक वे स्वतंत्र व्यक्ति नहीं हैं।

अदालत ने मंगलवार को मौखिक रूप से कहा था कि नवलखा के 'देश से फरार होने का खतरा' नहीं है, क्योंकि ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, जब उन्होंने भागने की कोशिश की हो।

FILE



बॉम्बे हाई कोर्ट ने आरोपी की जमानत शर्तों में ढील दी।

## बंगाल में VC नियुक्ति केस की सुनवाई टली

■NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के राज्य-सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में नियमित कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति से जुड़ी एक याचिका की सुनवाई अगले साल जनवरी के लिए टाल दी।

36 यूनिवर्सिटीज के VC की नियुक्ति पर राज्यपाल और CM ऑफिस में लंबा विवाद है

कोर्ट ने राज्यपाल सीवी, आनंद बोस के कार्यालय की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी की दलीलों पर ध्यान दिया। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि इस मामले में सकारात्मक प्रगति हुई है। पश्चिम बंगाल में 36 विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल और सीएम ममता बनर्जी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

# झारखंड में हाथियों का हमला, 5 मौतें

■ भाषा, रामगढ़/रांची

झारखंड में जंगली हाथियों के हमले में दो महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार रात रामगढ़ जिले के सिरका वनक्षेत्र में तीन जबकि रांची के अंगारा में सिद्दू गांव में 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

अधिकारी ने कहा, 42 हाथी रामगढ़, बोकारो के सीमावर्ती क्षेत्रों के जंगलों में घूम रहे हैं

रामगढ़ के संभागीय वन अधिकारी नीतीश कुमार ने कहा, कुछ शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। हाथियों के झुंड की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

कुमार ने कहा कि मंगलवार दोपहर अमित कुमार रजवार (32) वीडियो बनाने और तस्वीरें खींचने आए जंगली हाथियों के एक झुंड के पास गया था, तभी हाथियों ने उसे कुचल दिया।

उन्होंने कहा कि अलग-अलग झुंड में विभाजित लगभग 42 हाथी रामगढ़ और बोकारो जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित जंगलों में घूम रहे हैं। अंगारा थाने के प्रभारी गौतम कुमार रजवार ने कहा कि संचरवा मुंडा नामक एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि महिला समेत दो घायलों का इलाज जारी है।

Social Media



हाथी के हमले की घटना का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

## पिता से झगड़ा कर LOC पार की, पुंछ में जवानों ने पकड़ा

■भाषा, जम्मू : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कथित तौर पर अपने पिता से हुए विवाद के बाद महिला नियंत्रण रेखा (LOC) पार कर जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आ गई। वहां महिला को सेना के जवानों ने हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूछताछ में शहनाज अख्तर ने कहा, वह पीओके के कोटली जिले से है

अधिकारियों ने बताया, मंगलवार को सेना के जवानों ने पीओके के कोटली जिले के गिम्मा इलाके की रहने वाली 35 वर्षीय शहनाज अख्तर को बालाकोट सेक्टर के अग्रिम क्षेत्र डब्बी से गिरफ्तार किया है।

# सूडान में 45 दिन रहा बंधक, वतन लौटकर शख्स बोला- ये नया जीवन

■भाषा, भुवनेश्वर

सूडान में 45 दिनों तक बंधक रहने के बाद ओडिशा के आदर्श बेहेरा (36) बुधवार को देश लौट आए। उनकी देश वापसी पर उनके परिवार और शुभचिंतकों ने खुशी जताई। उनकी सुरक्षित वापसी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि राज्य सरकार ने बेहेरा के लापता होने की सूचना मिलते ही इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया था।

बेहेरा सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के अल-फाशिर शहर से लापता हो गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारतीय सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों की मदद से उनकी रिहाई सुनिश्चित की। रिहाई के बाद लौटने पर बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बेहेरा के परिवार ने उनका स्वागत किया। **'जीवित रहने की उम्मीद नहीं थी':** बेहेरा ने कहा, यह मेरे लिए एक नया जीवन है। सूडान में रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के आतंकवादियों द्वारा अपहरण किए जाने के बाद मुझे जीवित रहने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने मुझे बहुत यातनाएं दीं, कई दिनों तक खाना नहीं दिया, जेल में डाला और जंगल में चलने के लिए मजबूर किया। शुक्र है कि उन्होंने मुझे मारा नहीं। उनके लिए सब कुछ संभव था।



आदर्श बेहेरा (36) के परिवार ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

## देहरादून में पत्रकार की हत्या, FIR

■ भाषा, देहरादून: देहरादून में पत्रकार पंकज मिश्रा की मौत के संबंध में पुलिस ने अमित सहगल नाम के व्यक्ति के खिलाफ हत्या, घर में जबरन घुसने और छापेमारी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सहगल के खिलाफ यह मुकदमा पत्रकार के भाई अरविंद मिश्रा की शिकायत पर दर्ज किया गया।

शिकायत में कहा गया है कि 15 दिसंबर की रात लगभग 10 बजे सहगल कुछ लोगों के साथ एक गिरोह बनाकर पंकज मिश्रा के घर आया और जान से मारने की नीयत से मारपीट की। मारपीट के बाद सहगल ने पंकज का मोबाइल फोन भी छीन लिया। पंकज की पत्नी ने अपने फोन से पुलिस को बताना चाहा तो आरोपियों ने फोन छीन लिया।

# इथेनॉल फैक्ट्री का विरोध जारी, राजस्थान में किसान महापंचायत

■ भाषा, जयपुर

राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में प्रस्तावित इथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में किसानों ने बुधवार को शहर की धान मंडी में महापंचायत की। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के समर्थन से हो रही यह महापंचायत टिब्बी गांव के राठी खेड़ा में इथेनॉल कारखाना लगाए जाने विरोध में की जा रही है। प्रस्तावित कारखाना चंडीगढ़ की एक कंपनी लगा रही है। किसानों का आरोप है कि इससे इलाके में प्रदूषण और भूजल दूषित होगा। इस बीच, वन व पर्यावरण विभाग ने इथेनॉल कारखाने से संभावित प्रदूषण की जांच के लिए समिति बनाई है। समिति अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी।

किसान राठीखेड़ा में प्रस्तावित इथेनॉल फैक्ट्री के लिए एमओयू को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही वे किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने और टिब्बी में हुई झड़पों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग कर रहे हैं। महापंचायत को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की है।

FILE



बेंगलुरु में इलाज की कमी, लोगों की बेरुखी ने ली मैकेनिक की जान

# एंबुलेंस नहीं मिली, पत्नी बाइक से ले जा रही थी, पति की हादसे में मौत

■NBT रिपोर्ट

बेंगलुरु के दक्षिणी इलाके के बालाजी नगर में रहने वाले 34 साल के एक मैकेनिक वेंकटरमनन की मौत एक दर्दनाक घटनाक्रम में हुई में हुई। वेंकटरमनन को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ। मदद न मिलने पर उनकी पत्नी उन्हें बाइक से एक निजी अस्पताल ले गईं। TOI के अनुसार, पहले निजी अस्पताल ने डॉक्टर न होने की बात कहकर इलाज से मना कर दिया। दूसरे अस्पताल में ईसीजी से माइल्ड हार्ट अटैक बताया गया, लेकिन न तो इलाज शुरू हुआ और न ही दूसरे अस्पताल लेकर जाने के लिए एंबुलेंस मुहैया कराई गई। इसके बाद उनकी पत्नी उन्हें दोबारा बाइक से किसी दूसरे अस्पताल लेकर जाने को मजबूर हो गईं। रास्ते में उनका एक्सिडेंट हो गया। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि उनकी पत्नी मदद के लिए हाथ जोड़कर वहां से गुजरती गाड़ियों और लोगों से गुहार लगाती रही, लेकिन कोई उनकी मदद को नहीं रुका। आखिरकार एक कैब ड्राइवर ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां वेंकटरमनन को मृत घोषित कर दिया गया। उनके पीछे उनके परिवार में बेटा, 18 महीने की बेटी और मां हैं। परिवार ने उनकी आंखें दान की हैं।



महिला चीखती रही, किसी ने पति को नहीं पहुंचाया अस्पताल।

# कबड्डी खिलाड़ी की हत्या का संदिग्ध मुठभेड़ में ढेर

■ भाषा, चंडीगढ़: मोहाली में 30 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी की हत्या के एक संदिग्ध को बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने बताया कि पंजाब के तरन तारन जिले के नौशेहरा पन्नुआं के रहने वाले हरपिंदर उर्फ मिड्डू का पुलिस की टीम पीछा कर रही थी। इस दौरान हुई गोलीबारी में वह घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

मोहाली में एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पहुंचे खिलाड़ी को गोली मार दी गई थी।

जांच में पता चला है कि संदिग्ध कई जघन्य अपराधों में शामिल था और उसका आपराधिक इतिहास गंभीर है। मोहाली में एक निजी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी टीम के साथ पहुंचे कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बालाचौरिया को सोमवार को गोली मार दी गई थी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हमलावरों ने .30 बोर की पिस्तौल से गोली चलाने के बाद बाइक से भाग गए। पुलिस ने इससे पहले दिन में हरपिंदर की गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता बताया था और कहा था कि गोलीबारी में घायल होने की वजह से वह अस्पताल में भर्ती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 12-17-2025 23:04 Color:



मुझे नई जिंदगी देने के लिए चेन्नै सुपरकिंग्स का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि चेन्नै सुपरकिंग्स साल 2026 का आईपीएल खिताब जीते। - सरफराज खान, बल्लेबाज



**54**

रन बनाए थे मार्को यानसेन ने 317.64 स्ट्राइक रेट से भारत के खिलाफ साल 2024 में सेंचुरियन में खेले गए टी20I मैच में। यह भारत के खिलाफ टी20I में 25 से ज्यादा रन बनाने वाले किसी बैटर का हाईएस्ट स्ट्राइक रेट का रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. बेन मैडसेन किस देश की नैशनल क्रिकेट टीम के कप्तान बनाए गए हैं?
A) इंग्लैंड B) आयरलैंड C) स्कॉटलैंड D) इटली
2. फुटबॉलर ऐताना बोनमती किस देश की हैं?
A) इंग्लैंड B) वेल्स C) ब्राजील D) स्पेन

**कल के जवाब**
1. A) बेलारूस 2. A) शेन वॉर्न

**लकी WINNER**

1. स्वामी नाथ यादव, बुराड़ी, दिल्ली
2. संगीता पुरिया, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
3. श्रीचंद कुमार, कल्याण, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

**वरुण ने बनाया रेकॉर्ड**
■ **दुबई:** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने बुधवार को जारी ICC मेंस टी20 रैंकिंग्स में करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किए। वरुण ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ लगातार अच्छे प्रदर्शन से रेटिंग अंकों को 818 तक पहुंचाया जो उनकी सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। यह किसी भारतीय बोलर के लिए हाईएस्ट रेटिंग पॉइंट्स का रेकॉर्ड भी है।

**दर्शना-नरूका को गोल्ड**
■ **नई दिल्ली:** अनंतजीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़ ने 68वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में सीनियर स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। राजस्थान की इस जोड़ी ने उत्तर प्रदेश के मैराज अहमद खान और अरीबा खान को 45-43 से हराया। हरियाणा की रेइजा ढिल्लों और ईशान सिंह लिबड़ा की टीम ने ब्रॉन्ज जीता।

**डेनिस ने दिलाई बढ़त**
■ **बेंगलुरु:** डेनिस शापोवालोव ने काइट्स के दक्षिणेश्वर सुरेश को हराकर वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के शुरुआती मैच में हॉक्स को 25-21 से बढ़त दिला दी। कनाडा के शापोवालोव ने चौथा मुकाबला 7-5 से जीता। मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस और सुरेश ने हॉक्स के शापोवालोव और युकी भांबरी को 6-4 से हराया।

**स्क्वैश टीम को सम्मान**
■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश के खेल जगत के लिए यह गर्व का पल है।

गिल फिर हुए चोटिल, टीम इंडिया को आजमाना होगा प्लान-बी

# ओपनिंग में अभिषेक को चाहिए बराबरी का पार्टनर

**भारत Vs साउथ अफ्रीका**
टी20 इंटरनैशनल सीरीज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** खराब फॉर्म से गुजर रहे शुभमन गिल पैर के अंगूठे में लगी चोट के कारण साउथ अफ्रीका के खिलाफ जारी टी20I सीरीज के चौथे मैच से बाहर हो गए। सीरीज का अंतिम मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाना है और इस मुकाबले में भी उनके खेलने की संभावना कम है। गिल इससे पहले कोलकाता में पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गर्दन की चोट के कारण टेस्ट सीरीज और वनडे सीरीज से भी बाहर हो गए थे, जिसके लिए उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था। टी20 इंटरनैशनल सीरीज से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने उन्हें फिट घोषित कर दिया था।

चोट से गिल की वापसी अभी तक प्रभावशाली नहीं रही थी। इस सीरीज में गिल का प्रदर्शन खराब रहा है। उन्होंने शुरुआती दो मैच में 4 और 0 रन बनाए। इसके बाद धर्मशाला में तीसरे मैच में 28 गेंद पर 28 रन की पारी खेली। संजू सैमसन से पहले टीम में उनकी जगह पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। संजू ने पिछले सीजन में तीन शतक लगाए थे। हालांकि, गौतम गंभीर की अगुआई वाले पूरे कोचिंग स्टाफ ने अपने स्टार बैटर गिल का मजबूती से समर्थन किया है। हालांकि, गिल के एक बार फिर चोटिल होने के बाद अब यक्ष सवाल आ गया है कि प्लान-बी क्या होगा।

**अब सिर्फ छह मैच बाकी:** अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले ओपनर अभिषेक शर्मा की बराबरी का पार्टनर ढूंढने के लिए टीम इंडिया के पास अब सिर्फ छह मैच बचे हैं। एक साउथ अफ्रीका के खिलाफ और पांच न्यूजीलैंड के खिलाफ। शुभमन की लय खराब है और यह तय नहीं है कि वह चोट से लौटने पर अपनी लय हासिल कर लेंगे। टी20I फॉर्मेट में जिस तरह के आक्रामक ओपनर की जरूरत होती है, वैसा कुछ गिल ने अब तक नहीं दिखाया है। भारतीय टीम के लिए एक छोर पर अभिषेक तो हैं, लेकिन दूसरे पर शुभमन उनकी बराबरी के पार्टनर नजर नहीं आते। टीम इंडिया ने अपनी बल्लेबाजी में गहराई बढ़ाई है, तो ऐसे में उम्मीद की जाती है कि ओपनर आउट होने के डर को खत्म करके हर गेंद पर जोरदार प्रहार किया जाए। हालांकि, गिल अभी तक इस डर से निकल नहीं पाए हैं।

**संजू की भी बिगड़ गई लय:** शुभमन ने अच्छी तरह से स्थापित संजू सैमसन की जगह ली। संजू सैमसन को बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा के साथ एक प्रभावी साझेदारी बनाने के बावजूद पहले निचले क्रम में धकेल दिया गया और अंततः बाहर कर दिया गया। संजू ने अभिषेक के साथ ओपन करते हुए पिछले साल तीन शतक जड़े थे, लेकिन फिर ऑर्डर में बदलाव करने से उनकी भी लय थोड़ी गड़बड़ हो गई और अब वह इलेवन में भी जगह नहीं बना पा रहे हैं। गिल की जगह ओपन करने के लिए संजू पहले विकल्प हो सकते हैं, लेकिन अब तय नहीं कि वह पहले जैसे कारगर होंगे या नहीं।

**यशस्वी का दावा मजबूत:** फिर टीम यशस्वी जायसवाल को अभिषेक के साथ ओपनर के तौर पर आजमा सकती है। यशस्वी क्रिकेट ओपनर हैं और आईपीएल में वह इस रोल को निभाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से हरियाणा के खिलाफ 50 गेंद पर 101 रन की पारी खेलकर साबित किया कि वह पूरी लय में हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी उन्होंने एक शतकीय पारी खेली थी। उनके पिछले 10 टी20 मैचों पर नजर डालें तो 175 प्लस का स्ट्राइक रेट उन्हें अभिषेक शर्मा के टक्कर का पार्टनर बताता है।

**कुछ अन्य भी है रेस में:** ओपनिंग के लिए केएल राहुल जैसे आजमाए जा चुके प्लेयर के अलावा उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी भी टीम इंडिया के ओपनर की रेस में शामिल है। केएल ने साल 2022 से कोई टी20I मैच नहीं खेला है यानी वह वर्ल्ड कप के प्लान में शामिल नहीं हैं। वैभव इस पोजिशन के लिए अपना दावा लगातार मजबूत कर रहे हैं। फिलहाल वैभव एशिया कप अंडर-19 टी20 टूर्नामेंट में धमाकेदार पारियां खेल रहे हैं। उन्होंने मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 108* रन की पारी खेली थी।



यशस्वी जायसवाल



वैभव सूर्यवंशी




**कोहरे से चौथा टी20 रद्द**

**लखनऊ:** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 इंटरनैशनल सीरीज का चौथा टी20 इंटरनैशनल घने कोहरे के चलते रद्द कर दिया गया। प्रतिकूल मौसम के चलते टॉस भी नहीं हो सका। अंपायरों ने अलग-अलग समय पर छह बार मैदान और पिच का निरीक्षण करने के बाद मैच नहीं कराने का फैसला लिया। सीरीज का आखिरी मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।



शतक का जश्न मनाते एलेक्स कैरी

# कैरी की सेंचुरी, ख्वाजा भी चले

द एशेज

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी (106 रन, 143 बॉल, 8 फोर, 1 सिक्स) के शतक और चोटिल स्टीव स्मिथ की गैरहाजिरी में चौथे नंबर पर उतरे उस्मान ख्वाजा (82 रन, 126 बॉल, 10 फोर) की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के पहले दिन आठ विकेट पर 326 रन बना लिए।

**शुरुआत में लगे झटके:** टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नई ओपनिंग जोड़ी ट्रैविस हेड (10) और जेक वेदराल्ड (18) जल्दी पविलियन लौट गई। इसके बाद जोफ्रा आर्चर ने लंच के बाद लगातार गेंदों पर मार्नस लाबुशेन (19) और कैमरन ग्रीन (0) को आउट कर स्कोर चार विकेट पर 94 रन कर दिया। ऐसे दबाव के हालात में ख्वाजा ने पारी को संभाला। उन्होंने लाबुशेन के साथ 61 रन और फिर कैरी के साथ 91 रन की अहम साझेदारी की। कैरी ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने करियर का तीसरा टेस्ट शतक अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया।

**4** चौथे ऑस्ट्रेलियन विकेटकीपर बैटर बने एलेक्स कैरी एशेज सीरीज में सेंचुरी लगाने वाले। उनसे पहले एडम गिलक्रिस्ट (3 सेंचुरी), ब्रैड हैडिन (3 सेंचुरी) और इयान हीली (1 सेंचुरी) ऐसा कर चुके हैं

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
तीसरा टेस्ट, पहला दिन

**आखिरी वक्त पर इलेवन से बाहर हुए स्मिथ**

पहले दो टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले स्मिथ चोटिल होने के कारण तीसरे टेस्ट की इलेवन से आखिरी वक्त में बाहर हो गए। टीम मैनेजमेंट ने बताया कि स्मिथ का भीतरी कान में 'संभावित वेस्टिबुलर समस्या' के लिए इलाज किया जा रहा था। स्मिथ का लक्ष्य बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) टेस्ट में वापसी करने का है। स्मिथ टॉस से एक घंटे पहले मैदान पर कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड से बात कर रहे थे, तभी उन्हें अंतिम इलेवन से बाहर रखने का फैसला किया गया ताकि वह चक्कर और मतली से उबर सकें।

**ब्रीफ स्कोर**
**ऑस्ट्रेलिया (पहली इनिंग्स):** 83 ओवर्स में 326/8* (एलेक्स कैरी 106 रन, उस्मान ख्वाजा 82 रन, जोफ्रा आर्चर 3/29)

# पेट की तकलीफ, यशस्वी अस्पताल में

■ **एजेंसियां, पुणे:** यशस्वी जायसवाल को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद पेट में तेज दर्द की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें पुणे के आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन समेत जरूरी जांच की गई। डॉक्टरों ने फिलहाल उन्हें आराम करने की सलाह दी है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। यशस्वी पूरे मैच के दौरान पेट दर्द से जूझते रहे थे, जो मुकाबले के बाद बढ़ गया। उन्हें एक्यूट गैस्ट्रोएंटेराइटिस, आम भाषा में स्टमक फ्लू, का सामना करना पड़ा था। हालांकि, BCCI ने अभी तक उनकी फिटनेस को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन जल्द ही स्पष्टता आने की उम्मीद है। यशस्वी मुंबई की ओर से खेल रहे थे।

**इटली की कमान मैडसेन को**
**रोम:** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अनुभवी बैटर बेन मैडसेन को कप्तान नियुक्त किया है। मैडसेन के सामने वर्ल्ड कप जैसे बड़े मंच पर टीम को संतुलित और प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की चुनौती होगी। इटली को पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई कराने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बैटर जो बर्न्स को टीम में जगह नहीं मिली है। महासंघ ने बयान में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में उपलब्धता को लेकर बातचीत के बावजूद पूर्ण सहमति नहीं बन पाई।

**क्रिकेट कनेक्ट**



सचिन तेंडुलकर ने टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड विमिंस क्रिकेट टीम से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान चुनौतियों से पार पाने तथा देश का नाम रोशन करने के लिए उनके जज्बे की तारीफ की।

**श्रीलंका टीम से जुड़े श्रीधर**
**कोलंबो:** श्रीलंका क्रिकेट ने भारत के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर को ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के समापन तक नैशनल टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। श्रीधर का कार्यकाल 11 दिसंबर 2025 से 10 मार्च 2026 तक रहेगा।

# CWG 2030 से होगा भारतीय ऐथलेटिक्स को फायदा: सेबेस्टियन

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** वर्ल्ड ऐथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को ने भारत को बेहद क्षमता वाला बाजार करार देते हुए कहा कि 2030 में अहमदाबाद में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स (CWG) देश में ट्रैक ऐंड फील्ड इवेंट्स को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। को ने यह टिप्पणी इस बात की पुष्टि करते हुए की कि ग्लासगो में 2026 में होने वाले CWG के कार्यक्रम में शामिल मिक्स्ड 4X400 मीटर रिले और मील दौड़ 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स का हिस्सा भी बने रहेंगे।

**यह है अहम बाजार:** ओलिंपिक्स में 1980 और 1984 में गोल्ड मेडल जीतने वाले को ने बुधवार को एक वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि 2030 के CWG भारत में ट्रैक ऐंड फील्ड स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, 'भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। इसमें अपार संभावनाएं हैं। नीरज चोपड़ा के कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शनों के कारण भारत में ट्रैक ऐंड फील्ड की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस तरह के तेजी से बढ़ते बाजार में प्रतियोगिताओं का आयोजन करना वास्तव में महत्वपूर्ण है। हमने भारतीय महासंघ और कुछ व्यावसायिक भागीदारों के साथ भी इस पर लंबी चर्चा की है।' को ने कहा, '2030 में होने वाले CWG निश्चित रूप से खासकर ट्रैक खेलों को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे।' उन्होंने कहा कि वर्ल्ड ऐथलेटिक्स भारत में और अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का इच्छुक है।

**दिग्गज की राय**



वर्ल्ड ऐथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को

# वापसी कर रहे गुरु आनंद से गुकेश का होगा सामना

■ **पीटीआई, कोलकाता:** यह एक गुरु और उनके शिष्य के बीच एक जबर्दस्त मुकाबला होगा जब पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद छह साल बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले में वापसी करेंगे। वह सात से 11 जनवरी तक यहां सातवें टाटा स्टील चेस में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश और अपने दूसरे पूर्व शिष्यों का सामना करेंगे। पिछली बार 2019 में टूर्नामेंट खेलने वाले आनंद भारतीय सितारों की नई पीढ़ी के खिलाफ वापसी करेंगे जिसमें गुकेश सबसे आगे हैं। आनंद ने अपनी चेस अकैडमी में गुकेश का मार्गदर्शन किया है।

**टाटा स्टील चेस**



विश्वनाथन आनंद

# 'जैसे-जैसे बोली बढ़ी, मैं रोने लगा...'

■ **एजेंसियां, मुंबई:** चेन्नै सुपरकिंग्स द्वारा IPL की मिनी नीलामी में 14.20 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद 19 वर्षीय कार्तिक शर्मा भावुक होकर रो पड़े। कार्तिक IPL इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे अधिक कीमत पाने वाले अनकैप्ड (जिन्होंने इंटरनैशनल मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ी बन गए। राजस्थान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने चेन्नै से जुड़ने के बाद कहा, 'जब बोली शुरू हुई तो मुझे डर था कि कहीं मैं चूक न जाऊं। लेकिन जैसे-जैसे बोली बढ़ती गई, मैं रोने लगा। बोली समाप्त होने के बाद मैं आंसू नहीं रोक पाया। मैं भावनाओं और खुशी से अभिभूत था।' कार्तिक के पिता मनोज शर्मा ने कहा, 'मैं खुद एक क्रिकेटर रहा हूं। मैंने सोचा था कि अपनी संतान को क्रिकेटर बनाऊंगा।'

**IPL रिऐक्शंस**



चेन्नै सुपरकिंग्स से जुड़े कार्तिक

**होल्डर पर थी निगाहें: पार्थिव**

IPL 2026 ऑक्शन में गुजरात टाइटंस की रणनीति एक बार फिर चर्चा में रही। टीम ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर सहित तीन पेसर्स को अपने साथ जोड़ा। टीम के बैटिंग कोच पार्थिव पटेल ने बताया कि होल्डर पिछले डेढ़ साल से उनके रेडार पर थे। पार्थिव के अनुसार, 'होल्डर का अनुभव और टी20 में निरंतर प्रदर्शन उन्हें खास बनाता है। तीन सौ से ज्यादा टी20 का अनुभव रखने वाले होल्डर बल्ले और गेंद से उपयोगी योगदान देते हैं।'

# भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल: मेसी



वंतारा में कार्यक्रम में हिस्सा लेते मेसी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत के मैराथन दौरे के बाद दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने सोशल मीडिया पर एक विडियो डालकर यहां मिले प्यार को लेकर आभार जताया है। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई है कि भारत का फुटबॉल में भविष्य उज्ज्वल होगा। इस 38 वर्षीय फुटबॉलर ने इंस्टाग्राम पर दौरे का एक मिनट का क्लिप पोस्ट किया, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंडुलकर भी दिख रहे हैं। मेसी ने लिखा, 'पूरे दौरे के दौरान आपने जिस गर्मजोशी से स्वागत, उदार आतिथ्य सत्कार और प्रेम भाव दिखाया उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुझे उम्मीद है कि भारत में फुटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है।' मेसी ने दिल्ली में अपने दौरे के अंतिम चरण में कहा, 'हम इस प्यार को अपने साथ लेकर जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम निश्चित तौर पर लौटेंगे।'

**फैंस का आभार जताया**

# सात्विक-चिराग ने की दमदार शुरुआत

■ **एजेंसियां, हांगझोऊ:** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी ने BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स के ग्रुप-बी के अपने पहले मैच में लियांग वेइ केंग और वैंग चैंग की चीन की जोड़ी को हराकर अभियान की शुरुआत की। सात्विक और चिराग की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने पहला गेम गंवाने और मैच पॉइंट बचाने के बाद जोरदार वापसी की और मैच 12-21, 22-20, 21-14 से जीता। भारतीय जोड़ी अगले मैच में फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहीबुल फिकरी की जोड़ी से भिड़ेगी।

**BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स**

# डोप टेस्ट के ताज़ा आंकड़े भारत के लिए चिंताजनक

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारत की डोपिंग की समस्याओं का कोई अंत नहीं दिख रहा है क्योंकि वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) की 2024 के टेस्ट आंकड़ों की रिपोर्ट के अनुसार जिन देशों ने पांच हजार या इससे अधिक टेस्ट किए हैं उनमें भारत में सबसे अधिक उल्लंघन के मामले पाए गए हैं। WADA की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने पिछले साल 7,113 टेस्ट (6,576 मूत्र के नमूने और 537 रक्त के नमूने) किए, जिसमें 260 प्रतिकूल नतीजे आए जो 3.6 प्रतिशत की पॉजिटिव दर है। यह सभी प्रमुख देशों में सबसे अधिक है। नैशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने कहा, 'यह बताना जरूरी है कि ये आंकड़े डोपिंग के मामलों में बढ़ोतरी के बजाय भारत के कड़े डोपिंग रोधी प्रयासों का सीधा नतीजा है।'



# डेम्बेले, बोनमती चुने गए साल के बेस्ट फुटबॉलर

■ **एपी, दोहा:** उस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमती को फीफा अवॉर्ड्स में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में 2025 का बेस्ट फुटबॉलर चुना गया। डेम्बेले ने पेरिस सेंट जर्मेन को उसके पहले चैंपियंस लीग खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई। बोनमती ने इस वर्ष स्पेन और बार्सिलोना की तरफ से शानदार खेल दिखाया था। फीफा अवॉर्ड्स के लिए दुनिया भर के राष्ट्रीय टीम के कप्तान, कोच, मीडिया और फैंस वोट करते हैं। यूरोप के दो कोच को बेस्ट चुना गया। महिला वर्ग में सरीना विगमैन शामिल हैं, जिन्होंने इंग्लैंड को लगातार दूसरी बार यूरोपियन खिताब दिलाने में रोल निभाया।

**फीफा अवॉर्ड्स**



ऐताना बोनमती

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज के दिन आपको कारोबार में सफलता मिलेगी और भाग्य में साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खुशियां मनाएंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करेंगे। निजी संबंध अनुकूल रहेंगे। पारिवारिक रिश्तों को आप अच्छी तरह निभाएंगे। अपनी भावनाओं को सलीके से अभिव्यक्त करना महत्वपूर्ण है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। विशेष साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधों के मामले में स्थितियां वैसी अनुकूल साबित नहीं होंगी। एक नया मित्र आपके प्रति आकर्षित होगा लेकिन वह अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त नहीं कर सकेगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
निजी संबंधों के मामले में आपको मतभेद का सामना करना पड़ सकता है। जब आपको जरूरत होगी तब आपको परिवार के सदस्यों और दोस्तों से मदद नहीं मिलेगी। इस कारण आप निराश हो सकते हैं। पिछली के तरह अनुभवों से सबक लेकर आज के दिन आगे बढ़ना बेहतर रहेगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
युवाओं सक्रिय ऊर्जावान महसूस करेंगे। परिवार के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पूरी कोशिश के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला लेने वाली है। जीवनसाथी की ओर से आज के दिन आपको पर्याप्त सहयोग मिलेगा। मूड को ठीक करने की कोशिश करें।

**LEO** 23 July - 22 Aug
अगर आप दूसरों से बहुत ज्यादा अपेक्षा और उम्मीदें रखते हैं, तो इस तरह की सोच से उबरें, अन्यथा आपको संघर्ष करना पड़ेगा। व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको विवेक से काम लेना होगा। जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें। शिखर पर पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास करें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आपके आसपास तेजी से बदलाव हो रहे हैं। आज के दिन आपके लिए नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। विचारों को खुलकर अभिव्यक्त करने का भी वक्त आ गया है। दूसरों को माफ करना भी सीखें। फैसले लेते वक्त दिल की पुकार को सुनें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। हो सके तो आज किसी मित्र से भविष्य के प्रोजेक्ट पर चर्चा करें। आज आप जैसे ही अपना व्यावसायिक कार्य को पूरा करेंगे, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे। नए अवसरों को सामना करने के लिए तैयार रहें। कई संभावनाएं हैं, जिन्हें आपको तलाशना है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
निजी व व्यावसायिक मामले में उत्तेजित होकर साहस का परिचय देंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों का सामना करेंगे और उनका समाधान निकालकर ही दम लेंगे। प्रेम प्रसंग के कारण आपका मूड खुशनुमा रहेगा। ऐसे लोगों से सावधान रहें, जो विश्वासघात हैं। सत्य के प्रति ईमानदार रहें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
अगर नकारात्मक विचारों को दूर करने की कोशिश नहीं की गई तो फिर भावनात्मक रूप से दुखी होंगे। मिथुन राशि का व्यक्ति आपके जीवन में प्रसन्नता लेकर आएगा। निजी संबंधों के मामले में आप फिलहाल जल्दी न करें, तो बेहतर रहेगा। आज के दिन बेहतर होगा कि आप अंतर्मन की पुकार सुनें।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। आज के दिन अत्यधिक भावुकता से बचें और जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें। अतीत के बोझ को न ढोएं। खान-पान और काम के मामले में अधिक सावधानी बरतें। निजी संबंधों पर भावना हावी रहेगी। पुराने तरीकों को छोड़ने का वक्त आ चुका है।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। आंतरिक और बाहरी बदलावों की प्रक्रिया से गुजरेंगे। जीवन के हर क्षेत्र में आप बदलाव करने के लिए तैयार हैं। मकर राशि का व्यक्ति जीवन में उम्मीद की किरण लेकर सामने आएगा। अध्यात्म के प्रति रुझान बढ़ेगा और साक्षात्कार तक कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज के दिन निजी व व्यावसायिक मामलों को आप रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे। अभिभावकों और उम्रदराज लोगों को आपके सहयोग की दरकार है। निजी संबंधों और पारिवारिक स्थितियों के मामले में बौद्धिक रवैया अख्तियार न करें। कोर्ट-कचहरी के मामले में आज कुछ भागदौड़ी बढ़ सकती है। ऐसे में अपने खान-पान का भी अच्छा ध्यान रखें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष शनि और देवगुरु बृहस्पति के प्रभाव में रहेगा। राहु बीच-बीच में आपको छोटी-छोटी बातों पर उत्तेजित करता रहेगा। अपने धैर्य को बनाए रखें। 19 दिसंबर से 30 जनवरी 2026 तक आयात-निर्यात से जुड़े लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ध्यान रहे कि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। फरवरी के महीने में बारबार अच्छे अवसरों से समृद्धि बढ़ेगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल-मई के अंत तक में शिथिलता के साथ-साथ सभी बचे हुए प्रश्न उभरकर सामने आएंगे। इस दौरान आपके स्वास्थ्य में सुधार होगा और ऊर्जावान भी महसूस करने लगेंगे। जून महीने की शुरुआत से लेकर जुलाई माह के अंत तक में आर्थिक संकट दूर करेंगे, तो वहीं खुशी और परिवार में विवाह आदि मंगल कार्यों की योजना बनेगी। अगस्त से सितंबर तक बड़ी मात्रा में धनागम के साथ-साथ व्यय भी होगा। अक्टूबर से नवंबर अंत तक किसी भाग्यकारक क्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। दिसंबर तक आपके कार्यकौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के काम सरल हो जाएंगे। महिलाओं के लिए आने वाला यह वर्ष उनके जीवन स्तर को बढ़ाने वाला होगा। सभी विद्यार्थियों को उच्च कोटि की सफलता कारक है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 28, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, अमावस्या, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 5, जमादि उस्सानि 27, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 19 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल प्रातः 10 बजकर 30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक। अमावस्या तिथि अगले दिन सूर्योदय तक। ज्येष्ठा नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 51 मिनट तक उपरांत मूल नक्षत्र का आरंभ। शूल योग अपराह्न 3 बजकर 47 मिनट तक उपरांत गण्ड योग का आरंभ। चतुष्पद करण सायंकाल 6 बजकर 8 मिनट तक उपरांत किंस्तुघ्न करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - शिवरात्रि, भद्रा 15:43 तक।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| 7 | | 3 | | | | 8 | | 1 |
| | | 4 | 9 | | 7 | 6 | | |
| | 8 | 7 | | 5 | | 9 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 9 | 5 | | 8 | | 3 | 1 | |
| | | 1 | 8 | | 5 | 4 | | |
| 5 | | 6 | | | | 1 | | 9 |
| | | | 1 | 7 | 6 | | | |

## TELEVISION



big magic

09:00 हप्पू हप्पू
10:00 बहुत बुद्धक
11:00 राष्ट्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भाई
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 राष्ट्र के रक्षक
21:00 वीरा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: atul.srivastava Time: 12-17-2025 22:21 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA
THURSDAY, DECEMBER 18, 2025 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE
masala mix



श्रीलीला बोलीं, AI से बनी गलत चीजों का साथ ना दें इंटरनेट पर लोग

## इन 14 फिल्मों से होगा मुकाबला

- बेलेन (अर्जेंटीना)
- द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील)
- इट वाज जस्ट एन एक्सिडेंट (फ्रांस)
- साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी)
- द प्रेसिडेंट्स केक (इराक)
- कोकुहो (जापान)
- ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन)
- सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे)
- फिलिस्तीन 36 (फिलिस्तीन)
- नो अदर चॉइस (साउथ कोरिया)
- सिरात (स्पेन)
- लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड)
- लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान)
- द वॉइस ऑफ हिंद रजाब (ट्यूनीशिया)



फिल्म होमबाउंड का एक दृश्य

# ऑस्कर के और नज़दीक पहुंची फिल्म 'होमबाउंड'



नीरज घेवान की फिल्म होमबाउंड को 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनैशनल फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। एकेडमी ने हाल ही में 12 कैटेगरी में चुनी गई फिल्मों की लिस्ट जारी की। होमबाउंड के ऑस्कर की रेस में एक कदम आगे बढ़ाने पर करण जौहर ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे नहीं पता कि यह कैसे बताऊं कि मैं होमबाउंड के सफर से कितना गौरवान्वित, खुश और उत्साहित हूं। हमारे इतने सारे सपनों को सच करने के लिए नीरज घेवान, आपका धन्यवाद। इस खास फिल्म की पूरी टीम को बहुत सारा प्यार।' इस मौके पर फिल्म की कास्ट जाह्नवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा ने भी खुशी जताई।

### सिलेब्रिटीज़ दे रहे बधाई

फराह खान, जोया अख्तर, गुनीत मोंगा सरीखे कई सितारे भी इस उपलब्धि पर होमबाउंड की टीम को बधाई दे रहे हैं। फराह खान ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अरे वाह। अपने आउटफिट्स तैयार करवा लो।' वहीं जोया अख्तर ने भी लिखा, 'होमबाउंड के पीछे काम करने वाले और होमबाउंड में काम करने वाले मेरे सभी दोस्तों के लिए, यह कमाल है।' गुनीत मोंगा ने नीरज, करण, जाह्नवी को टैग करते हुए लिखा, 'शॉर्टलिस्टेड। टीम को ढेर सारी बधाइयां।'

### अवॉर्ड तक ऐसे पहुंचती है फिल्म

होमबाउंड ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट तो हो गई है लेकिन ऑस्कर जीतने का सफर अभी काफी लंबा है। नॉमिनेशन का प्रोसेस एकेडमी के सदस्यों की वोटिंग से शुरू होता है। इसके बाद एक इंडिपेंडेंट अकाउंटिंग फर्म वोटों की गिनती करके आधिकारिक नॉमिनेशन तय करती है। कुछ कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट फिल्में फाइनल नॉमिनेशन को गाइड करने के लिए पहले ही जारी कर दी जाती हैं। इस साल नॉमिनेशन वोटिंग 12 जनवरी 2026 से 16 जनवरी 2026 तक होगी। आधिकारिक नॉमिनी की घोषणा 22 जनवरी को की जाएगी। फाइनल राउंड में ऑफिशियल नॉमिनी में से विजेताओं को चुनने के लिए सदस्य फिर से वोट करेंगे।

# मेसी के विडियो में दिखे बस करीना और सचिन





@leomessi

महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के GOAT India Tour में सितारों का जमघट लगा हुआ था। शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ जैसे बॉलिवुड स्टार्स इस दौरे का हिस्सा थे, लेकिन जो विडियो मेसी ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया, उसमें करीना कपूर खान और उनके दो बच्चे तैमूर और जे ही नजर आए। विडियो देखकर करीना तो खूब खुश हुईं और उन्होंने अपने सोशल मीडिया में इसे रीपोस्ट भी किया, लेकिन बाकि सितारों के फैंस कुछ खास दिखे। अधिकतर लोग यह उम्मीद कर रहे थे कि कम-से-कम शाहरुख खान और अबराम तो विडियो में नजर आते। इसके अलावा विडियो में सचिन तेंदुलकर और मेसी की मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुई मुलाकात भी शामिल है।

@theshilpashetty



# धोखाधड़ी के सभी आरोप झूठे: शिल्पा

अपने खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों पर शिल्पा शेट्टी ने चुप्पी तोड़ी है। गौरतलब है कि शिल्पा और उनके पति राज कुंद्रा पर 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। दूसरी ओर शिल्पा शेट्टी के बेंगलुरु वाले रेस्तरां पर FIR दर्ज हुई है, तो वहीं मुंबई स्थित रेस्तरां पर भी छापा मारा गया है। अब दोनों ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। शिल्पा ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखा जिसमें दावा किया कि उनके खिलाफ लग रहे सभी आरोप झूठे हैं। उन्होंने लिखा, 'हम इन झूठे और गलत आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं जो फैलाए जा रहे हैं। हमने हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिस पर सुनवाई चल रही है। हम जांच में पूरा सहयोग कर चुके हैं और हमें भरोसा है कि न्याय मिलेगा।' यह पोस्ट राज ने भी हैंडल पर शेयर किया है।

THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### बिकवाली से 120 अंक टूटा सेंसेक्स

NBT रिपोर्ट, मुंबई: विदेशी फंडों की लगातार निकासी के चलते बुधवार को लगातार तीसरे दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 120.21 अंक (0.14%) टूटकर 84,559.65 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 41.55 अंक (0.16%) की गिरावट के साथ 25,818.55 पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 0.85%, मिडकैप इंडेक्स 0.53% गिरकर बंद हुआ। मंगलवार को FIIs ने 2,381.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### हुरुन इंडिया ने जारी की लिस्ट

NBT रिपोर्ट, मुंबई: खुद के दम पर बड़ा बिजनेस खड़ा करने वाले भारतीयों की नई लिस्ट आ गई है। Zomato के दीपिंदर गोयल ने DMart के राधाकिशन दमानी को पीछे छोड़कर नंबर 1 का ताज हासिल कर लिया है। वहीं, इंडिगो एयरलाइन को चलाने वाले राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल देश के टॉप-10 सेल्फ-मेड बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। हुरुन इंडिया ने ये लिस्ट जारी की है।

### HDFC बैंक ने घटाईं ब्याज दरें

NBT रिपोर्ट: SBI के बाद HDFC बैंक ने भी फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर मिलने वाले ब्याज दरों में कटौती कर दी है। ET के मुताबिक, बैंक ने 18 से 21 महीने की FD पर ब्याज दरें घटा दी हैं। नई दरें 17 दिसंबर 2025 से लागू मानी जाएंगी।

### IRCTC ई-वॉलेट से कैश निकासी नहीं

पीटीआई, नई दिल्ली: रेलवे ने साफ किया है कि IRCTC ई-वॉलेट में पड़ा पैसा आप न तो निकाल सकते हैं और न ही किसी और काम में ले सकते हैं। सिर्फ ट्रेन टिकट बुक करने के लिए ही इस्तेमाल किया जा सकता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में यह बात कही। मंत्री ने कहा कि अगर कोई अपना अकाउंट बंद कर देता है, तो बचा पैसा खाते में चला जाएगा।

# NPS पर अब आप ले सकेंगे लोन

## NPS के नियमों में बदलाव, अब 85 साल तक रह सकेंगे

NBT रिपोर्ट, मुंबई : पेंशन फंड रेगुलेटर PFRDA ने नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के नियमों में बड़ा बदलाव कर आम नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी है। अब आप 85 साल की उम्र तक NPS स्कीम में बने रह सकते हैं। सबसे अहम बदलाव ये है कि अब एन्युटी (पेंशन प्लान) खरीदने की सीमा घटाकर 20% कर दी गई है। इसके साथ ही सिस्टमैटिक यूनिट रिडेम्पशन (SUR) की नई सुविधा शुरू की गई है। ये बदलाव सरकारी और नॉन-गवर्नमेंट दोनों तरह के कर्मचारियों और NPS-लाइट के सब्सक्राइबर्स के लिए हैं। आइए जानते हैं इन बड़े बदलावों के बारे में।



**1. अब 85 साल की उम्र तक NPS में रह सकते हैं :** सरकार ने NPS में बने रहने की अधिकतम उम्र 75 साल से बढ़ाकर 85 साल कर दी है। आप 85 साल तक अपना पैसा इन्वेस्ट रख सकते हैं।

**2. पेंशन के लिए सिर्फ 20% पैसा फंसाना होगा :** रिटायरमेंट या कुछ खास शर्तों पर अब प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारी अपने कुल जमा फंड (Corpus) का कम से कम 20% हिस्सा एन्युटी खरीदने में इस्तेमाल कर सकते हैं। पहले नियम यह था कि अगर आपका फंड 5 लाख रुपये से ज्यादा है, तो आपको कम से कम 40% हिस्से से एन्युटी खरीदनी पड़ती थी। आसान शब्दों में, अब आपके हाथ में ज्यादा कैश आ सकेगा।

**3. 8 लाख तक जमा होने पर छूट :** अगर कुल जमा फंड 8 लाख रुपये या उससे कम है, तो आप पूरा पैसा एक बार में निकाल सकते हैं। हालांकि, सरकारी कर्मचारियों के पास यह विकल्प होगा कि वे चाहें तो फंड का 40% एन्युटी में डालें। वहीं, प्राइवेट कर्मचारियों को एन्युटी के लिए फंड का कम से कम 20% इस्तेमाल करना होगा (अगर वे पूरा पैसा नहीं निकालते हैं)।

**4. किस्तों में पैसा निकालने का नया तरीका:** सरकार ने पैसा निकालने का एक नया तरीका पेश किया है जिसे सिस्टमैटिक यूनिट रिडेम्पशन (SUR) कहा जाता है। यह बिल्कुल म्यूचुअल फंड के SWP (सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान) जैसा है। यह सुविधा उन लोगों के लिए है जिनका फंड 8 लाख से 12 लाख रुपये के बीच है। वे 6 लाख रुपये तक एकमुश्त निकाल सकते हैं और बाकी पैसे को SUR के जरिए किस्तों में ले सकते हैं। शर्त यह है कि SUR लेने वाले को कम से कम 6 साल तक किस्तों में पैसा लेना होगा।

**5. अगर फंड 8 से 12 लाख के बीच है तो क्या करें? :** सरकारी कर्मचारियों के पास तीन रास्ते हैं:

- 6 लाख रुपये एकमुश्त निकालें और बाकी पैसे को अगले 6 साल तक SUR (किस्तों) के जरिए लें।
- 6 लाख रुपये नकद लें और बाकी बचे पैसे से पेंशन प्लान खरीद लें।
- अपने रिटायरमेंट फंड का 60% टैक्स-फ्री कैश निकालें और कम से कम 40% से एन्युटी खरीदें।
- प्राइवेट कर्मचारियों के लिए पहले दो रास्ते तो एक जैसे हैं, लेकिन एक फर्क है। वे 80% पैसा कैश निकाल सकते हैं और उन्हें सिर्फ 20% पैसे से एन्युटी खरीदनी होगी।

**6. 60 साल से पहले अब ज्यादा बार पैसा निकाल सकेंगे :** NPS सब्सक्राइबर्स अब 60 साल की उम्र या रिटायरमेंट से पहले अधिकतम 4 बार पैसा निकाल सकेंगे। पहले यह सीमा सिर्फ 3 बार की थी। शर्त यह है कि दो बार पैसा निकालने के बीच कम से कम 4 साल का गैप होना चाहिए।

**7. 60 के बाद पैसा निकालने के नियम** जो लोग 60 साल या रिटायरमेंट के बाद भी NPS में बने रहते हैं, वे भी बीच-बीच में पैसा निकाल सकते हैं। लेकिन इसमें भी दो निकासी के बीच 3 साल का अंतर होना चाहिए। इस ऑप्शन के तहत आप अपने खुद के जमा किए गए पैसे का अधिकतम 25% ही निकाल सकते हैं।

**8. नागरिकता छोड़ने पर :** अगर कोई सब्सक्राइबर भारत की नागरिकता छोड़ देता है, तो वह अपना पूरा जमा पैसा एकमुश्त निकालकर ले जा सकता है।

**9. लापता होने पर परिवार को राहत** अगर कोई NPS सब्सक्राइबर लापता हो जाता है या उसे मृत मान लिया जाता है, तो उसके नॉमिनी या कानूनी वारिस को अंतरिम राहत के तौर पर कुल जमा फंड का 20% तुरंत एकमुश्त दे दिया जाएगा। बाकी बचा 80% पैसा निवेशित रहेगा और कानूनन मृत घोषित होने पर दिया जाएगा।

**10. हर अकाउंट की अलग पहचान:** 'परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट' की जगह 'इंडिविजुअल पेंशन अकाउंट' शब्द का इस्तेमाल किया गया है।

**11. लोन की सुविधा:** अब NPS अकाउंट को गिरवी रखकर बैंक से लोन लिया जा सकता है।

# SEBI ने MF के फीस स्ट्रक्चर में किए बदलाव, होगा फायदा

NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार रेगुलेटर Sebi ने बुधवार को म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलावों को मंजूरी दे दी है। इसका सीधा मकसद है कि निवेशकों का खर्च कम हो और उन्हें साफ-साफ पता चले कि उनका पैसा कहां कट रहा है। सेबी ने एक्सपेंस रेश्यो के नियमों और ब्रोकरेज चार्ज की लिमिट में बदलाव किया है.



सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि अब सरकारी टैक्स जैसे STT (सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स), GST, CTT और स्टैम्प ड्यूटी को म्यूचुअल फंड की खर्च सीमा (Expense Ratio Limit) से अलग रखा जाएगा। अब इसे बेस एक्सपेंस रेश्यो कहा जाएगा। अभी तक सिर्फ मैनेजमेंट फीस पर लगने वाला GST ही लिमिट से ऊपर होता था, बाकी सारे टैक्स लिमिट के अंदर होते थे। अब इसे अलग करने से अगर भविष्य में सरकार टैक्स बढ़ाती या घटाती है, तो उसका सीधा हिसाब रखा जा सकेगा।

सेबी ने म्यूचुअल फंड कंपनियों (AMCs) द्वारा वसूले जाने वाले अतिरिक्त 5 बेसिस पॉइंट के चार्ज को पूरी तरह खत्म कर दिया है। यह चार्ज 2012 में शुरू हुआ था। तब यह 20 bps था। इसे 2018 में घटाकर 5 bps किया गया था। सेबी का कहना है कि यह अस्थायी था, इसलिए अब इसे हटाया जा रहा है ताकि निवेशकों की लागत कम हो।

इतना ही नहीं, ब्रोकरेज चार्ज में भी भारी कटौती की गई है। कैश मार्केट ट्रांजेक्शन के लिए ब्रोकरेज चार्ज 12 bps से घटाकर 6 bps और डेरिवेटिव्स के लिए 5 bps से घटाकर 2 bps कर दिया गया है। रेगुलेटर ने यह भी कहा कि अब फंड के प्रदर्शन के आधार पर फीस वसूलने का विकल्प भी दिया गया है, लेकिन यह कंपनियों की मर्जी पर होगा।

**अहम बदलाव**

- अतिरिक्त चार्ज खत्म: MF द्वारा लिया जाने वाला 5 बेसिस पॉइंट (bps) का अतिरिक्त चार्ज हटा दिया गया है।
- ब्रोकरेज घटी: कैश मार्केट के लिए ब्रोकरेज 12 bps से घटाकर 6 bps और डेरिवेटिव्स के लिए 5 से 2 bps की गई।
- टैक्स अलग: STT, GST और स्टैम्प ड्यूटी अब बेस एक्सपेंस रेश्यो से अलग गिने जाएंगे।

**अखबार में अब विज्ञापन देने की जरूरत नहीं**

सेबी ने कई पुराने नियम बदल दिए हैं। अब फंड हाउस को बदलावों के लिए अखबारों में विज्ञापन देने की जरूरत नहीं होगी, वे इसे ऑनलाइन बता सकते हैं। ट्रस्टी मीटिंग्स की संख्या कम कर दी गई है और सालाना रिपोर्ट अब डिजिटल भेजी जाएगी। सेबी ने कहा, इस सफाई अभियान से नियमों की किताब 44% पतली हो गई है। यह 162 पेज से घटकर 88 पेज की रह गई है। बता दें कि 1963 में शुरू हुआ म्यूचुअल फंड उद्योग आज 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति संभाल रहा है।

# AI PC कंप्यूटर इंडस्ट्री का ट्रंप कार्ड

Brahmansh.Yadav
@timesofindia.com

कम्प्यूटर खरीदने वाले लोगों की तलाश ज्यादातर AI PC पर आकर खत्म हो रही है। चाहे पहला कंप्यूटर खरीदने वाले हों या बड़ी कंपनियां सभी का झुकाव AI PC की ओर है। इस उभरते ट्रेंड से कंप्यूटर इंडस्ट्री में भी ग्रोथ देखने को मिल रही है। इंटरनैशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की तीसरी तिमाही में भारत में 49 लाख पीसी यूनिट्स शिप हुए। यह अब तक का सबसे बड़ा तिमाही रेकॉर्ड है। इस तेजी के पीछे बड़े कारण आर्टिफिशल इंटेलिजेंस सपोर्टेड नोटबुक्स और पीसी की बढ़ती मांग और त्योहारों के सीजन में हुई बिक्री है।

**एआई नोटबुक्स की शिपमेंट में 126.5 प्रतिशत की बढ़त: रिपोर्ट**



AI PC क्यों बन रहा है नया ट्रेंड: AI PC ऐसे कंप्यूटर होते हैं जिनमें डेडिकेटेड एआई चिप NPU (न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट) लगी होती है। इसकी मदद से एआई से जुड़े काम जैसे इमेज प्रोसेसिंग, विडियो एडिटिंग, वॉयस कमांड, ट्रांसक्रिप्शन, रियल-टाइम ट्रांसलेशन और डेटा एनालिसिस डिवाइस पर ही प्रोसेस होते हैं, इंटरनेट या क्लाउड पर निर्भरता कम रहती है। आसुस इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (कमर्शल पीसी और स्मार्टफोन) दिनेश शर्मा ने बताया कि यूजर सिर्फ हार्डवेयर नहीं, बल्कि स्मार्ट एक्सपीरियंस चाहते हैं। एआई पीसी यूजर के रोजमर्रा के काम को आसान और तेज बनाता है। उनके मुताबिक स्टूडेंट्स, प्रोफेशनल्स और छोटे बिजनेस अब ऐसे पीसी चाहते हैं जो आने वाले कई साल के एआई सॉफ्टवेयर और टूल्स के लिए तैयार हों। इसी वजह से लोग अपना पहला पीसी खरीदना हो या पुराने कम्प्यूटर को अपग्रेड करना हो, एआई पीसी को तरजीह दे रहे हैं।

दिनेश शर्मा ने कहा कि एआई पीसी की बढ़ती मांग से कम्प्यूटर इंडस्ट्री में भी तेजी आई है। आने वाले समय में एआई पीसी न सिर्फ प्रीमियम सेगमेंट, बल्कि मिड रेंज पीसी में भी आम होते जाएंगे।

आईडीसी के अनुसार, एआई सपोर्टेड नोटबुक्स की शिपमेंट में 126.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। तीसरी तिमाही 2025 में कंज्यूमर पीसी शिपमेंट 28 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई।

# 'बड़ी गाड़ी' का ट्रेंड अगले साल भी बना रहेगा

**Auto4U**

खालिद अमीन

मिड एसयूवी सेगमेंट में JSW MG ने अपनी नई हेक्टर को अपडेट करके लॉन्च किया है। इसी सेगमेंट में टाटा ने हैरियर और सफारी को नए पेट्रोल इंजन और ज्यादा फीचर्स के साथ पेश किया है, इससे पहले टाटा सिएरा को भी उतार चुकी है। जनवरी की शुरुआत में महिंद्रा की पॉपुलर एसयूवी XUV 700 भी नए अवतार XUV 7XO के रूप में आ रही है।

साल के अंत में यह सारे लॉन्च बता रहे हैं कि साल 2026 में मिड साइज एसयूवी का रुझान लोगों के सर चढ़कर बोलने वाला है। यह एक ऐसा सेगमेंट है जो उन लोगों को फेवरिट बना हुआ है जिनके लिए रोड प्रेजेंस डिसाइडिंग फैक्टर रहता है। यानी 15 से 30 लाख रुपये में फुल साइज एसयूवी का मजा। इंडिया में पिछले कुछ वक्त में ये सेगमेंट तेजी से पॉपुलर हुआ है। इस सेगमेंट में सबसे ताजा लॉन्च एमजी की नई हेक्टर के रूप में हुआ है। इस एसयूवी के बाहरी डिजाइन में बदलाव करके इसे ज्यादा प्रीमियम लुक देने की कोशिश की गई है।



**रोड प्रेजेंस के फैक्टर पर दांव लगा रही हैं कार कंपनियां**

इंटीरियर और फीचर्स को भी अपडेट किया गया है। ये एसयूवी 5, 6 और 7 सीटर के विकल्पों के साथ आती है। पेट्रोल और डीजल इंजन दोनों मिलते हैं। लेकिन ऑटोमैटिक गियरबॉक्स सिर्फ पेट्रोल इंजन के साथ ही मिलता है। कंफर्ट, स्पेस और रोड प्रेजेंस इसके तीन बड़ी यूएसपी मानी जाती है। सिर्फ 12 लाख रुपये की शुरुआती कीमत में इसे लॉन्च करके कंपनी ने सिर्फ अपने सेगमेंट बल्कि क्रेटा, सेल्टॉस, विक्टोरिस, हाइराइडर जैसे एक सेगमेंट नीचे की गाड़ी खरीदने वालों को भी लुभाने की कोशिश की है।

दूसरी तरफ टाटा की नए पेट्रोल इंजन से लैस हैरियर और सफारी भी इसी सेगमेंट के कस्टमर्स के लिए उतारी गई हैं। इनकी कीमतों का ऐलान फिलहाल नहीं किया गया है लेकिन उम्मीद यही है कि कीमत के दम पर ये भी दोनों सेगमेंट में घुसपैठ करने की कोशिश करेंगी। टाटा सिएरा तकनीकी तौर पर इस सेगमेंट का गाड़ी भले ही न हो लेकिन इसके लुक्स और रोड प्रेजेंस पर कंपनी ने काफी फोकस किया है। सबसे ज्यादा हलचल जो गाड़ी मचा सकती है वो है महिंद्रा की XUV 7XO जो पहले भी इस सेगमेंट की लीडर रही है और नए अवतार में भी धमाल मचा सकती है। इसके टीजर्स के बेस पर हम कह सकते हैं कि इसके डिजाइन में काफी बड़े लेवल पर बदलाव किए गए हैं और ये पहले से ज्यादा अग्रेसिव और मॉडर्न लुक के साथ उतरने वाली है। यानी इसकी भी रोड प्रेजेंस जबर्दस्त रहने वाली है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 12-17-2025 22:22 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## आज है अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस

हर साल आज के दिन दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस मनाया जाता है। ये दिन उन लाखों लोगों के योगदान और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को याद करने का मौका है जो अपने घर छोड़कर बेहतर भविष्य, रोजगार की तलाश में दूसरे देशों या शहरों में जाते हैं। UN ने 2000 में इस दिन को मनाने की घोषणा की थी। भारत का एक अलग उत्सव 'प्रवासी भारतीय दिवस' भी है, जो 9 जनवरी को मनाया जाता है।



## भारत के विकास में होगा बड़ा रोल

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों की भूमिका बेहद अहम होगी। प्रवासी भारतीय तकनीक, आधुनिक स्किल और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ जुड़े हैं, जिसका लाभ भारत को मिलेगा। स्टार्टअप्स में उनके निवेश से देश को भारत मिलेगा। वैश्विक स्तर पर भारतीय मूल के लोगों की मौजूदगी से भारत की साख और पहचान मजबूत होगी। आने वाले समय में कई प्रवासी भारत लौटकर काम कर सकते हैं, जिससे ब्रेन ड्रेन की जगह ब्रेन गेन होगा।



AI Image

# ओमान पहुंचे मोदी, FTA पर आज होगी बात

■ पीटीआई, अदीस अबाबा (इथियोपिया)

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे और बुधवार देर शाम वहां से ओमान पहुंच गए। ओमान में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) समेत कई मुद्दों पर गुरुवार को बात होगी। इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने नेशनल पैलेस में मंगलवार को मोदी का औपचारिक स्वागत किया। ईस्ट अफ्रीकी देश के दोनों सदनों को भी बुधवार को मोदी ने संबोधित किया। मोदी को इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' से नवाजा गया। पीएम ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। अबी अहमद ने मोदी की सोच की तारीफ की और कहा कि आज भारत और इथियोपिया के बीच नई और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। मोदी ने X पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें अबी अहमद की ओर से आयोजित आधिकारिक डिनर के दौरान इथियोपियाई गायकों ने 'वंदे मातरम्' का गायन किया।

**इथियोपिया के सर्वोच्च सम्मान से भी मोदी नवाजे गए, PM ने जताया आभार**

मोदी ने इथियोपियाई संसद में कहा कि भारत और इथियोपिया क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और कनेक्टिविटी के मामले में प्राकृतिक साझेदार हैं। इथियोपिया पहुंचे मोदी ने इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह विश्व की 18वीं संसद है जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया। मोदी ने कहा कि शेरों की धरती इथियोपिया में होना अद्भुत अनुभव है। उन्होंने कहा, 'मुझे यहां बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस हो रहा है क्योंकि भारत में मेरा गृह राज्य गुजरात भी शेरों की भूमि है।' मोदी ने कहा, 'दोनों देशों के पूर्वजों ने केवल वस्तुओं का ही नहीं बल्कि विचारों और जीवन-शैली का भी आदान-प्रदान किया है। संसद को संबोधित करने के बाद उनके सम्मान में लंबे समय तक तालियां बजती रहीं।

## कार डिप्लोमेसी — ग्लोबल कूटनीतिक रिश्ते की पहचान बना यह स्टाइल



इथियोपिया के पीएम अबी अहमद खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए।



जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय के साथ मोदी



पूतिन शंघाई सहयोग शिखर सम्मेलन में मोदी को अपनी कार में ले गए थे



बराक ओबामा की कार में मोदी की यह तस्वीर 2014 US दौरे की है

### ओमान एयरपोर्ट पर मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर

■ पीटीआई, नई दिल्ली: मोदी 3 देशों की अपनी 4 दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को इथियोपिया से ओमान पहुंचे। इथियोपिया के पीएम मोदी को एयरपोर्ट तक ले गए और ओमान के लिए रवाना होते समय व्यक्तिगत रूप से विदाई दी। ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचने पर प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया गया। उन्हें एयरपोर्ट पर ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम ने ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैयद शिहाब बिन तारिक अल सईद से भी मुलाकात की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल FTA पर हस्ताक्षर करने के लिए मस्कट पहुंच चुके हैं। भारत ओमान से पेट्रोलियम प्रोडक्ट, यूरिया, प्रोपलीन, एथिलीन पॉलिमर, पेट कोक, जिप्सम, रसायन, लोहा और इस्पात आदि आयात करता है, जबकि निर्यात किए जाने वाले सामानों में खनिज ईंधन, रसायन, बहुमूल्य धातुएं, लोहा, इस्पात, अनाज आदि हैं।

PTI



सैयद शिहाब बिन तारिक के साथ मोदी

### 'ग्लोबल लीडर्स के साथ मोदी की मज़बूत बॉन्डिंग'

Pradeep.Tiwari
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जॉर्डन और इथियोपिया में जिस तरह से व्यक्तिगत स्वागत किया गया है, वैसी तस्वीरें इंटरनेशनल डिप्लोमेसी में बहुत ही कम देखने को मिलती हैं। इससे पहले मोदी का रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के साथ नई दिल्ली में कार का फोटो खूब वायरल हुआ था। मोदी की कार डिप्लोमेसी उनकी अनोखी कूटनीतिक शैली का प्रतीक बन चुकी है। ग्लोबल नेताओं के साथ कार में सफर व्यक्तिगत विश्वास, गर्मजोशी और मजबूत संबंधों की चर्चा को मजबूत कर रही।

इंटरनेशनल मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत ने बताया कि पीएम मोदी का स्टाइल यूनिक है। ग्लोबल लीडर्स के साथ पर्सनल बॉन्ड बनाने की उनकी कोशिश रहती है। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि रिश्तों के मामले में यह एक स्टेप आगे का मामला है। पीएम की कार डिप्लोमेसी का एंगल दिखाता है कि ग्लोबल लीडर्स के साथ मोदी का बॉन्ड सिक्योरिटी की चिंता को भी पीछे छोड़कर आपसी सामंजस्य और घनिष्ठता का अलग मेल है। कार के अंदर 2 देशों के नेताओं के बीच मीटिंग से आगे की यह बात है। एक्सपर्ट कहते हैं कि कार डिप्लोमेसी की शुरुआत अगर देखा जाए तो पीएम मोदी से ही देखने को मिली है। 2014 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ लिमोजिन राइड से शुरू हुई कार डिप्लोमेसी जापान के पूर्व पीएम शिंजो आबे के साथ रोड शो तक पहुंची थी। अब यह नई ऊंचाई पर है। यह कार डिप्लोमेसी अनौपचारिक बातचीत का माध्यम बनकर भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत कर रही है और वैश्विक मंच पर व्यक्तिगत बॉन्डिंग की नई मिसाल पेश कर रही है।



इंटरनेशनल मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत ने कहा, मोदी का यह यूनिक स्टाइल



शिंजो आबे (जापान के तत्कालीन पीएम) के साथ मोदी ने 2017 में गुजरात में किया था



### ट्रंप बोले, वेनेजुएला में सभी बैन तेल



टैंकरों की नाकेबंदी का आदेश दिया है। इस कदम से दक्षिण अमेरिकी देश के नेता निकोलस मादुरो पर दबाव और बढ़ गया है।



### ट्रंप के प्रशासन ने एक और लैटिन अमेरिकी

मादक पदार्थ गिरोह को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया, जिससे उसके सदस्यों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है।

### ऑस्ट्रेलिया सरकार के टीनएजर्स के

के लिए एज लिमिट सेट करने को लेकर दुनिया ने तारीफ की। हाल ही में एक विडियो पर ऑस्ट्रेलिया में बैन लगाया गया।





### फील्ड मार्शल आसिम मुनीर आने वाले हफ्तों

में ट्रंप से मिलने के लिए वॉशिंगटन जा सकते हैं। छह महीनों में यह उनकी तीसरी मुलाकात होगी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# सिक्योरिटी की वजह से ढाका में भारत ने बंद किया वीज़ा केंद्र

## बांग्लादेश की राजधानी में यह भारत का मुख्य केंद्र था

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश की** राजधानी ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (IVAC) ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए बुधवार को अपना कार्यालय बंद कर दिया। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क (JFP) में स्थित IVAC राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं के लिए मुख्य एवं एकीकृत केंद्र है। IVAC ने कहा, 'मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए IVAC JFP ढाका आज दोपहर 2 बजे बंद कर दिया जाएगा। बुधवार को आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित 'अपॉइंटमेंट स्लॉट' वाले सभी आवेदकों के 'अपॉइंटमेंट' बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे।'

**भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब कर चिंताओं से अवगत कराया**

इससे पहले दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब किया और कुछ चरमपंथी तत्वों की ओर से ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा संकट पैदा करने की साजिश के ऐलान को लेकर अपनी गंभीर चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम अंतरिम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह बांग्लादेश में स्थित मिशन और कार्यालयों की अपने कूटनीतिक दायित्वों के अनुरूप सुरक्षा सुनिश्चित करे।' बयान में कहा गया कि उच्चायुक्त को बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को लेकर भारत की गंभीर चिंताओं से अवगत कराया गया।

PTI



ढाका में भारतीय मिशन को धमकी मिलने के बाद सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए

# सिडनी हमले के संदिग्ध पर हत्या के 15 केस

## ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने कहा, आरोपी दोषी पाया गया तो ताउम्र रहेगा जेल में

■ एपी, सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)

**सिडनी के** बॉन्डी बीच में हुई गोलीबारी की घटना के मामले में संदिग्ध बंदूकधारी पर हत्या के 15 आरोप सहित कुल 59 आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 24 साल के आरोपी पर बुधवार को सिडनी के एक अस्पताल में आरोप तय किए गए। उस अस्पताल में आरोपी रविवार को बॉन्डी बीच पर पुलिस की गोलीबारी में घायल होने के बाद से भर्ती है। उसका 50 साल का पिता पुलिस की कार्रवाई में मारा जा चुका है।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध पर गोलीबारी में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के वास्ते हत्या का एक-एक आरोप लगाया गया है और आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने का एक आरोप भी लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक, आतंकी घटना को अंजाम देने का आरोपी नवीद अकरम अगर दोषी पाया गया तो जिंदगी भर सलाखों के पीछे कट सकता है। रविवार को हनुक्का उत्सव के दौरान पिता और पुत्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी जिसमें एक बच्चे सहित 15 लोग मारे गए थे।



सिडनी में बॉन्डी बीच पर मंगलवार को काफी लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे

### आतंकी हमले पर फूटा ट्रंप का गुस्सा

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदियों पर हुए आतंकी हमले की अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कड़ी निंदा की। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया के तमाम देशों को कट्टर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हनुक्का रिसेप्शन में कहा, 'सभी देशों को कट्टर इस्लामिक आतंकवाद की बुरी ताकतों के खिलाफ एक साथ खड़ा होना चाहिए, और हम ऐसा कर रहे हैं।' ऑस्ट्रेलिया की जांच टीम जांच कर रही है कि दोनों आरोपी फिलिपींस किस वजह से गए थे।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. विश्व की 18वीं संसद, जहां पीएम मोदी ने बुधवार को संबोधित किया, वह किस देश की है?
   A. ओमान
   B. जॉर्डन
   C. इथियोपिया
2. सुरक्षा कारणों से किस देश की राजधानी में भारत ने वीजा आवेदन केंद्र बंद किया है?
   A. बांग्लादेश B. पाकिस्तान C. श्रीलंका
3. NPS से गैर सरकारी कर्मचारी कितने पर्सेंट रकम निकाल सकेंगे?
   A. 80% B. 70% C. 20%
4. 98वें अकैडमी अवॉर्ड्स में डायरेक्टर नीरज घायवान की कौन सी फिल्म शॉर्टलिस्ट हुई है?
   A. मसान B. होमबाउंड C. शॉर्ट्स
5. DMRC ने ब्लू लाइन के किस स्टेशन पर मेट्रो म्यूजियम की शुरुआत की है?
   A. वैशाली
   B. लक्ष्मी नगर
   C. सुप्रीम कोर्ट

**कल के जवाब**

A1 A. अब्दुल्ला द्वितीय A2 C. फेंटानिल A3 A. इस्लामिक स्टेट A4 C. BBC A5 B. कैमरन ग्रीन

**लकी विनर्स**

1. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
2. आलोक सक्सेना, गाजियाबाद
3. सुशीला रानी, नई दिल्ली

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

### नेतन्याहू से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



■ पीटीआई, यरुशलम: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात कर प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, संपर्क और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने विश्वास जताया कि भारत-इस्राइल की द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। जयशंकर मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर इस्राइल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से भी मुलाकात की और अपने इस्राइली समकक्ष गिदोन सार तथा अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के साथ वार्ता की। बाद में दिन में उन्होंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की। जयशंकर ने X पर लिखा, 'आज शाम यरुशलम में इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से मुलाकात कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था, कौशल एवं प्रतिभा, संपर्क और सुरक्षा में सहयोग को और गहरा करने पर चर्चा की।'

# सीरिया, माली, साउथ सूडान समेत 20 और देशों पर US का बैन

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मंगलवार को ऐलान किया कि सीरिया, माली, साउथ सूडान समेत 20 और देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाए गए हैं जिसमें फलस्तीनी प्राधिकरण भी शामिल है। अमेरिका की यात्रा करने और वहां प्रवास करने को लेकर इस साल पहले घोषित व्यापक प्रतिबंधों से प्रभावित देशों की संख्या ट्रंप प्रशासन की इस घोषणा के बाद दोगुनी हो जाएगी। ट्रंप प्रशासन ने उन देशों की सूची में 5 अन्य देशों को शामिल किया है जो यात्रा संबंधी पूर्ण प्रतिबंध झेल रहे हैं। इसके अलावा, फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा जारी दस्तावेजों पर यात्रा करने वाले लोगों को भी इस पूर्ण प्रतिबंध के दायरे में लाया गया है, जबकि 15 अन्य देशों पर नयी पाबंदियां लगाई गई हैं।

**इससे पहले 12 देशों के नागरिकों पर अमेरिका ने लगाया था ट्रैवल बैन**

जिन लोगों के पास पहले से वीजा है, जो अमेरिका के वैध स्थायी निवासी हैं, जो राजनयिकों या खिलाड़ियों जैसी कुछ विशेष वीजा श्रेणियों के तहत अमेरिका आते हैं या जिनका अमेरिका में प्रवेश देश के हित में माना जाता है, उन्हें इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है। घोषणा में कहा गया है कि ये बदलाव एक जनवरी से प्रभावी होंगे। जून में ट्रंप ने घोषणा की थी कि 12 देशों के नागरिकों को अमेरिका आने से प्रतिबंधित किया जाएगा।



### रूसी तेल की खरीद पर US में नया बिल

अमेरिकी सीनेटरों के एक समूह ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इसका मकसद उन विदेशी कंपनियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना है जो रूस से तेल खरीदना जारी रखती हैं। अमेरिका का कहना है कि रूस इन पैसों का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करने में करता है। (IANS)

**भारत के खिलाफ**

### पाक ने हवाई क्षेत्र पर बैन बढ़ाया

■ पीटीआई, इस्लामाबाद/लाहौर: पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंध को एक और माह के लिए बढ़ाते हुए 23 जनवरी तक लागू करने का फैसला किया है। पहलगाम हमले के बाद अप्रैल में पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था। भारत ने भी पाकिस्तान पर इसी तरह का प्रतिबंध लगाया है। पिछला विस्तारित प्रतिबंध 24 दिसंबर को समाप्त होने वाला था, बुधवार को इसे 23 जनवरी तक बढ़ा दिया।



### 'AI समिट देशों के लिए बड़ा मौका'

■ पीटीआई, संयुक्त राष्ट्र: इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री **जितिन प्रसाद** ने यहां कहा कि अगले साल की शुरुआत में भारत में होने वाले 'AI इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन में 'ग्लोबल साउथ' के देशों को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) एजेंडे को सक्रियता से आकार देने का अवसर मिलेगा। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है, जो प्रौद्योगिकी और सामाजिक विकास के मामले में कम विकसित माने जाते हैं। ये देश मुख्यतः दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित हैं।



# महाराष्ट्र ATS को 8 साल पहले ISIS के फिलिपींस ठिकानों का मिला था लिंक

■ सुनील मेहरोत्रा, मुंबई

**14 दिसंबर** को ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले में 15 लोगों की मौत हो गई थी और 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। हमले के दिन से ही इस साजिश में आतंकवादी संगठन ISIS का नाम लिया जा रहा, जिसका गढ़ कभी सीरिया, इराक और अफगानिस्तान हुआ करता था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया हमले की जांच में अब ISIS का फिलिपींस कनेक्शन भी सामने आ रहा है। 8 साल पहले महाराष्ट्र एटीएस ने ISIS से जुड़े और आतंकवादी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (ABT) के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों से पूछताछ में उस वक्त पहली बार इस फिलिपींस लिंक का जिक्र आया था और तब यह बात भी सामने आई थी कि ISIS ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को भी अपना नया अड्डा बनाया है। नवभारत टाइम्स (NBT) ने 23 मार्च, 2018 को महाराष्ट्र एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह खबर प्रकाशित भी की थी। ABT को तब ISIS की ही फ्रेंचाइजी ब्रांच माना गया था। महाराष्ट्र एटीएस के एक अधिकारी ने तब नवभारत टाइम्स से बातचीत में यह भी कहा था कि पिछले कुछ वर्षों में जो भी युवक मुंबई से इराक और सीरिया जाते थे, उन्हें मॉनिटर करना हमारे लिए आसान था, पर ISIS के नए ठिकानों ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**ISIS के संगठन से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के बाद हुआ था खुलासा**

**ऑस्ट्रेलिया से फिलिपींस गए थे हमलावर**

File







फिलीपींस, ऑस्ट्रेलिया तक फैला आईएस का जाल

NBT ने 23 मार्च 2018 को पब्लिश की थी यह रिपोर्ट

### कर्नाटक और यूपी से जुड़े थे आतंकी ग्रुप

इंडियन मुजाहिदीन में दो ग्रुप थे, इनमें एक रियाज और इकबाल भटकल का ग्रुप था, जो कर्नाटक से जुड़ा हुआ था। दूसरा ग्रुप था, म्मद साजिद शेख और आतिफ अमीन का, जो यूपी में आजमगढ़ से ताल्लुक रखता था। आतिफ अमीन दिल्ली में बाटला हाउस एनकाउंटर में मारा गया था।

### 4 युवक ISIS में गए थे, एक लौट आया था

ISIS से लिंक में मुंबई और पूरे भारत में लगभग एक दशक पहले तब हड़कंप मच गया था, जब साल, 2014 में कल्याण के चार युवकों, आरिफ माजिद, शाहीन टंकी, फहीद शेख और अमन टंडेल ने देश द्रोह किया था और इस आतंकवादी संगठन को जॉइन कर लिया था। लेकिन इनमें से बाद में आरिफ भारत लौट आया था और बाद में उससे एनआईए ने लंबी पूछताछ की थी। इसके बाद से महाराष्ट्र सहित पूरे देश से कई युवकों द्वारा इस आतंकवादी संगठन में शामिल होने का सिलसिला जारी रहा। ऐसा कहा जाता है कि साल 2008 के बाद इंडियन मुजाहिदीन में जब फूट पड़ी, तो कुछ लोग ISIS में शामिल हो गए थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 12-17-2025 22:53 Color:



# म्यूल बैंक अकाउंट किराये पर देने वाले 8 गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**साइबर क्राइम** पर शिकंजा कसते हुए नॉर्थ जिला पुलिस ने ऑपरेशन CY-HAWK के तहत 2 अलग-अलग कार्रवाई में म्यूल और बैंक अकाउंट सप्लाई करने वाले 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी पूरे देश में बड़े पैमाने पर साइबर ठगी के लिए बैंक अकाउंट और म्यूल अकाउंट मुहैया करा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, ठगी की रकम इन्हीं अकाउंट के जरिए इधर-उधर भेजी जाती थी।

नॉर्थ जिला डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि पहले ऑपरेशन में मलका गंज निवासी सुमन कुमार के साथ वर्क फ्रॉम होम के नाम पर करीब 1 लाख रुपये की ठगी हुई थी। पीड़ित को एक टेलीग्राम चैनल जॉइन कराया गया था। मामले की तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम ने गुरुग्राम और जयपुर में छापेमारी कर हिमांशु शर्मा, अभिजीत लांबा और साहिल जोशी को गिरफ्तार किया। पुलिस इस केस में राहुल और आकाश नाम के दो अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

AI Image



ऑपरेशन CY-HAWK के तहत हुई कार्रवाई, ठगी की रकम इन्हीं अकाउंट से भेजी जाती थी

दूसरा ऑपरेशन NCRP पोर्टल पर दर्ज कई शिकायतों के एनालिसिस के दौरान किया गया। जांच के दौरान SBI की बुराड़ी ब्रांच का एक अकाउंट सामने आया, जो NCRP की 5 अलग-अलग शिकायतों से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने मन्नू, अजय, अनिकेत, गणेश राठी और प्रवीण को गिरफ्तार किया। मन्नू का करीबी अजय म्यूल बैंक अकाउंट ढूंढने, एटीएम और चेक के जरिए पैसे निकालने की व्यवस्था करता था और ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग में ऐक्टिव भूमिका निभाता था।

# जब दो-तीन और बम विस्फोट होंगे, तब आप इस पर फैसला लेंगे?: HC

Prachi.Yadav@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को यूज्ड गाड़ियों की बिक्री और ट्रांसफर को रेगुलेट करने में विफलता पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। पिछले महीने लाल किले के पास हुए विस्फोट का हवाला देते हुए कोर्ट ने सरकार से कहा कि जब दो-तीन और बम विस्फोट होंगे, तब आप इस पर फैसला लेंगे। कोर्ट इस जनहित याचिका पर विचार कर रहा था, जिसमें केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के नियम 55A से 55H के अमल से पैदा होने वाली गंभीर व्यावहारिक, कानूनी और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को उजागर किया गया है। इन नियमों को 22 दिसंबर 2022 को जारी अधिसूचना के माध्यम से लागू किया गया था।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि लाल किले पर हाल ही में हुए बम विस्फोट में भी एक पुरानी कार का इस्तेमाल किया गया था, जिससे यह मुद्दा और भी गंभीर हो जाता है। कोर्ट ने कहा, एक कार चार हाथों से गुजरती है, लेकिन मूल मालिक नहीं बदलता? तो फिर क्या होता है? क्या वह व्यक्ति (मूल मालिक) कसाईखाने चला जाता है? यह क्या है? आप इस तरह की हरकत की अनुमति कैसे दे रहे हैं? जब दो-तीन और बम विस्फोट होंगे, तब आप इस पर फैसला लेंगे।

AI Image



■ HC ने सेकंड हैंड गाड़ियों की बिक्री और ट्रांसफर को रेगुलेट करने में नाकामी के लिए सरकार को फटकार लगाई

कोर्ट ने याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया और चार हफ्तों के भीतर विस्तार से अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई फरवरी 2026 में होगी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि रेगुलेशन में कमियों और प्रक्रिया से जुड़ी बाधाओं के कारण ये नियम व्यावहारिक नहीं साबित हो पा रहे हैं।

याचिका के मुताबिक, भारत में अनुमानित 30,000-40,000 यूज्ड गाड़ियां डीलरों में से केवल कुछ ही अधिकृत डीलर ढांचे के तहत रजिस्टर्ड हैं। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि दिल्ली में एक भी डीलर ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। याचिका में लाल किले के पास हुए हालिया आतंकी हमले का भी जिक्र किया गया है, जिसमें 11 साल पुरानी गाड़ियों, जिसे कई बार बेचा जा चुका था, अभी भी उसके मूल मालिक के नाम पर रजिस्टर्ड था। याचिका एडवोकेट विनय कसाना ने दायर की और उनकी पैरवी एडवोकेट समर बंसल ने की।

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता पानीपत के अंतर्गत एसएसई/ डब्ल्यू सोनीपत खंड में एलसी संख्या 45 और 51 के बदले निर्मित RUB के तहत पहुंच मार्ग, वर्षा जल संचयन, कवर शेड आदि के निर्माण का शेष कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹ 4,56,23,844.30/- |
| धरोहर राशि | ₹ 3,78,100/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होनी चाहिए। नोट: एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/ सीई-I/ सीटी/8/1 दिनांक 31/08/2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधी | 06 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 09.01.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा दिनांक और समय खुलने का समय दिनांक 09.01.2026 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है। | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोट: शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्या: 128-डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/25-26/ डब्ल्यू-1 (MT-34-35) दिनांक: 09.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3905/2025

## बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कहलगांव
राष्ट्रीय स्पर्द्धा निविदा आमंत्रण
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-03SBD/2025-26
(केवल ई-टेंडर पद्धति के अनुसार www.eproc2.bihar.gov.in)

1. कार्य का विवरण :-

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रु० में) | अग्रधन की राशि (लाख रु० में) | परिमाण-विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (केवल ऑनलाइन रीति से भुगतेय) (रु० में) | [illegible] | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1- | [illegible] कटाव निरोधक कार्य (एजेंसी सं०- 242/225/2026 & 242/226/2026) | 524.10 | 10.49 | 10000.00 | 5900.00 | 15.05.2026 |
| 2- | [illegible] पुनर्स्थापन कार्य (एजेंसी सं०- 242/222/2026) | 413.05 | 8.27 | 10000.00 | 5900.00 | 15.05.2026 |
| 3- | [illegible] निरोधक कार्य (एजेंसी सं०- 242/222/2026) | 252.50 | 5.05 | 10000.00 | 3540.00 | 15.05.2026 |

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक - 13.12.2025
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक 23.12.2025 से दिनांक 29.12.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री-बिड मीटिंग का स्थान, समय एवं तिथि : दिनांक-24.12.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, कटिहार (क्षेत्र पूर्णिया) के कार्यालय कक्ष में
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 31.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. निविदादाता का [illegible] : कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कहलगांव मो० नं० 7463883260
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं www.wrd.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कहलगांव

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है

PR. No. 019816 (WRD) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## Department of Mines & Geology
## Directorate of Geology, Government of Jharkhand

**Notice Inviting Quotations (NIQ)**
**Reference No. 09/2025-26 Date: 17.12.2025**

| S. No. | Particulars | Information |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Supply of Vibratory Cup Mill with Accessories. |
| 2. | Contact Person and Address for Communication | Director, Geology; Directorate of Geology, Department of Mines & Geology, Government of Jharkhand; Engineers' Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-834004; E-mail ID: dir-geology@jharkhandmail.gov.in |
| 3. | Cost of NIQ | NIL |
| 4. | Validity of the Rate/Price Offered by the Bidders | 90 days |
| 5. | Tender publication date | 17.12.2025 |
| 6. | Last date of submission of Bids/NIQ | 31.12.2025 till 01:00 PM |
| 7. | Bid/NIQ opening date | 31.12.2025 up to 03:30 PM. |
| 8. | Period of issue of NIQ | 17.12.2025 to 31.12.2025 |
| 9. | Mode of Bid submission | The bid must be submitted through the Speed post/Registered post in a sealed envelope clearly mentioning the NIQ reference number and the subject matter on the sealed envelope. |
| 10. | Address of Bid submission | Directorate of Geology, Engineers' Hostel No-2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand, PIN-834004 |
| 11. | Helpline No. | 8987424878 |

Sd/-
Director, Geology
Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology
Government of Jharkhand

PR.NO.368857 Mines and Geology(25-26):D

# मजदूरों को आर्थिक मदद, BJP ने सराहा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली BJP अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रेखा गुप्ता सरकार द्वारा प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए निर्माण कार्यों पर रोक लगने से परेशान निर्माण मजदूरों को सहायता राशि देने के फैसले का स्वागत किया है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार सड़कों से मलबा हटाने, गड्ढे भरवाने, सड़कों की सघन सफाई करवाने और स्प्रिंकलर आदि के प्रयोग के चलते दिल्ली की प्रदूषण को ठीक करने में जुटी है। वहीं, विपक्ष इसपर राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की बदतर स्थिति के लिए AAP सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल जिम्मेदार है जिसमें सड़कों का रखरखाव नहीं किया गया।

कहा, विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है

# यमुना की सफाई में 32 मशीनें, रोकेंगी सिल्ट और ठोस कचरा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नालों से बहकर यमुना में जाने वाले कीचड़, अनट्रीटेड सिल्ट और कचरे को रोकने के लिए दिल्ली सरकार अब 32 हाई कपैसिटी मशीनें मंगाने का फैसला किया है। बुधवार को दिल्ली सरकार के सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने यमुना की सफाई के प्लान पर चर्चा के लिए अधिकारियों की एक मीटिंग भी बुलाई थी।

फिनलैंड से जो ड्रेजर मशीन मंगाई गई है

उन्होंने कहा कि अलग-अलग नालों से यमुना में रोजाना ही अनुपचारित ठोस कचरा, सिल्ट और कीचड़ जाता है, जिसे रोकना जरूरी है। इन मशीनों से ऐसे कचरे को यमुना में जाने से रोका जाएगा। अभियान की शुरुआत नजफगढ़ ड्रेन से की जाएगी। इसके बाद फेज वाइज दूसरे प्रमुख नालों से कचरे की सफाई इसी तरह से की जाएगी। फिनलैंड से जो ड्रेजर मशीन मंगाई गई है, वह दिसंबर के अंत में दिल्ली आएगी।

## Department of Mines & Geology
## Directorate of Geology, Government of Jharkhand

**Notice Inviting Quotations (NIQ)**
**Reference No. 08/2025-26 Date: 17.12.2025**

| S. No. | Particulars | Information |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Supply of Press Palette Machine. |
| 2. | Contact Person and Address for Communication | Director, Geology; Directorate of Geology, Department of Mines & Geology, Government of Jharkhand; Engineers' Hostel No -2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi -834004; E -mail ID: dir-geology@jharkhandmail.gov.in |
| 3. | Cost of NIQ | NIL |
| 4. | Validity of the Rate/P rice Offered by the Bidders | 90 days |
| 5. | Tender publication date | 17.12.2025 |
| 6. | Last date of submission of Bids/NIQ | 31.12.2025 till 01:00 PM |
| 7. | Bid/NIQ opening date | 31.12.2025 up to 03:30 PM. |
| 8. | Period of issue of NIQ | 17.12.2025 to 31.12.2025 |
| 9. | Mode of Bid submission | The bid must be submitted through the Speed post/Registered post in a sealed envelope clearly mentioning the NIQ reference number and the subject matter on the sealed envelope. |
| 10. | Address of Bid submission | Directorate of Geology, Engineers' Hostel No -2, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand, PIN-834004 |
| 11. | Helpline No. | 8987424878 |

Sd/-
Director, Geology Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 368771 Mines and Geology(25-26)D

# BJP मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस का प्रदर्शन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नैशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य 5 लोगों के खिलाफ ED की चार्जशीट पर कोर्ट द्वारा सुनवाई करने से मना करने के बाद प्रदेश कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोदी-शाह पर बदले की राजनीति का आरोप लगाते हुए BJP मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

देवेन्द्र यादव सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। प्रदर्शनकारियों में काजी निजामुद्दीन, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ अनिल कुमार, पूर्व सांसद रमेश कुमार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, सोशल मीडिया चेयरमैन राहुल शर्मा, डॉ नरेन्द्र नाथ, प्रो किरण वालिया, डॉ योगानन्द शास्त्री, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, कुंवर करण सिंह, भीष्म शर्मा, देवेन्द्र सहरावत आदि शामिल थे।

SPOTLIGHT

# धूल और औद्योगिक उत्सर्जन के विरुद्ध दिल्ली सरकार का अभियान

**दिल्ली सरकार ने राजधानी की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए व्यापक और अनुशासित कार्ययोजना लागू की है। धूल प्रदूषण के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के साथ-साथ, औद्योगिक इकाइयों पर सख्त निगरानी और पीयूसी जांच अभियान के जरिए प्रदूषण के हर स्रोत पर प्रहार किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को कोई छूट नहीं दी जाएगी, ताकि एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।**

## धूल प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली सरकार का व्यापक अभियान



दिल्ली सरकार राजधानी में धूल प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर व्यापक और तकनीक-आधारित अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने सिविल लाइंस स्थित खैबर पास चौक पर रिंग रोड पर चल रहे सड़क धुलाई और सफाई अभियान में स्वयं भाग लेकर इस मुहिम को नई गति दी। मुख्यमंत्री ने सड़क धुलाई, मैकेनिकल स्वीपिंग और ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के जरिये यह संदेश स्पष्ट किया कि प्रदूषण नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के कई कारण हैं—वाहनों का उत्सर्जन, धूल-मिट्टी का उड़ना, खुले में लकड़ी या कचरा जलाना, उद्योगों से निकलने वाला धुआं और पराली। ये सभी मिलकर हवा में प्रदूषण की मोटी परत बनाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार हर मोर्चे पर एक साथ कार्रवाई कर रही है।

धूल नियंत्रण के तहत राजधानी की प्रमुख सड़कों, विशेषकर रिंग रोड पर, नियमित रूप से सड़क धुलाई, पानी का छिड़काव और मैकेनिकल स्वीपिंग की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे भी सार्वजनिक परिवहन, कार-पूलिंग और स्वच्छ विकल्प अपनाकर इस अभियान का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा तभी संभव है जब सरकार और जनता मिलकर जिम्मेदारी निभाएं।

- 536 टीमें धूल नियंत्रण के लिए तैनात
- 388 एंटी-स्मॉग गन से रोजाना ₹5,000 किमी क्षेत्र कवर
- 270 वॉटर स्प्रिंकलर से ₹2,000 किमी सड़कों पर छिड़काव
- रिंग रोड पर ₹200 वाटर-स्प्रिंकलर वाहन प्रतिदिन सक्रिय
- 75 मैकेनिकल रोड स्वीपर से ₹2,600 किमी की दैनिक सफाई



## औद्योगिक प्रदूषण पर प्रहार नियमों की अनदेखी पर नहीं मिलेगी छूट

- 2025 में अब तक 41 लाख से अधिक पीयूसी प्रमाणपत्र जारी
- बिना वैध पीयूसी के 8 लाख से अधिक चालान
- 589 टीमें वाहन प्रदूषण नियंत्रण में तैनात
- अत्यधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों पर विशेष कार्रवाई

दिल्ली सरकार ने इतिहास रचते हुए 50 साल बाद नया ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 पेश किया, जो अगले 30 वर्षों तक राजधानी को बाढ़-मुक्त रखने का रोडमैप तैयार करता है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस ऐतिहासिक योजना का संयुक्त रूप से अनावरण किया है।

57,000 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय से तैयार यह योजना दिल्ली के पूरे 18,958 किमी ड्रेनेज नेटवर्क को कवर करेगी। नजफगढ़, बारापुल्ला और ट्रांस यमुना बेसिनों के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान्स के साथ, इसका लक्ष्य जलभराव को रोकना, सतही जल भंडारण सुधारना और मुख्य स्टॉर्मवॉटर चैनलों को अपग्रेड करना है। इसके अंतर्गत पुराने और क्षतिग्रस्त सीवर नेटवर्क का आधुनिकीकरण और नए जल प्रबंधन समाधान भी शामिल हैं। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। विस्तृत सर्वेक्षण और सटीक इंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से जलभराव के कारणों की पहचान कर दिल्ली को भविष्य-सक्षम बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा।

नई दिल्ली अब केवल राजधानी नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्मार्ट और बाढ़-मुक्त शहर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह ड्रेनेज मास्टर प्लान दिल्लीवासियों के जीवन स्तर में सुधार और शहर के दीर्घकालिक विकास का प्रतीक है।



## दिल्ली सरकार का पीयूसी जांच अभियान: साफ हवा की दिशा में सरकार का अनुशासित कदम

दिल्ली सरकार राजधानी में वाहन-जनित प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त और व्यवस्थित पीयूसी की रोजाना, व्यापक स्तर पर जांच कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि वाहन चालकों में स्वच्छ ईंधन और जिम्मेदार परिवहन के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पीयूसी नियमों के प्रवर्तन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया गया है। बिना वैध पीयूसी प्रमाणपत्र चलने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि सड़कों पर धुआं उत्सर्जित करने वाले वाहनों पर नियंत्रण किया जा सके।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि पीयूसी जांच केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि दिल्ली की हवा को स्वच्छ रखने का एक आवश्यक उपकरण है। विशेष प्रवर्तन टीमें सड़कों पर तैनात हैं, जो न केवल दस्तावेजों की जांच कर रही हैं, बल्कि अत्यधिक धुआं छोड़ने वाले वाहनों पर तुरंत कार्रवाई भी कर रही हैं। ऑटोमैटिक नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और ऑन-ग्राउंड निरीक्षण के माध्यम से निगरानी को और प्रभावी बनाया गया है।




इस अभियान का सकारात्मक प्रभाव दिखने लगा है। पीयूसी अनुपालन बढ़ा है और नागरिकों में यह समझ विकसित हो रही है कि स्वच्छ हवा की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर वाहन चालक की है। दिल्ली सरकार का स्पष्ट संदेश है—नियमों का पालन कीजिए, स्वच्छ ईंधन अपनाइए और राजधानी की हवा को बेहतर बनाने में सहभागी बनिए।

### सरकार ने जारी किए विशेष आदेश

- सभी डीएम को 28 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र और 27 पुनर्विकास
- क्षेत्र का 7 दिन में सर्वे करने के निर्देश
- 65 विशेष टीमें औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण में तैनात
- 1,700 से अधिक निरीक्षण, 800+ इकाइयां चिन्हित
- 9 करोड़ से अधिक का जुर्माना, दर्जनों इकाइयों पर सीलिंग/क्लोजर
- प्रदूषण मानकों का उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर नोटिस और सीलिंग

DIP/Shabdarth/Advertorial/098/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 12-17-2025 22:47 Color:





# हवा बचाने की जंग, आज से सख्त नियम



## 'नो PUC, नो पेट्रोल' पर ऐक्शन में सरकार, जांच केंद्रों पर लंबी कतार

प्रदूषण की रोकथाम के लिए दिल्ली सरकार आज से कुछ सख्त पाबंदियां लागू करने जा रही है। जिनके पास वैलिड PUC नहीं है, उन्हें आज से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। पाबंदी लागू होने से पहले बुधवार को प्रदूषण जांच केंद्रों पर काफी भीड़ देखने को मिली। एनबीटी संवाददाता राजेश सरोहा, राजेश पोद्दार और कात्यायनी उप्रेती ने स्थिति का जायजा लिया :



मूलचंद फ्लाईओवर

### काफी समय से टाल रहे थे लोग

**मूलचंद फ्लाईओवर** के पास प्रदूषण जांच केंद्र पर सुबह से ही कतार रही। दोपहिया के साथ-साथ कारें भी जांच के लिए पहुंचीं। सेंटर ऑपरेटर ने बताया कि आम दिनों की तुलना में बुधवार को काफी ज्यादा रश रहा। कई लोग ऐसे भी आए, जिन्होंने एक-दो साल से पीयूसी नहीं बनवाया था। उनका कहना था कि पेट्रोल न मिलने की सख्ती सही कदम है। कार लेकर पहुंचे राकेश ने बताया कि वह काम लंबे समय से टाल रहा था, लेकिन अब मजबूरी में कराना पड़ा। स्कूटी सवार रागिनी ने कहा कि वह सुबह भी आई थीं, लेकिन भीड़ के कारण लौट गईं।



नरेला इंडस्ट्रियल एरिया

### आधे घंटे से ज्यादा की वेटिंग

**नरेला इंडस्ट्रियल** एरिया के पेट्रोल पंप पर बने पीयूसी सेंटर पर मंगलवार दोपहर तक लंबी कतार लगी रही। छह से ज्यादा बाइक जांच के इंतजार में खड़ी थीं। मुकेश नामक युवक ने बताया कि उन्हें करीब आधा घंटा हो चुका है, लेकिन अभी तक नंबर नहीं आया। सेंटर के कर्मचारियों ने बताया कि सुबह से लगातार लोग पहुंच रहे हैं। वहीं, पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने चिंता जताई कि फिलहाल उनके पास ऐसा कोई सिस्टम नहीं है, जिससे तुरंत यह पता चल सके कि किस वाहन का पीयूसी वैध है या नहीं।



शाहदरा

### कार से ज्यादा टू वीलर वाले

**शाहदरा स्थित** पीयूसी सेंटर पर काम करने वाले निखिल नारंग ने बताया कि सुबह से दोपहर तक करीब 80 दोपहिया वाहन और सिर्फ 5-6 कारें जांच के लिए आईं।

उनका कहना था कि सख्ती होने पर ही लोग, खासकर टू वीलर चालक, प्रदूषण जांच कराने आते हैं। सीलमपुर के पीयूसी सेंटर पर भी यही हाल रहा। यहां के कर्मचारी बृजमोहन ने बताया कि उन्होंने अब तक 45 टू वीलर और सिर्फ कुछ ही कारों के सर्टिफिकेट बनाए हैं।



मयूर विहार पॉकेट-1

### स्लो सर्वर बना परेशानी

**मयूर विहार पॉकेट-1** मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पीयूसी सेंटर पर सर्वर स्लो होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। सेंटर संचालक सतीश ने बताया कि सिस्टम बार-बार स्लो या बंद हो रहा था, जिससे एक गाड़ी की जांच में ज्यादा समय लग रहा है। समाचार अपार्टमेंट स्थित सेंटर पर भी यही स्थिति रही। संचालकों के अनुसार, सरकार के आदेश के बाद पीयूसी सेंटरों पर 15 से 20 प्रतिशत तक भीड़ बढ़ गई है।

कहा, पूरे NCR में लागू करें

## पेट्रोल पंप डीलर्स ने उठाए सवाल



Photos : Agency

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

'नो पीयूसी, नो फ्यूल' को लेकर दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन (DPDA) ने व्यावहारिक और कानूनी आपत्तियां उठाई हैं। एसोसिएशन ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि सिर्फ दिल्ली नहीं, बल्कि पूरे एनसीआर में इसे लागू करने से फायदा होगा। इसमें कानून व्यवस्था का मसला भी है, जिस पर विचार किया जाना चाहिए।

> कहा, कानून-व्यवस्था की समस्या आ सकती है

डीलर्स एसोसिएशन ने कहा कि वे वायु प्रदूषण के खिलाफ सरकार के प्रयासों का पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन केवल दिल्ली में इस नियम को लागू करने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। प्रदूषण सीमाएं नहीं पहचानता और जब तक यह नियम पूरे एनसीआर क्षेत्र में समान रूप से लागू नहीं किया जाता, तब तक इसका प्रभाव सीमित रहेगा। पेट्रोल और डीजल एक आवश्यक वस्तु है और कानून के तहत किसी रिटेल आउटलेट द्वारा इसकी बिक्री से इनकार करना दंडनीय हो सकता है।

एसोसिएशन ने दोहराया कि पेट्रोल पंप किसी भी स्थिति में प्रवर्तन एजेंसी नहीं है। 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम को लागू करने की जिम्मेदारी सक्षम सरकारी अधिकारियों की है, न कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों की। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि इस स्थिति में ईंधन देने से इनकार करने पर कानून-व्यवस्था की समस्या भी आ सकती है।

## 21, 22 दिसंबर को घने कोहरे का येलो अलर्ट, तापमान बढ़ेगा

**■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** इस बार सर्दियों में मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। लोग क्रिसमस से पहले ठंड बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं लेकिन इसके उलट तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने 21 और 22 दिसंबर को मध्यम से घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 21 दिसंबर के बाद अधिकतम तापमान बढ़कर 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

> मौसम रहा साफ, न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी

## आने वाले दिनों में फिर 400 पार जाएगा एक्यूआई

**■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आने वाले दिनों में एक्यूआई फिर 400 के ऊपर जा सकता है। पूर्वानुमान के अनुसार, अगले चार पांच दिनों में हवाएं कमजोर पड़ेंगी और प्रदूषण गंभीर हो सकता है। बहरहाल दो दिनों से प्रदूषण में हवाओं की तेजी की वजह से कमी आई है। हालांकि हवा अब भी बेहद खराब स्तर पर बनी हुई है और यह सांस लेने के लिए सुरक्षित नहीं है। सीपीसीबी के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई 334 रहा।

> इस समय हवाओं की वजह से प्रदूषण के बढ़ने पर लगी है रोक

स्कूलों पर फैसले में दखल नहीं

## पल्यूशन पर आए कई 'सुप्रीम' आदेश

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com



**■ नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कई अहम आदेश जारी किए। कोर्ट ने नर्सरी से क्लास पांच तक के स्कूल अस्थायी रूप से बंद रखने के दिल्ली सरकार के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। साथ ही, MCD को दिल्ली की सीमाओं पर स्थित नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर एक सप्ताह के अंदर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

**■ निर्माण श्रमिकों को राहत देने के निर्देश:** कोर्ट ने कहा कि कंस्ट्रक्शन गतिविधियों पर रोक से जो श्रमिक बेरोजगार हुए हैं, उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करें। ऐसे श्रमिकों का सत्यापन कर उनके खातों में सहायता सीधे ट्रांसफर करें। सुनिश्चित किया जाए कि ट्रांसफर किया पैसा "गायब" न हो।

**■ जाम कम करने के लिए टोल पर फैसला:** सुप्रीम कोर्ट ने NHAI और एमसीडी को निर्देश दिया कि दिल्ली की सीमाओं पर यातायात सुगम बनाने के लिए नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या अन्य स्थान पर शिफ्ट करने पर गंभीरता से विचार हो। टोल प्लाजा पर लगने वाले भारी जाम से उत्सर्जन भी बढ़ता है।

**■ स्कूल बंद रखने के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार:** अदालत ने नर्सरी से कक्षा पांच तक के छात्रों के लिए स्कूल बंद करने के दिल्ली सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि शीतकालीन अवकाश नजदीक है और स्कूलों को बंद करना एक अस्थायी कदम है।

**■ गरीब बच्चों पर असर की दलील:** वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने दलील दी कि स्कूल बंद होने से ज्यादा असर गरीब बच्चों पर पड़ता है, मिड-डे मील से वंचित होना पड़ता है। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने हाइब्रिड शिक्षा की मांग रखी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इससे डिजिटल संसाधन न रखने वाले बच्चों के साथ भेदभाव हो सकता है।

**■ वार्षिक बन चुकी प्रदूषण समस्या:** कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण हर साल दोहराई जाने वाली समस्या बन चुकी है। कोर्ट ने CAQM और एनसीआर की सरकारों से दीर्घकालिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करने को कहा। शहरी गतिशीलता और पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को प्रोत्साहन पर जोर दिया गया।

## प्रशासनिक स्तर पर बदलावों की ज़रूरत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मॉनिटरिंग नेटवर्क** में विस्तार, बढ़ती जागरूकता और बढ़ते वित्तीय आवंटन के बावजूद प्रदूषण लगातार खराब है। जनाग्रह ने इसी विषय पर एक नैशनल राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जिसमें सरकार, शिक्षा जगत, संगठन आदि के 35 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मंच पर सभी ने इस पर सहमति दी कि डेटा की कमी को दूर करने में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन प्रशासन और कार्यान्वयन की कमी को दूर करने की चाल काफी धीमी है। यह अध्ययन नैशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) और पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान के तहत दस लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में प्रदूषण के लिए फंडिंग और उसके रिजल्ट पर आधारित थी। फंड का इस्तेमाल पीएम 10 को कम करने के लिए किया गया।

> नैशनल राउंडटेबल कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट ने की मांग

**क्या कमियां आईं**

- मॉनिटरिंग और रिसर्च बढ़ी है, लेकिन डेटा प्रॉपर नहीं है। न ही डेटा के आधार पर फैसले लिए जा रहे हैं
- वायु प्रदूषण परिवहन, निर्माण, कचरा, उद्योग और एनर्जी कई सेक्टरों से जुड़ा है, लेकिन कोई एक प्राधिकरण इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है

**क्या बदलाव चाहिए**

- शहर, जिला और राज्य स्तर पर संस्थागत क्षमता बढ़ाने और जवाबदेही स्पष्ट करना
- पीएम 10 और पीएम 2.5 से आगे बढ़कर सोर्स आधारित उत्सर्जन पर काम करना
- शहरों को फैसले लेने के लिए अनुकूल उपकरण और प्रभावी का मूल्यांकन

सांसों में जहर का असर, नॉन स्मोकर महिलाओं में भी कैंसर का खतरा

## दिल्ली के पुरुषों में बढ़ रहा लंग्स कैंसर

Rahul.Anand@timesofindia.com

**■ नई दिल्ली :** दिल्ली में पुरुषों के बीच लंग्स कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों में लंग्स कैंसर का ट्रेंड पिछले कुछ सालों से ऊपर जा रहा है। वहीं, दिल्ली की महिलाओं में भी इस बीमारी के केस बढ़ रहे हैं, हालांकि इनकी संख्या अभी सीमित है। डॉक्टरों का कहना है कि पुरुषों में लंग्स कैंसर की एक बड़ी वजह स्मोकिंग है, लेकिन नॉन स्मोकर के मामले में प्रदूषण मुख्य कारण बन रहा है।

कैंसर एक्सपर्ट और सर्जन डॉक्टर अंशुमान कुमार के अनुसार, लंग्स या फूड पाइप कैंसर की सर्जरी के दौरान जब चेस्ट ओपन किया जाता है तो कई मरीजों के लंग्स काले दिखाई देते हैं। एड्रेस चेक करने पर पता चलता है कि ऐसे मरीज अक्सर दिल्ली-एनसीआर के होते हैं, जबकि जिन मरीजों के लंग्स पिंक दिखाई देते हैं, उनका एड्रेस पहाड़ी क्षेत्रों का होता है।



> सर्जरी के दौरान जिनके लंग्स मिले काले, उनका पता दिल्ली-NCR : डॉ. अंशुमान

डॉक्टर अंशुमान के अनुसार, लंग्स का सबसे छोटा हिस्सा एल्वियोली होता है, जहां प्रदूषण के कण जमा हो जाते हैं। इनमें हेवी मेटल्स या कार्बन शामिल हैं और जब कार्बन जमा होता है तो लंग्स का रंग काला दिखने लगता है। डॉक्टर का कहना है कि ऐसा किसी एक-दो मरीज में नहीं, ज्यादातर मरीजों में देखा जा रहा है। स्मोकरों में इसकी वजह स्मोकिंग है, जबकि नॉन स्मोकर मरीजों में प्रदूषण के कारण लंग्स काला दिखता है। यह हमारे रोज के प्रैक्टिस में देखने को मिल रहा है।

डॉक्टर अंशुमान ने बताया कि एक और ट्रेंड सामने आ रहा है कि नॉन स्मोकर महिलाओं में भी लंग्स कैंसर बढ़ रहा है। इनके केस में EGFR नाम का लंग्स रिसेप्टर पॉजिटिव मिल रहा है, जो म्यूटेशन से जुड़ा होता है। यानी महिला स्मोकिंग नहीं करती, लेकिन फिर भी कैंसर हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रदूषण इसकी बड़ी वजह है।

देश के नौ शहरों से तुलना की जाए तो दिल्ली में कैंसर के मामले सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सभा में जानकारी दी है कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में कैंसर की घटनाएं लगातार एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई हैं। वर्ल्ड स्टैंडर्ड पॉपुलेशन के आधार पर तैयार दरों से यह साफ होता है कि राजधानी में कैंसर का बोझ नैशनल औसत के आसपास या उससे अधिक है।

**कैंसर के मामले...**




**प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर**

| शहर | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| दिल्ली | 146.7 | 132.5 |
| पटियाला | 69.6 | 80.7 |
| बेंगलुरु | 127.7 | 151.3 |
| चेन्नै | 125.7 | 138.9 |
| हैदराबाद | 114.7 | 153.8 |
| कोलकाता | 105.5 | 98.6 |
| मुंबई | 108.9 | 114.2 |

## प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों पर कड़ा पहरा

Brijesh.singh@timesofindia.com

**■ नई दिल्ली:** सरकार गुरुवार से दो बड़ी पाबंदियां लागू करने जा रही है। पहला दिल्ली की सीमा में बीएस-6 कैटिगरी से नीचे की गाड़ियों का प्रवेश बंद रहेगा। दूसरा पेट्रोल पंप पर नो पीयूसी, नो फ्यूल की व्यवस्था लागू होगी। इसका सख्ती से पालन करने के लिए सरकार ने अलग-अलग टीमों का गठन किया है। यह टीमें दिल्ली की बॉर्डर, राजधानी की सड़कों से लेकर पेट्रोल पंप तक नजर रखेंगी। 580 पुलिसकर्मी व 37 प्रहार वैन भी दिल्ली बॉर्डर व राजधानी की सड़कों पर तैनात होंगी।

परिवहन विभाग के मुताबिक, एमसीडी के टोल ऑपरेटरों को ऐसी गाड़ियों को बॉर्डर से ही वापस लौटाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग प्रमुख बॉर्डर पॉइंट्स पर टीमें तैनात करेगा और ट्रैफिक पुलिस सभी एंट्री पॉइंट्स पर निगरानी रखेगी। विभाग की कुल 84 टीमें हैं जो 24 घंटे सीमाओं पर काम करेंगी।

हालांकि दिल्ली में सिर्फ सीएनजी और इलेक्ट्रिक वीकल्स पर पाबंदी नहीं रहेगी। इसके अलावा ऐसे कमर्शल वीकल जो जरूरी सामान लेकर आ रहे हैं उनको भी राहत मिलेगी। हालांकि दूसरे राज्यों से आने वाले अंतरराज्यीय बस सेवा जो कि ज्यादातर डीजल बसें हैं, अगर वह बीएस-6 कैटिगरी की नहीं हैं तो उन्हें भी दिल्ली की सीमा से ही लौटाया जाएगा। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि टीमों के अलावा करीब 500 पेट्रोल पंप पर ANPR (Automatic Number Plate Recognition) कैमरे भी लगाए गए हैं। ये कैमरे बिना वैध PUC वाले वीकल्स की पहचान करेंगे।

## प्रदूषण पर नया फरमान, हर कन्फ्यूजन का यहां समाधान

*दिल्ली में हवा को साफ रखने के लिए सरकार आज से नया नियम लागू कर रही है। जिन गाड़ियों के पास वैलिड PUC सर्टिफिकेट नहीं है, उन्हें अब पेट्रोल या डीजल नहीं मिलेगा। इसी को लेकर लोगों में अभी काफी कन्फ्यूजन है। किसे छूट मिलेगी, कैसे बनेगा नया PUC और किन कागजों की जरूरत होगी, इन सभी सवालों के जवाब यहां मौजूद हैं :*

**Q दिल्ली में किन गाड़ियों को आज से एंट्री नहीं मिलेगी?**

दिल्ली में रजिस्टर्ड गाड़ियों (DL नंबर वाली) को छोड़कर दूसरे राज्यों की (UP, HR, UK, RJ, HP आदि सभी) पेट्रोल या डीजल से चलने वाली सिर्फ उन्हीं गाड़ियों को आज से दिल्ली में एंट्री मिलेगी, जिनके इंजन BS-6 कैटिगरी के हैं। ग्रैप-3 लागू रहने तक यह पाबंदी रहेगी।

**Q चेकिंग सिर्फ बॉर्डर पर होगी या दिल्ली के अंदर भी?**

दिल्ली के सभी प्रमुख बॉर्डर्स पर तो चेकिंग होगी ही, साथ ही दिल्ली के अंदर भी प्रमुख सड़कों पर चेकिंग टीमें तैनात रहेंगी। ऐसी गाड़ियों को जगह-जगह रोक कर चेक किया जाएगा और BS-6 से कम कैटिगरी वाली गाड़ियों को जब्त किया जाएगा।

**Q क्या दूसरे राज्यों में रजिस्टर्ड सीएनजी से चलने वाली या इलेक्ट्रिक गाड़ियों की एंट्री भी बैन रहेगी?**

बैन केवल पेट्रोल-डीजल से चलने वाली उन गाड़ियों पर लागू होगा, जो दिल्ली के बाहर किसी अन्य राज्य में रजिस्टर्ड हैं और जिनके इंजन बीएस-6 से कम कैटिगरी के हैं। क्लीन फ्यूल, यानी इलेक्ट्रिक या सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों को नहीं रोका जाएगा।

**Q अगर किसी के पास वैलिड पल्यूशन सर्टिफिकेट है, तब क्या दिल्ली से बाहर रजिस्टर्ड बीएस-4 गाड़ी को एंट्री मिलेगी?**

अगर पल्यूशन सर्टिफिकेट वैलिड है, तब भी दूसरे राज्यों की नंबर प्लेट वाली बीएस-6 से कम कैटिगरी की गाड़ी को दिल्ली में एंट्री की परमिशन नहीं होगी।

**Q अगर पल्यूशन सर्टिफिकेट दिल्ली से बाहर का है, तो क्या उसे वैलिड माना जाएगा?**

पीयूसी देशभर में मान्य है। अगर आपके पास किसी अन्य राज्य की अथॉरिटी द्वारा जारी वैलिड PUC है, जिसकी वैधता या समय सीमा अभी खत्म नहीं हुई, तो फिर आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको पेट्रोल-डीजल मिलेगा।

**Q अगर किसी की बीएस-4 इंजन वाली यूपी नंबर की गाड़ी पहले से दिल्ली में है, तो क्या उसे चला सकते हैं?**

आपकी गाड़ी चाहे पहले से दिल्ली में हो या आप कहीं बाहर से दिल्ली में आ रहे हों, अगर गाड़ी पर दिल्ली का रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है और गाड़ी बीएस-6 कैटिगरी की नहीं है, तो एक्शन होगा।



**Q अगर पल्यूशन सर्टिफिकेट की समय सीमा खत्म हो गई है, तो क्या नया बनवा कर पेट्रोल-डीजल मिलेगा?**

अगर आपके पास वैलिड पीयूसी नहीं है, तो आप पहले किसी प्रदूषण जांच केंद्र पर जाकर अपनी गाड़ी की जांच करा सकते हैं और नया सर्टिफिकेट जारी होने के बाद पेट्रोल ले सकते हैं। हालांकि, रास्ते में कहीं चेकिंग में पकड़े गए, तो बिना वैध पीयूसी के गाड़ी चलाने पर 10 हजार रुपये का चालान कटेगा।

**Q कंस्ट्रक्शन मटीरियल अगर दिल्ली में ही एक जगह से दूसरी जगह ले जाना हो, तो क्या उसे ले जा सकते हैं? गाड़ी कवर्ड हो, क्या तब भी एक्शन होगा?**

कंस्ट्रक्शन मटीरियल की ढुलाई पर अगले आदेश तक पूरी तरह रोक है। आप चाहे कहीं बाहर से कंस्ट्रक्शन मटीरियल दिल्ली में ला रहे हों या दिल्ली में ही किसी एक जगह से दूसरी जगह ले जा रहे हों, चेकिंग में पकड़े जाने पर गाड़ी जब्त होगी और भारी फाइन भी लगेगा। भले ही गाड़ी पूरी तरह कवर्ड हो।

**Q मेरी गाड़ी HR नंबर की है, जिसका इंजन BS-4 कैटिगरी का है। मैं अभी किसी काम से दिल्ली से बाहर गया हुआ हूं। कल जब अपने घर लौटूंगा, तो क्या मुझे दिल्ली में एंट्री नहीं मिलेगी?**

हां, अगर बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान आपकी गाड़ी को रोक लिया गया, तो आपको दिक्कत हो सकती है और दिल्ली में प्रवेश करने से आपको रोका जा सकता है।

**Q मेरी बीएस-4 इंजन वाली टूरिस्ट टैक्सी है, जिसका नंबर UP का है। मैंने पहले से बुकिंग ले रखी है और आज टूरिस्टों को लेकर दिल्ली से बाहर जाना है। क्या मेरी गाड़ी का चालान कटेगा?**

अगर आपकी गाड़ी UP नंबर की है, लेकिन इंजन BS-6 कैटिगरी का नहीं है, तो चेकिंग में पकड़े जाने पर आपकी गाड़ी जब्त हो सकती है और भारी जुर्माना लग सकता है। चेकिंग केवल दिल्ली की बॉर्डर पर ही नहीं, बल्कि अंदरूनी इलाकों में भी होगी।

# राजधानी के प्राइवेट और सरकारी सभी दफ्तरों में 50% काम घर से

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



डस्ट पॉल्यूशन लेवल दिल्ली में खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद सरकार ने एक और बड़ा फैसला किया है। जिसमें सभी प्राइवेट और सरकारी दफ्तरों में मैनपावर स्ट्रेंथ 50 फीसदी कर दी गई है। किसी दफ्तर में कर्मचारियों की संख्या का आधा स्ट्रेंथ दफ्तर में काम करेगा और आधा घर से ही काम करेगा। इसके साथ दिल्ली में जहां भी कंस्ट्रक्शन वर्क चल रहा है, उस पर ग्रैप-4 लागू होने तक रोक लगा दी गई है। कंस्ट्रक्शन वर्क बंद होने से प्रभावित होने वाले मजदूरों को दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने 10 हजार रुपये मुआवजा देने की बात कही है।

**काम बंद होने से प्रभावित मजदूरों को मुआवजा देंगे: कपिल मिश्रा**

मंत्री के अनुसार दिल्ली में एयर क्वॉलिटी बेहद खराब हो गई है। ग्रैप के तहत निर्माण कार्यों पर भी रोक लगा दी गई है। ऐसे में इन कंस्ट्रक्शन साइटों पर काम करने वाले हजारों मजदूर कई दिनों से बेरोजगार हैं। मजदूरों की रोजी-रोटी के लिए सरकार उन्हें 10 हजार रुपये आर्थिक राहत देगी। यह लाभ केवल उन मजदूरों को मिलेगा, जो रजिस्टर्ड हैं। उन्होंने कहा कि एयर क्वॉलिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद प्रदूषण स्तर कम करने के लिए सरकार ने प्राइवेट और सरकारी दफ्तरों में 50 प्रतिशत वर्क स्ट्रेंथ के साथ वर्क फ्रॉम होम की घोषणा की है। मकसद यह है कि इस समय दिल्ली की सड़कों पर कम से कम गाड़ियां नजर आएं। सरकार ने घोषणा की है कि गुरुवार से दफ्तरों में 50% कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम सुनिश्चित किया जाए।

## पल्यूशन कम करने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाना होगा: CM रेखा गुप्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मेट्रो म्यूजियम के उद्घाटन के अवसर पर दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजधानी में प्रदूषण का एक बड़ा कारण सड़कों पर बढ़ती गाड़ियों की संख्या है। उन्होंने कहा कि पल्यूशन से लड़ने के लिए आज हमें यह तय करना होगा कि हम पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। अकेले के लिए गाड़ी के बजाए कार पूलिंग करें या पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। सीएम ने कहा कि हम अपनी सुविधाओं के लिए पूरे शहर को दिक्कत में डालते हैं। फिर खुद ही प्रश्न करते हैं कि पल्यूशन कैसे कम होगा। जो पल्यूशन को लेकर सवाल पूछते हैं कि यह कैसे कम होगा, उनसे कहती हूं कि भले ही भारत के नक्शे पर एक छोटा सा बिंदु दिखती हो लेकिन इसका विस्तार 1,483 से 1,500 किलोमीटर तक फैला हुआ है। यहां करीब 3 करोड़ लोग रहते हैं और सड़कों पर लाखों गाड़ियां चलती हैं। इन गाड़ियों से निकलने वाला धुआं और उत्सर्जन दिल्ली की हवा को जहरीला बना देता है और शहर के लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि यदि हम चाहते हैं कि दिल्ली रहने योग्य और सांस लेने लायक बनी रहे, तो इसके लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभानी होगी। दिल्ली को सांस लेने योग्य बनाए रखने के लिए हमें निजी वाहनों की बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए।

**गाड़ियों से निकलने वाले धुएं से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी: CM**

# कार पूलिंग के लिए दिल्ली का होगा अपना ऐप

## गूगल और मैप माई इंडिया की मदद से ट्रैफिक हॉटस्पॉट की होगी पहचान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




प्रदूषण की समस्या अगले कुछ दिन और रह सकती है। दिल्ली सरकार इसे कम करने की हर कोशिश कर रही है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि गाड़ियों की प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिल्ली का अपना कार पूलिंग ऐप लॉन्च होगा। इससे गाड़ियों की संख्या और प्रदूषण में कमी आएगी। इस ऐप को डाउनलोड कर लोग अपनी राइड शेयर कर सकेंगे। जिनके पास कार नहीं है वह कार राइड ले सकेंगे और जिनके पास कार है वह अपनी राइड शेयर कर सकेंगे।

सिरसा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गूगल मैप और मैप माई इंडिया की मदद से राजधानी में ट्रैफिक के हॉट स्पॉट की पहचान की जाएगी और फिर इन पर काम किया जाएगा। इन दोनों का लोग काफी अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं और इसकी वजह से इनके पास दिल्ली के ट्रैफिक की काफी अधिक जानकारी है।

इसके साथ ही इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर भी काम किया जा रहा है। इससे एक रेड लाइट दूसरी रेड लाइट से जुड़ी होंगी। अभी रेडलाइट या तो ज्यादा समय के लिए या कम समय के लिए रहती हैं। इंटीग्रेटेड सिस्टम होने से यह ट्रैफिक के हिसाब से सेट हो सकेंगी।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि सड़कों के गड्ढों को 72 घंटों में भरने के लिए सिस्टम में सुधार होगा। दिल्ली सरकार गड्ढों का एक साल लंबा थर्ड पार्टी सर्वे करवा रही है। इसके लिए DPCC ने टेंडर जारी कर दिया है। ऐसा सिस्टम बनाया जा रहा है कि गड्ढों को भरने के लिए हमें टेंडर करने का इंतजार न करना पड़े, बल्कि इन्हें 72 घंटों में भरा जा सके। सिरसा ने कहा कि अब दिल्ली सरकार MCD को मैकेनिकल रोड स्वीपर (MRS) और लिटर पिकर्स खरीदने के लिए फंड देगी।

PWD को भी 70 MRS और वॉटर स्प्रींकलर के निर्देश दिए गए हैं। राजधानी में 1000 लिटर पिकर्स और 300 वॉटर स्प्रींकलर लगे हैं। उन्होंने बताया कि MCD को 10 साल में 2700 करोड़ रुपये का बजट दिया जाएगा। इससे MCD MRS और लिटर पिकर्स खरीद सकेगी।

### PUCC सिस्टम को किया जा रहा अपग्रेड

PUCC (पल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट) पर मंत्री ने कहा कि यह सिस्टम काफी पुराने हो चुके हैं। पुराने ऑडिट में सामने आया है कि एक सेकंड में PUC जारी हो जाता है जो संभव नहीं है। इसलिए इस सिस्टम को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि DPCC का पोर्टल भी पुराना हो गया है। इसे अपग्रेड किया जा रहा है। इसका 2.0 वर्जन जनवरी-फरवरी में लॉन्च होगा। इसमें रजिस्ट्रेशन के साथ हर प्रॉपर्टी की पहचान करने की क्षमता होगी। यह अवैध निर्माण को पहचानने में सक्षम होगा। उन्होंने बताया कि राजधानी के कनफर्मिंग और नॉन कनफर्मिंग एरिया में चल रहे अवैध उद्योगों का संबंधित डीएम अपने अपने एरिया में पूरा सर्वे कर रहे हैं।

# थाने में कटे पेड़, लगा पुलिसवालों पर जुर्माना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के वन विभाग ने एक थाना परिसर में पेड़ों की अवैध कटाई-छंटाई पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी और दो अन्य पुलिसवालों पर एक लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया है। विभाग ने यह कार्रवाई एक अवमानना याचिका के संबंध में की है, जिसमें आउटर डिस्ट्रिक्ट के रानी बाग पुलिस थाने के परिसर में कथित तौर पर अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई-छंटाई का आरोप लगाया गया और इसे दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश की अवमानना कहा गया जो वन विभाग से इजाजत लिए बिना पेड़ों की कटाई-छंटाई को अवैध मानता है। इस मामले में जन सेवा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने अवमानना याचिका दायर की थी।

**विभाग ने यह कार्रवाई एक अवमानना याचिका के संबंध में की**

# धौला कुआं से धारूहेड़ा के लिए शुरू होगी ई-बस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों के साथ बेहतर सार्वजनिक परिवहन और अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को लगातार मजबूत कर रही है। इसी दिशा में धौला कुआं और धारूहेड़ा (हरियाणा) के बीच इलेक्ट्रिक अंतरराज्यीय बस सेवा की शुरुआत की जाएगी और इस मौके पर 100 नई इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई जाएगी। जानकारी के अनुसार नई सेवा के तहत डीटीसी इस रूट पर हर शिफ्ट में तीन इलेक्ट्रिक बसें चलाएगा। परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इससे यात्रियों को निजी गाड़ियों के मुकाबले आरामदायक, सुरक्षित, भरोसेमंद विकल्प मिलेगा। यह रूट धौला कुआं, एचआर रजोकरी बॉर्डर, गुरुग्राम, खेड़की दौला, मानेसर और धारूहेड़ा से गुजरेगा।

# खराब हवा के बीच बांसों का झुरमुट सुधार रहा AQI, दे रहा कूलिंग इफेक्ट

## डीटीयू की स्टडी में खुलासा, डीडीए का बांसेरा पार्क दे रहा है उम्मीद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



पार्क के 100 मीटर बाहर के तापमान में औसतन 2.8 डिग्री की कमी दर्ज की गई है

दिल्ली के खतरनाक प्रदूषण के बीच बांसेरा पार्क आसपास के इलाके की हवा सुधार रहा है। इस बात का खुलासा दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (DTU) की एक स्टडी में हुआ है। दिल्ली डिवेलपमेंट अथॉरिटी (DDA) के लिए की गई डीटीयू की यह स्टडी बताती है कि बांसेरा पार्क का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI), बाकी इलाकों के एक्यूआई के मुकाबले काफी कम रहता है।

साथ ही, घने बांस के झुरमुट वाले इस पार्क और इस पार्क के 100 मीटर बाहर के तापमान में औसतन 2.8C की कमी (9.7%) भी दर्ज की गई है। वहीं, पार्क में बांस की छाया वाले इलाके और ओपन एरिया के तापमान में भी 1.1 डिग्री सेल्सियस की कमी है, ये 4.2% का अंतर है।

दिल्ली में जहां एक्यूआई 400 पार है, ऐसे में बांसेरा एक्यूआई को बेहतर करने की उम्मीद दे रहा है, जहां एक्यूआई खराब स्तर पर जरूर है, लेकिन गंभीर नहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि पार्क की वनस्पति प्राकृतिक फिल्टर की तरह काम करती है, जिससे प्रदूषक कणों में कमी आती है।

### AQI और तापमान दोनों मिले कम

स्टडी का कहना है कि बांसेरा पार्क, जो कि बांस का पार्क है, इसकी बहाली ने राजधानी के प्रदूषण और गर्मी को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्टडी टीम ने यहां की एयर क्वॉलिटी की समीक्षा की। रिपोर्ट कहती है कि 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक औसत एक्यूआई 296 था, जबकि बाकी आसपास के मॉनिटरिंग स्टेशंस- आईटीओ, पटपड़गंज, नेहरू नगर में 326 से 321 के बीच था। वहीं, देखा गया कि बांसेरा पार्क में जब तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस था, तो 100 मीटर की दूरी पर यह 28.7 डिग्री सेल्सियस पाया गया, यह 2.8 डिग्री सेल्सियस की कमी है।

### मिट्टी में मिले पॉजिटिव रिजल्ट

अपनी स्टडी में डीटीयू ने मिट्टी की नमी, ऑर्गैनिक कार्बन, एयर क्वॉलिटी- पीएम 2.5, पीएम 10, No2, So2, O3, CO की जांच की है। बांसेरा पार्क की मिट्टी का भी विश्लेषण किया गया, जिसके रिजल्ट पॉजिटिव मिले।

बांस की छाया वाले क्षेत्रों में जैविक कार्बन (सॉयल ऑर्गैनिक कार्बन SOC) 2.8% और जैविक पदार्थ (सॉयल ऑर्गैनिक मैटर SOM) 4.8% पाया गया, जो खुले क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। खुले क्षेत्रों में यह 2, 3.4% था। इससे साबित होता है कि बांस के झुरमुट ने मिट्टी की नमी और स्वास्थ्य में सुधार किया है।

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE — SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES — RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.

To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

tender & notices

Government Sunder Nursery Management Trust
Nizamuddin, New Delhi-110013
NOTICE INVITING TENDER

Government Sunder Nursery Management Trust invites sealed tenders for a technical & financial bid for the following works:

| | |
|---|---|
| Tender No. & Date | HTWHSM / 2025-26 / Solar plant / 002 dated December 18, 2025 |
| Name of work | Supply & fabrication of structural steel works for making sub-structure for installing solar plant at the car parking of Humayun's Tomb World Heritage Site Museum |
| Estimated Cost in INR | 93,27,150/- |
| EMD in INR | 2,33,175/- |
| Tender Fee in INR | 2000/- (non-refundable) |
| Completion Period | 03 Months |
| NIT document purchase end date | Friday, January 02,2026 (till 5PM) |

The interested parties may be CPWD registered contractors' minimum in class III (civil)and non-CPWD registered contractors who fulfil the eligibility criteria as given in the tender document.
To schedule your visit to the site, purchase the tender document, or any further queries, Please Contact : Chief Operating Officer, Sunder Nursery, Nizamuddin, New Delhi -110013 hardeep.thelur@sundernursery.org or 011-40798715 visit : www.sundernursery.org
Chief Operating Officer

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

मैं MD शहजाद पत्नी तबस्सुम बानो, H.no 341, गली न: 36, चौकसपुर दिल्ली-77, इसका का निवासी हूं मैं अपने पुत्र Md सरकताज आलम (जिसका आधार न:650176308037, उम्र 19 वर्ष है) को अपनी सभी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में कोई भी इससे किसी भी प्रकार का लेन-देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी नहीं होगी

"NOTICE is hereby given that HIKMAT BAHADUR son of CHANDER BAHADUR is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for naturalization and that any person who knows any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Secretary."

निविदाएं (टेंडर्स)

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टावर, कफ परेड, मुंबई -400005.
सीआईएन:L65190MH2004GOI148838
समाशोधन हेतु डेटा एंट्री सेवाएं प्रदान करने के लिए आरएफपी
आईडीबीआई बैंक उक्त आरएफपी के लिए पात्र बोलीदाताओं से मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 02 जनवरी, 2026 है।
अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in (नोटिस/निविदाएं) देखें या dprs@idbi.co.in पर ईमेल करें या 022-67401724/1701 पर कॉल करें।
नोट: उपरोक्त आरएफपी से संबंधित कोई भी परिशिष्ट / शुद्धिपत्र /तिथि विस्तार/ स्पष्टीकरण/बोलीदाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किए जाएंगे, समाचार पत्र में कोई अलग सूचना जारी नहीं की जाएगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि स्वयं को अद्यतन रखने के लिए कृपया नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट देखें।

THE DELHI GOLF CLUB
Dr. Zakir Hussain Road,New Delhi-03
Sealed Bids are invited for "Hiring of Kitchen Designing Consultant for Renovation & Redesigning of Main Kitchen" at The Delhi Golf Club. Detailed RFP can be downloaded from DGC website http://delhigolfclub.org/tendernotice/. Sealed bids addressed to The Secretary, The Delhi Golf Club and mentioning the heading "Hiring of Kitchen Designing Consultant for Renovation & Redesigning of Main Kitchen" in a sealed envelope cover in capital letters must reach us before 1200 Hrs on 23rd Dec 2025. Tender box is placed at the main office of DGC (1st Floor).
Lt. Col. Rohit Singh (Retd)
Secretary
The Delhi Golf Club

इंडिया एक्ज़िम बैंक — India Exim Bank
अर्हता हेतु आमंत्रण
भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा पात्र भारतीय संस्थाओं से इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्टर की अर्हता के लिए बिड आमंत्रित हैं। प्रयोजन: मॉरीशस के कोत दि'ओर में मॉरीशस डिसिप्लिन्ड फोर्सेज़ एकेडमी भवन के निर्माण हेतु।
विवरण: http://www.eximbankindia.in/lines-of-credit पर उपलब्ध है।
आगामी सभी परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

चालक

आवश्यकता है कुशल ड्राइवर की! संपर्क करें : सुबह 10 से 3 बजे तक। पता : मधुकर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, चौथी मंजिल, सोसाइटी ऑफिस, नजदीक मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन गेट नंबर -1, नई दिल्ली-17 फोन: 61360100

बिजनेस

बिजनेस प्रस्ताव

CARBON BLACK FROM EUROPE
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
CARBON BLACK N-220 100 MT
Please contact
Euro Exim Ltd
Manchester (UK)
Email:exports@euroeximltd.co.uk

शिक्षा

एडमिशन

SKILL-TRAINING-MEDIA studies 12th, BA completed, pursuing, 3 month, Noida. Paid Internship. Details 9871627649

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Haseena, D/o Shamshed Ahmad, R/o A-22 DDA Flats, Mata Sundari Road, New Delhi-110002, have married Asim Ahmed on 02 November 2008 have changed my name to Haseena Begum after marriage for all purposes.

I, Vinay Bansal S/O Late Sh. Jai Bhagwan Bansal R/O Flat 195, Sanskriti Apartments, Sector 19B, Dwarka, New Delhi have changed my name from Vinay Kant Bansal to Vinay Bansal for all future purposes.

मैं विमला देवी घोषणा करती हूँ कि सीमा देवी और विमला देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे दस्तावेजों जैसे आधार, पैन आदि में मेरा नाम विमला देवी है जो कि सही है।

I, Shahid Khan S/o Papa Khan R/o E-130, Second Floor, Abul Fazal Enclave Part-2, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name form Shahid to Shahid Khan for all purpose.

I, Mubashira Malik D/o Shahid Khan R/o E-130, Second Floor, Abul Fazal Enclave Part-2, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, Delhi-110025 Have changed my name form Mobeshira to Mubashira Malik for all purpose.

TIMES interact SPECIAL

TRUST CAPITAL
LOAN STARTS FROM 1CRORE & ABOVE AT LUCRATIVE RATE OF INTEREST
SECURED LOAN
UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
PROJECT FUNDING
CHEQUE BASIS LOAN
LOAN RESTRUCTURE (Cibil not required)
DSA Agencies & Finance Consultant Welcome
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com
www.trustcapitalfinanceindia.com
#11, Vaigai Colony, Ashok Nagar, Ch-83

BOOK YOUR EDUCATION ADS
For Booking Please Contact
Amit Ghosh
9811790649
To Book Online Log on To
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL, PROPERTY, BUSINESS, RECRUITMENT, EDUCATION, CHANGE OF NAME, LOST & FOUND, SHOPPING, TENDER, PUBLIC NOTICE, SERVICES, VEHICLES, TRAVEL, BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |

HEALTH & WELLNESS

यौन रोग
चिकित्सा के लिए
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली।
समय 10 से 5, रवि अवकाश।
9811092140

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्याएं कैसी भी
स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद?
मिलें-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
मेट्रो पोल नं.671,उत्तमनगर,दिल्ली-59
9810-272-172

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

विवाहित जीवन में पायें
नई खुशियाँ
नया जोश
नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
समय 10 – 7 तक
एवरेस्ट टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 12-17-2025 22:47 Color:





सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर शुरू हुए मेट्रो म्यूजियम का CM ने किया उद्घाटन

# दिल्ली की लाइफलाइन मेट्रो का देखें सफरनामा

**दिल्ली की लाइफ लाइन बन चुकी मेट्रो के अब तक के सफर से रूबरू कराने के लिए DMRC ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो म्यूजियम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसका उद्घाटन किया। यह म्यूजियम 19 दिसंबर से जनता के लिए खोल दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 10 रुपये रखा गया है।**

Photos: Sunil Kataria

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** मेट्रो स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर बने इस म्यूजियम में प्रवेश करते ही आपको एक मेट्रो स्टेशन जैसी अनुभूति होगी। काउंटर पर 10 रुपये का टोकन लेने के बाद म्यूजियम में प्रवेश करते ही सबसे पहले वर्ष 1995 में डीएमआरसी की स्थापना और उसके प्रमाणपत्र का डिस्प्ले दिखाई देगा। इसी हिस्से में डीएमआरसी के इतिहास की जानकारी देने वाली स्लाइड्स भी लगाई गई है। म्यूजियम में आगे बढ़ने पर 'मेट्रो मैन' और दिल्ली मेट्रो के पहले एमडी ई. श्रीधरन के योगदान से जुड़ी जानकारी दी गई है। इसके बाद मेट्रो के साल-दर-साल बढ़ते नेटवर्क को दिखाने वाली एक डिजिटल स्क्रीन है।



उद्घाटन के दौरान सीएम रेखा गुप्ता के साथ परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह, DMRC के एमडी विकास कुमार भी मौजूद रहे



## सिमुलेटर पर मेट्रो चलाने का अनुभव

म्यूजियम का सबसे आकर्षक हिस्सा सिमुलेटर है, जहां मेट्रो चलाने का वर्चुअल अनुभव लिया जा सकता है। यह सुविधा पूरी तरह फ्री है। यहां बारिश, कोहरा, दिन और रात जैसी परिस्थितियों का चयन कर मेट्रो ड्राइविंग का अनुभव लिया जा सकता है। इसके लिए दो सिमुलेटर मशीनें लगाई गई हैं।

## सेल्फी पॉइंट और भारत में मेट्रो नेटवर्क

इस म्यूजियम के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले दिल्ली मेट्रो के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि म्यूजियम में मेट्रो निर्माण के दौरान उठाए गए कदमों की जानकारी के साथ एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है, जहां एक मॉडल ट्रेन लगाई गई है। इसके अलावा भारत में तेजी से बढ़ते मेट्रो नेटवर्क की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही दिल्ली मेट्रो से संबंधित ज्ञान को परखने के लिए एक क्वेश्चन-आंसर राउंड भी रखा गया है।



**'युवा यहां जरूर आएं'** | यह म्यूजियम दिल्ली मेट्रो की गौरवशाली यात्रा को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह मेट्रो का विस्तार हुआ है, वह अपने आप में एक मिसाल है। दिल्लीवालों, खासकर युवाओं से अपील है कि वे यहां जरूर आएं और दिल्ली के विकास में दिल्ली मेट्रो के योगदान को अनुभव करें। -रेखा गुप्ता

# हाई प्रोफाइल हत्याओं में शामिल बिश्नोई गैंग के 5 शूटर अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बिश्नोई, हैरी** बॉक्सर सिंडिकेट से जुड़े पांच शूटरों को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। इन शूटरों की पहचान पीयूष पिपलानी, अंकुश सोलंकी, कुवरबीर, लवप्रीत सिंह और संतोख उर्फ कपिल खत्री के तौर पर हुई है। ये चंडीगढ़ के सेक्टर-26 में हुए इंदरप्रीत सिंह पैरी मर्डर, अमृतसर में हुए आशु महाजन मर्डर और पंचकूला में नेशनल कबड्डी प्लेयर सोनू नोल्टा मर्डर में शामिल रहे हैं। स्पेशल सेल का दावा है कि ये लोग अपने हैंडलर के इशारे पर दिल्ली में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हो रहे थे। लेकिन सेल ने समय रहते इसे नाकाम कर दिया।



दावा है कि दिल्ली में बड़ी वारदात करने वाले थे

एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाह के मुताबिक ACP धर्मेंद्र कुमार के सुपरविजन में टीम ने दो अलग-अलग ऑपरेशन में इन सभी को अरेस्ट किया है। इनकी गिरफ्तारी से आरजू, अनमोल बिश्नोई और हैरी बॉक्सर सिंडिकेट पहले से और कमजोर हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में 28 साल का पीयूष पिपलानी पंचकूला, हरियाणा का रहने वाला है। वह 1 दिसंबर को चंडीगढ़ में इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या का मुख्य शूटर था। यह नेशनल कबड्डी प्लेयर सोनू नोल्टा की हत्या में भी मुख्य शूटर था। इसके ऊपर पहले से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के अलग अलग इलाकों में हत्या, एक्सटॉर्शन, आर्म्स एक्ट के तहत आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। इसका साथी 23 वर्षीय अंकुश सोलंकी भी पंचकूला का है। यह भी पीयूष के साथ चंडीगढ़ में पैरी और हरियाणा में कबड्डी प्लेयर सोनू नोल्टा की हत्या में शामिल था। इस मामले में इसके खिलाफ NBW जारी है। वहीं तीसरा आरोपी 30 वर्षीय कुवरबीर जो कि अमृतसर का रहने वाला है। यह भी चंडीगढ़ में इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या में वॉन्टेड चल रहा था। इस पर पंजाब के अमृतसर स्थित अलग अलग थाना एरिया में हत्या, धमकी, लूट, ड्रग्स सप्लाई जैसे 6 मुकदमे दर्ज हैं। चौथा आरोपी 26 वर्षीय लवप्रीत सिंह पंजाब के नारायणगढ़ का है। इसके खिलाफ पंजाब के बठिंडा और अमृतसर में हत्या, हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। जब कि पांचवां आरोपी 29 वर्षीय संतोख उर्फ कपिल खत्री है। यह तरनतारन, पंजाब का है। इसी साल सितंबर में अमृतसर, पंजाब में लायन बार और रेस्टोरेंट के मालिक आशुतोष महाजन उर्फ आशु की हत्या में यह वॉन्टेड था। स्पेशल सेल का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के साथ इंदरप्रीत सिंह पैरी, आशु महाजन और सोनू नोल्टा की सनसनीखेज हत्याओं में वॉन्टेड शूटरों को काबू कर लिया गया है।

**हरियाणा, पंजाब में की थी वारदात, स्पेशल सेल ने पकड़ा**




# तिहाड़ में अनमोल के गुर्गों की 'एंट्री', गैंगवॉर की आशंका

## बुधवार को स्पेशल सेल ने अनमोल बिश्नोई गैंग के पांच खूंखार गुर्गों को अरेस्ट कर तिहाड़ पहुंचाया

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका से डिपोर्ट किए गए कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई के तिहाड़ में पहुंचते ही अब उसके गुर्गों की भी जेलों में एंट्री हो रही है। बुधवार को स्पेशल सेल ने अनमोल बिश्नोई गैंग के पांच उन खूंखार गुर्गों को गिरफ्तार किया जो हाल ही में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ में गैंगवॉर के चलते हुई बहुचर्चित हत्याओं में शामिल रहे हैं। इनके नाम हैं पीयूष पिपलानी, अंकुश सोलंकी, कुवरबीर, लवप्रीत सिंह और संतोख उर्फ कपिल खत्री। यानी बिश्नोई के ये गुर्गे बेशक पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा पुलिस के हाथ से फिसल गए मगर स्पेशल सेल की नजर से ये बच नहीं पाए। इन गुर्गों की गिरफ्तारी से तिहाड़ के अति सुरक्षित जेल में पहले से बंद अनमोल बिश्नोई का दबदबा बढ़ने के आसार हैं।

अनमोल का बड़ा भाई कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई 2023 से गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। अब अनमोल का ठिकाना तिहाड़ है। हाई सिक्योरिटी जेल के खूनी गैंगवार अड्डा बनने का खतरा बढ़ गया है। सूत्रों के मुताबिक तिहाड़ जेल संख्या चार के हाई-सिक्योरिटी सेल में अनमोल को रखा गया है। वहां उसे जिस सेल में रखा गया है उस पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। जेल के अंदर दुश्मन गिरोहों के सदस्य पहले से बंद हैं, इसे देखते हुए सेल के आसपास की निगरानी पर भी प्रशासन का पूरा ध्यान है। आशंका है कि तिहाड़ में पहले से ही बंद विरोधी गैंग्स की नजर सीधे अनमोल पर है। सूत्रों के मुताबिक अनमोल बिश्नोई और तिहाड़ में एंट्री ले रहे उसके गुर्गों की गैंगवॉर अब 'मौके की तलाश' पर कभी भी सीधे तौर पर हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक अनमोल और उसके गुर्गों की जान को खतरा जिन गैंगस्टरों से आंका जा रहा है उनमें गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा गैंग, बंबीहा गैंग, हिमांशु भाऊ गैंग, कौशल गैंग, जग्गू भगवानपुरिया गैंग, नीरज बवानिया गैंग शामिल हैं। इनमें लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ अब अलग हो चुके हैं। दोनों गैंग्स के बीच अब तक तीन बड़े गैंगवार हो चुके हैं। सोशल मीडिया पर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा की धमकियों के जवाब में लॉरेंस गैंग की तरफ से गोल्डी ढिल्लो और हैरी बॉक्सर ऑडियो जारी कर खुलेआम चेतावनी दे चुके हैं। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की 2022 में हत्या, एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 2024 में हत्या और पिछले साल अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग के आरोप अनमोल और उसके गुर्गों पर हैं।

मई 2023 में तिहाड़ जेल संख्या आठ के हाई रिस्क वॉर्ड में गैंगस्टर प्रिंस तेवतिया और टिल्लू ताजपुरिया की प्रतिद्वंद्वी गैंग द्वारा हत्या हो चुकी है। इस घटना को ध्यान में रखते हुए जेल प्रशासन कोई रिस्क नहीं लेना चाहता। हाई-सिक्योरिटी सेल के विशेष इंतजाम में अनमोल को अकेले रखा गया है, जहां केवल हाई-सिक्योरिटी कैदी रखे जाते हैं। सेल में CCTV कैमरे लगे हुए हैं। बाहर से वॉर्डर और तमिलनाडु स्पेशल पुलिस (टीएनएसपी) के जवान तैनात हैं। इससे पहले अनमोल बिश्नोई भी पटियाला हाउस कोर्ट में पाकिस्तान के गैंगस्टर और आतंकी शहजाद भट्टी से जान को खतरा बता चुका है। ISI ऑपरेटिव पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी भी वीडियो जारी कर लॉरेंस और अनमोल भाइयों को धमकी दे चुका है, जबकि कभी शहजाद भट्टी और लॉरेंस बिश्नोई के बीच दोस्ती बताई जाती थी। यही वजह है कि सुरक्षा कारणों से अनमोल बिश्नोई को एक साल तक तिहाड़ जेल से बाहर पूछताछ के लिए नहीं ले जाया जा सकेगा।



**गैंगवॉर**

- अनमोल को गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा, बंबीहा, हिमांशु भाऊ, कौशल, नीरज बवानिया जैसे गैंग से जेल में है जान का खतरा
- उसे जिस सेल में रखा गया है उस पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है

## ट्रक का टायर फटा, बच्ची बाल-बाल बची

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोई' साउथ डिस्ट्रिक्ट के महरौली इलाके में बुधवार सुबह यह कहावत उस वक्त सच होती नजर आई, जब स्कूल जाने के लिए निकली एक 11 वर्षीय बच्ची एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बाल-बाल बच गई। संकरे रास्ते से गुजर रहे एक ट्रक का टायर अचानक जोरदार धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। जिससे बच्ची घायल हो गई। घटना के बाद डरी सहमी बच्ची दोबारा घर की तरफ लौटने लगी। इस बीच आसपास के लोगों ने घटना की सूचना बच्ची के माता-पिता को देकर उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस मामले में कोई पीसीआर कॉल नहीं हुई है और ना ही किसी ने शिकायत दी है। घटना का पता चलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। वहीं यह घटना इलाके स्थित जूते की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। 22 सेकंड के विडियो में पूरी घटना दिखाई दे रही है।

**हेल्पर की मदद से संकरे रास्ते से निकाल रहा था ट्रक**

## हादसे में बाइक टैक्सी ड्राइवर की गई जान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** खजूरी खास इलाके में मंगलवार रात तेज रफ्तार ट्रक ड्राइवर ने एक रैपिडो बाइक ड्राइवर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस उसे तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपी ड्राइवर की पहचान और गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मृतक की पहचान 29 साल के हिमांशु के रूप में हुई है। वह डी ब्लॉक, नंद नगरी में अपने परिवार के साथ रहता था। परिवार में उसकी मां, छोटा भाई और पत्नी है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। वह रैपिडो बाइक चलाने के साथ-साथ एक प्राइवेट कंपनी में भी काम करता फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

**टक्कर के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया**

# बीड़ी के झगड़े में युवक की पीट-पीटकर हत्या

■ NBT रिपोर्ट,नई दिल्ली

**शशि गार्डन** इलाके में बीड़ी के झगड़े में 32 साल के मनोज ने 28 साल के दीपक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। हालांकि पांडव नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी शशि गार्डन निवासी मनोज को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल बांस की डंडी भी बरामद कर ली है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक दीपक के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। मृतक के परिवार का बैकग्राउंड भी क्राइम का है। उसके दो भाई जेल में हैं।

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 17 दिसंबर की रात 1:24 पर पांडव नगर पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी कि शशि गार्डन बस स्टैंड, हनुमान मंदिर साइड, यहां एक आदमी मरा पड़ा हुआ है। सूचना के बाद तुरंत एसआई लयकांत, एसआई विपिन कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर झुग्गी नं. 248, शशि गार्डन के पास पहुंचने पर घटना स्थल पर भारी मात्रा में खून फैला हुआ पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि घायल व्यक्ति को पीसीआर वैन द्वारा पहले ही एलबीएस अस्पताल ले जाया जा चुका है। एसआई विपिन कुमार घटनास्थल पर ही रहे जबकि एसआई लयकांत एलबीएस अस्पताल पहुंचे। वहां पता चला कि युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। उसकी पहचान जवाहर मोहल्ला शशि गार्डन निवासी दीपक (28) के तौर पर हुई। मृतक के माथे तथा दाहिनी आंख/चेहरे पर गंभीर चोटें आई थी। हालांकि घटना स्थल तथा अस्पताल में प्रत्यक्षदर्शियों की तलाश की गई। लेकिन कोई नहीं मिला। इसी दौरान क्राइम टीम एवं एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। उसके बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। फिर सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपी मनोज की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया गया। वह पेशे से नाई का काम करता है। पूछताछ करने पर उसने हत्या करने की बात स्वीकार किया। उसने बताया कि मृतक दीपक के साथ बीड़ी के झगड़े में कहासुनी हो गई थी। झगड़े के दौरान मृतक ने उसे धमकाया और उसकी गर्दन पकड़ ली। गुस्से में आकर मनोज ने पास में पड़ी लकड़ी बांस की डंडी उठाकर दीपक के सिर पर बार-बार वार किया, जिससे दीपक गिर पड़ा और बेहोश हो गया। उसके बाद वह फरार हो गया।

**शशि गार्डन इलाके में हुई वारदात, हत्या का केस दर्ज**



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 18-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: devid.sharma Time: 12-17-2025 22:54 Color:



## रेड लाइट पर यूं ही गाड़ी साइड नहीं करवाती है ट्रैफिक पुलिस

# 'छोटी' गलतियों पर भी कट रहा तगड़ा चालान!

Rajesh.Saroha
@timesofindia.com



■ नई दिल्ली: ड्राइविंग करते समय मामूली गलती के कारण आपका चालान कट सकता है। अगर आप हाईबीम पर ड्राइविंग कर रहे हैं, शाम होने के बाद भी गाड़ी की हेडलाइट्स ऑन नहीं की, गाड़ी में रियर व्यू मिरर नहीं होना और ड्राइविंग करते समय सीट बेल्ट नहीं बांधना यह सब चालान की वजह बन सकते हैं। इसके अलावा गाड़ी के अंदर धूम्रपान करना और गाड़ी के अंदर म्यूजिक बजाने पर भी चालान कट सकता है। पल्यूशन की गंभीरता को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने पूरी दिल्ली में स्पेशल अभियान शुरू किया हुआ है। अब तक ट्रैफिक पुलिस 1.87 लाख से अधिक गाड़ियों के चालान काट चुकी है। दिल्ली के हर चौराहे पर जब आप ग्रीन सिग्नल होने का इंतजार कर रहे होते हैं तो वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान एक एक गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर अपने मोबाइल पर ऐप में डालकर यह चेक कर रहे होते हैं कि इस गाड़ी के पास पल्यूशन सर्टिफिकेट है या नहीं। जैसे ही उन्हें सिस्टम से यह पता चलता है कि इस गाड़ी के पास पल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं है, ट्रैफिक पुलिस के जवान गाड़ी ड्राइव कर रहे शख्स के पास आकर शीशा खटखटाकर गाड़ी साइड में लगाने के लिए कहते हैं। इसके बाद गाड़ी का इंश्योरेंस भी मांगा जा सकता है। अगर इंश्योरेंस नहीं है तो उसका भी चालान काटा जाता है। इसके अलावा भी कुछ खामियां देखकर गाड़ी की चालान करते हैं।



**1.87** लाख से अधिक गाड़ियों के चालान काट चुकी है अब तक ट्रैफिक पुलिस

चंद सेकेंड में मोबाइल ऐप पर पल्यूशन, इंश्योरेंस वगैरह कर लेते हैं पता

### हाई बीम पर ड्राइविंग
- हाई बीम की तेज रोशनी सीधे सामने वाले ड्राइवर की आंखों में जाती है, इससे कुछ सेकेंड के लिए सामने का दृश्य धुंधला हो जाता है
- इससे आमने-सामने की टक्कर का खतरा बढ़ता है
- हाई बीम पैदल चलने वालों, साइकल सवारों और बाइक सवारों की आंखें चुंधिया देता है
- बैक मिरर में पीछे चलने वालों को भी परेशानी होती है

### प्रेशर हॉर्न का यूज अवैध
- प्रेशर हॉर्न की आवाज बहुत तेज और तीखी होती है। इससे कानों की सुनने की क्षमता प्रभावित हो सकती है
- बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए अत्यंत हानिकारक है
- लंबे समय तक सुनने पर स्थायी हियरिंग लॉस का खतरा बढ़ता है
- पैदल यात्रियों को डराकर सड़क पर गिरा सकती है
- भारत में प्रेशर हॉर्न, मल्टी-टोन हॉर्न, एयर हॉर्न पूरी तरह बैन है

NBT स्पेशल

### रियर व्यू मिरर नहीं होने के नुकसान




- रियर व्यू मिरर की मदद से पीछे का ट्रैफिक देखने में मदद मिलती है
- यह ड्राइवर को गाड़ी के पीछे चल रही गाड़ियों की स्थिति देखने में मदद करता है
- लेन बदलने, ओवरटेक करने या मुड़ते समय रियर व्यू मिरर से पीछे और साइड का ट्रैफिक साफ-साफ दिखता है
- गाड़ी को रिवर्स करते समय या तंग जगहों में पार्क करते समय पीछे की दूरी और ट्रैफिक का अंदाजा लगाने में भी मदद मिलती है
- सही तरीके से एडजस्ट किया हुआ मिरर ब्लाइंड स्पॉट को काफी हद तक कम कर देता है और दुर्घटनाओं की संभावना को भी कम करता है

### सीट बेल्ट न बांधना
- दुर्घटना में गंभीर चोट या मौत का खतरा, सीट बेल्ट आपका शरीर सीट से बांधकर रखती है
- बिना सीट बेल्ट के अचानक ब्रेक लगने पर शरीर आगे की ओर फेंक दिया जाता है इससे सिर, छाती और पेट पर गंभीर चोट लग सकती है
- एयरबैग भी सही से काम नहीं करता, यहां तक कि छोटा हादसा भी बड़ा बन जाता है

### घटिया क्वॉलिटी के हेलमेट सही नहीं
- सिर को वास्तविक सुरक्षा नहीं मिल पाती
- बीआईएस हेलमेट विशेष क्रैश-टेस्ट, इम्पैक्ट-रेसिस्टेंस और मजबूती के मानकों से गुजरते हैं
- नॉन-बीआईएस हेलमेट किसी दुर्घटना में सिर को गंभीर चोट से नहीं बचा पाते
- सस्ते या बिना प्रमाणित हेलमेट कमजोर सामग्री से बने होते हैं। टक्कर लगने पर ये आसानी से टूट सकते हैं
- चेहरे और जबड़े को सुरक्षा नहीं मिलती, ब्रेन इंजरी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है

### बिना रिफ्लेक्टर चलाने के नुकसान
- आपकी गाड़ी या बाइक रात में पीछे से आने वाली गाड़ियों को दिखाई नहीं देती
- ओवरटेक करते समय पीछे आ रहा ड्राइवर दूरी का सही अनुमान नहीं लगा पाता, एक्सिडेंट हो सकता है
- धुंध, बारिश या कम रोशनी में बिना रिफ्लेक्टर वाली गाड़ी बिल्कुल नहीं दिखती, यह पीछे से टकराने वाली दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है

### इस साल हुए चालान

| | |
|---|---|
| रियर व्यू मिरर बगैर ड्राइविंग | 273117 |
| बगैर आरसी ड्राइविंग | 256758 |
| सीट बेल्ट न बांधना | 213691 |
| स्टॉप लाइन का उल्लंघन | 113215 |
| टिंटेड ग्लास या फोल्म चढ़ी होना | 67325 |
| बगैर रिफ्लेक्टर | 63843 |
| हाई बीम पर ड्राइविंग करना | 21765 |
| यलो लाइन का उल्लंघन | 14981 |
| प्रेशर हॉर्न | 13966 |
| प्राइवेट गाड़ी से सामान की ढुलाई | 13747 |
| डिफेक्टेड हेलमेट | 11216 |
| नंबर प्लेट छिपाना | 10467 |

### नंबर प्लेट छिपाना
- भारत में नंबर प्लेट हमेशा स्पष्ट और दिखाई देने वाली होनी चाहिए
- उसे कपड़े, स्टिकर, मिट्टी, कवर या किसी भी चीज से छिपाना पूरी तरह अवैध है
- नंबर प्लेट छिपी होने पर पुलिस को संदेह होता है कि गाड़ी चोरी की हो सकती है, ड्राइवर पर भी शक जा सकता है
- CCTV में पहचान नहीं हो पाती
- हिट एंड रन जैसे मामलों में गाड़ी की पहचान मुश्किल हो जाती है

# चीन में बैठा 'टॉम' करवा रहा साइबर ठगी, पांच गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



- देश भर में 1167 शिकायतें-केस आरोपियों से बरामद बैंक डिटेल्स से लिंक मिली
- रुपए से 47 लाख की ठगी केस में जांच के दौरान खुलती गईं कई परतें

**ऑनलाइन स्टॉक** मार्केट स्कैम और डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी करने वाले सिंडिकेट के तार चीन से जुड़े मिले हैं। यह रैकेट भरोसे का फायदा उठा कर, डर पैदा करके और मनोवैज्ञानिक चालाकी का इस्तेमाल करके लोगों से पैसे ट्रांसफर करवा रहा था। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने इस सिंडिकेट के पांच और मेंबरों को गिरफ्तार किया है। इनकी शिनाख्त मनस्वी चौधरी, मनीष मेहरा, मनजीत सिंह, सोमबीर और अतुल शर्मा के तौर पर हुई है। इनसे मिले बैंक के दस्तावेजों से नैशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) में दर्ज 1167 कंप्लेंट लिंक मिली हैं।

डीसीपी (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ने साउथ ईस्ट जिला साइबर थाने में 47 लाख 23 हजार 15 रुपये की ठगी होने की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि एक टेलिग्राम ग्रुप के जरिए स्टॉक ट्रेडिंग स्कीम में फंसाया गया। ग्रुप में "आज खरीदो-कल बेचो" और इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) रेटिंग के नाम पर रोज मुनाफे के झूठे वादे किए गए थे। फर्जी वेबसाइट https://stock.duroecapitall.com के जरिए दो महीने में 47,23,015 रुपये निवेश के नाम पर ट्रांसफर करवा लिए।

एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर संदीप सिंह और एसआई राकेश मलिक की टीम की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने ठगी की रकम को घुमाने के लिए अलग-अलग प्राइवेट बैंकों में सात अकाउंट खोल रखे थे। जांच में पता चला कि स्टॉक ट्रेडिंग के नाम पर यह ठगी नोएडा के एक ऑफिस से चल रही है।

वहां काम करने वाले उत्तम नगर में रहने वाले अपने हैंडलर मैक को रिपोर्ट करते थे। वह चीन बेस्ड टॉम के निर्देश पर काम कर रहा था।

**हर ट्रांजैक्शन पर 1 से 1.5 % कमिशन**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि टॉम नाम के एक चीनी नागरिक ने उन्हें टेलिग्राम के जरिए दिसंबर 2024 में भर्ती किया था। उन्हें उपलब्ध कराए करंट बैंक अकाउंट के हर ट्रांजैक्शन पर 1 या 1.5% कमिशन दिया जाता था। इसलिए उन्होंने दुबई इस्टेट शॉप प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी बनाई। नोएडा में एक ऑफिस किराए पर लिया और पैसे को रूट करने के लिए उसी नाम से सात बैंक अकाउंट खोले।

## गमछे से लटक कैदी ने दी जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मंडोली जेल में बंद एक कैदी की 18 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई थी। लेकिन उससे दो दिन पहले कैदी ने मंडोली जेल में गमछे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतक कैदी की पहचान उस्मानपुर पुश्ता निवासी संतोष कमल (24) के तौर पर हुई है। मृतक के शव के पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। जेल सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक कैदी संतोष कमल पिछले करीब चार साल से मंडोली की जेल संख्या 13 में बंद था। इसी जेल में उसके सगे चाचा तिलक सिंह भी उम्र कैद की सजा काट रहे हैं। लेकिन मंगलवार रात संतोष ने मंडोली जेल के बाथरूम में आत्महत्या कर ली। बुधवार को जेल प्रशासन ने कॉल पर संतोष कमल के मौत की सूचना परिजनों को दी। मृतक संतोष के पिता महेश ने बताया कि 18 दिसंबर को संतोष के मुकदमे को लेकर अदालत में सुनवाई थी।

**आज होनी थी सुनवाई, मंडोली जेल में था बंद**

## यमुना एक्सप्रेसवे: 50m से कम विज़िबिलिटी पर गाड़ियों पर रोक

sunil.pandey2
@timesofindia.com

■ ग्रेटर नोएडा : मथुरा में भीषण सड़क हादसे के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों के संचालन पर बड़ा फैसला हुआ है। कोहरे के दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही तो वाहनों को रोका जाएगा। इनको एक्सप्रेसवे पर बने 5 फैसिलिटी सेंटरों पर खड़ा कराने की व्यवस्था रहेगी। यह काम संबंधित जिला प्रशासन करेगा। विजिबिलिटी बढ़ने पर ही वाहनों को आगे भेजा जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा जिले में मंगलवार तड़के बड़ा हादसा हुआ था। कई बसें और कारें टकराने के बाद आग से कई लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद हादसों पर अंकुश लगाने की कोशिश जारी है। सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमिटी के निर्देशों के क्रम में मौसम विभाग की ओर से दी जाने वाली कोहरे की जानकारी के अनुसार काम किया जाएगा। 165 किमी लंबा यमुना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिले से गुजरता है। विजिबिलिटी 50 मीटर कम होती है तो वाहनों को जेवर टोल प्लाजा, टप्पल, मथुरा-वृंदावन के पास, आगरा और एक्सप्रेसवे के बीच में ट्रैफिक हब के पास बने फैसिलिटी सेंटरों पर रोका जाएगा।

**क्विक रेस्पॉन्स टीम और पैट्रोलिंग पर बढ़ेगा फोकस:** यमुना एक्सप्रेसवे के टोल पर वाहन चालकों को अनाउंसमेंट कर सचेत किया जा रहा है। रात एक से तड़के 4 बजे के बीच चाय पिलाई जा रही है।

> अधिक कोहरे के वक्त यमुना एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले फैसिलिटी सेंटरों पर वाहनों को रोका जाएगा। एंबुलेंस और फायर टेंडर समेत जल्द राहत पहुंचाने के लिए संसाधन बढ़ाए जाएंगे।
>
> -आरके सिंह, सीईओ, यमुना अथॉरिटी

# जल्द खत्म होगा जाम का 'जखीरा', अंडरपास के पास बनाई जाएगी ड्रेन

Sudama.Yadav@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली : जखीरा रेलवे अंडर ब्रिज (RUB) के नीचे हल्की बारिश में भी जलभराव की समस्या दो दशकों से बनी हुई है। दिल्ली सरकार अब इसे खत्म करने में जुट गई है। अगले साल मॉनसून में यहां जलभराव न हो, इसके लिए करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी ने आरसीसी ड्रेन निर्माण का प्लान बनाया है। ड्रेन का निर्माण 8 महीनों में पूरा करने का टारगेट रखा गया है। जखीरा अंडरपास में जलभराव के चलते रोहतक रोड, न्यू रोहतक रोड, नजफगढ़ रोड, रामा रोड सहित आसपास कई इलाकों में जाम लग जाता है।

पीडब्ल्यूडी के एक सीनियर अफसरों के अनुसार जखीरा अंडरपास दिल्ली के सबसे लोएस्ट पॉइंट पर है। अंडरपास में पानी रेलवे पटरियों के ऊपर से आता है। रेलवे लाइन के ठीक पास ही हजारों झुग्गियां हैं और बारिश के दौरान वहां से भी पानी अंडरपास में तेजी से आता है। इसके अलावा रामा रोड, नजफगढ़ रोड, दया बस्ती, शहजादा बाग, गुलाबी बाग एरिया से भी यहीं पानी आता है। करीब दो दर्जन इलाकों का पानी जखीरा अंडरपास के पास आकर जमा हो जाता है। पानी निकासी के लिए कोई बेहतर इंतजाम भी नहीं है। अंडरपास से नजफगढ़ ड्रेन की दूरी करीब 400-500 मीटर है, जबतक पानी नजफगढ़ ड्रेन में जाए, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। इसलिए अब यह प्लान बनाया गया है कि रामा रोड से जखीरा फ्लाईओवर तक आरसीसी ड्रेन बनाई जाएगी।

जखीरा अंडरपास, दया बस्ती, रेलवे यार्ड और जखीरा अंडरपास स्थित झुग्गियों से बरसाती पानी निकासी के लिए एक या डेढ़ किमी लंबी आरसीसी ड्रेन निर्माण का प्लान बनाया गया है। ड्रेन का काम 8 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य है। इस प्रोजेक्ट पर करीब 4.71 करोड़ रुपये खर्च का एस्टिमेट बनाया गया है। आरसीसी ड्रेन से ही अंडरपास और आसपास के इलाकों की छोटी ड्रेन को कनेक्ट किया जाएगा।

**5 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी ने आरसीसी ड्रेन निर्माण का बनाया प्लान**

## बारापूला ड्रेन में सीवर फ्लो रोकने की कवायद शुरू

■ नई दिल्ली : दिल्ली में तीन बेसिन हैं। उनमें रिहायशी इलाकों से सीवर का गंदा जाने से रोकने के लिए जल बोर्ड ने माइक्रो एक्शन प्लान तैयार किया है। नजफगढ़, शाहदरा और बारापूला इन तीन बेसिन में से पहले चरण में बारापूला ड्रेन को लिया गया है। ड्रेन के दोनों तरफ कितनी रिहायशी कॉलोनियां और उनमें से किन कॉलोनियों से गंदा पानी ड्रेन में जा रहा है, इसकी पूरी लिस्ट तैयार की गई है। सर्वे में पाया गया कि डिफेंस कॉलोनी के आसपास स्टॉर्म वॉटर ड्रेन कैचमेंट एरिया है। इस ड्रेन से होते हुए सीवर का गंदा पानी बारापूला ड्रेन में जा रहा है। ड्रेन में 43 लोकेशन पर गंदे पानी का डिस्चार्ज पाया गया है।

जल बोर्ड के अफसरों के अनुसार किसी शहर में कोई ड्रेन एक बड़े हिस्से से होकर गुजरती है, तो उसे ड्रेन बेसिन के रूप में जाना जाता है। दिल्ली में ऐसी तीन ड्रेन बेसिन हैं। नजफगढ़ ड्रेन की लंबाई 57 किमी है, जो तिमारपुर से होते हुए वेस्ट, नॉर्थ-वेस्ट और साउथ-वेस्ट दिल्ली से गुजरती हुई यमुना में मिलती है। इसी तरह से शाहदरा ड्रेन की लंबाई 13 किमी से अधिक है।



**गंदे पानी को यमुना में जाने से रोका जाएगा**

■ जल बोर्ड के अफसरों का कहना है कि बारापूला ड्रेन कितनी जगह का सीवर वॉटर ड्रेन में जा रहा है, इसकी रिपोर्ट तैयार की है। इसमें पाया गया कि फतेहपुर बेरी इलाके में तीन अनधिकृत कॉलोनियां और दो गांव पड़ते हैं। इन रिहायशी इलाकों का गंदा पानी ड्रेन में न जाए, इसके लिए स्टॉर्म वॉटर ड्रेन बनाने के साथ-साथ यहां 8.5 एमजीडी क्षमता का एक डिसेंट्रलाइज्ड एसटीपी निर्माण का प्लान तैयार किया गया है।

# नए साल के जश्न पर AI से पुलिस रखेगी नज़र

## दिल्ली समेत देश के कई शहरों में आतंकी खतरे का मिला इनपुट, सुरक्षा के भी होंगे तगड़े इंतज़ाम

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

File Photos







समारोह की सुरक्षा कमान संभालने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती का खाका तैयार

■ नई दिल्ली: तमाम सुरक्षा दावों के बावजूद लाल किला के पास आत्मघाती हमले और साजिशों को देखते हुए न्यू ईयर और 26 जनवरी को लेकर दिल्ली पुलिस ने अभी से कमर कस ली है। इस बार सुरक्षा के तगड़े इंतजाम होंगे। होटल, पब, और मॉल पर हमले के खतरे को देखते दिल्ली पुलिस बल के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी मुस्तैद होंगे। न्यू ईयर व 26 जनवरी के भव्य समारोह की सुरक्षा कमान संभालने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स की अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती खाका तैयार हो चुका है। सूत्रों से पता चला है कि इंटेलिजेंस एजेंसियों की तरफ से दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, अयोध्या, मथुरा, काशी को लेकर लगातार इनपुट्स भेजे जा रहे हैं। सक्रिय टेरर मॉड्यूल के जरिए गड़बड़ी फैलाने का अंदेशा जताया गया है।

**कनॉट प्लेस में 50 से ज्यादा पुलिस पिकेट होंगे**

इस बार सुरक्षा इंतजामों में AI की तैनाती भी रहेगी। कनॉट प्लेस और दूसरी जगहों पर जश्न मनाने के लिए पहुंचने वाली भीड़ पर पुलिस AI की मदद से नजर रखेगी। कोई भी संदिग्ध घूमता हुआ नजर आया तो पुलिस को तुरंत अलर्ट हो मिल जाएगा। 360 डिग्री कैमरों से लैस है, जिसकी मॉनिटरिंग एआई ऑपरेटेड सॉफ्टवेयर से की जाएगी। इस सॉफ्टवेयर में संदिग्धों का डेटा दर्ज है। ऐसे में भीड़ में घूमते संदिग्धों की इन कैमरा से पहचान की जाएगी। कनॉट प्लेस में 50 से ज्यादा पुलिस पिकेट होंगे।

स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच समेत सभी जिलों की अलग अलग यूनिटों, लोकल थानों को चौकसी के दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं। सीनियर पुलिस अफसरों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदियों के फेस्टिवल हनुका के दौरान इजराइली नागरिकों पर हुए आतंकी हमले को देखते हुए भी चौकसी बरती जा रही है। ऐसी जगहें चिन्हित की गई हैं, जहां पर विदेशी टूरिस्ट की मूवमेंट ज्यादा रहती है। सभी बड़े होटलों को अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने के लिए एडवाइजरी दी गई है। चुनिंदा मार्केट में सादी वर्दी में पुलिस वाले तैनात किए जाएंगे। न्यू ईयर की रात इंडिया गेट, कनॉट प्लेस में कमांडो दस्ते तैनात किए जाएंगे। बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड लगातार मूवमेंट पर रहेंगे। महत्वपूर्ण जगहों पर अलग से चेक पोस्ट बनाए जाएंगे।

**पुलिस की अपील**

पुलिस अफसर के मुताबिक, आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लोगों से भी सहयोग की अपील की है। दिल्लीवासी अपने आसपास होने वाले संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें और दिल्ली पुलिस को सूचित कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

## मार्केट्स और सड़कों की सफाई करने में मदद मिलेगी

# MCD खरीदेगी 1000 हज़ार लिटर पिकर, 100 MRS मशीनें

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

AI Image



■ नई दिल्ली: पल्यूशन से निपटने के लिए MCD मशीनरी खरीदने पर अधिक जोर दे रही है। MCD बहुत जल्द 1000 लिटर पिकर के अलावा 100 छोटी मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (MRS) मशीन खरीदने जा रही है। दोनों तरह की मशीनों को खरीदने के लिए फंड दिल्ली सरकार उपलब्ध करा रही है। MCD अधिकारियों का कहना है कि इन मशीनों की मदद से मार्केट्स के अलावा कॉलोनियों की सड़कों को साफ करने में मदद मिलेगी। सड़कें साफ होंगी तो पल्यूशन को भी कंट्रोल किया जा सकेगा।

दिल्ली में पल्यूशन की स्थिति लगातार खतरनाक रूप लेती जा रही है। AQI बढ़ने से सोमवार को ग्रैप-4 की पाबंदियां लग दी गईं। MCD पल्यूशन से निपटने की जगह मशीनरी खरीदने में लगी हुई है। उसे कब मशीनें मिलेंगी और कब उन्हें सड़कों पर उतारा जाएगा, तब तक हो सकता है कि पल्यूशन की स्थिति ही सामान्य हो जाए। एक्सपर्ट का कहना है कि मशीनों के आने के बाद नियमित रूप से अगर इनका इस्तेमाल किया जाए तो संभवतः अगले साल दिल्ली के लोगों को पल्यूशन से कुछ हद तक निजात मिल जाए।

MCD की पर्यावरण समिति के चेयरमैन संदीप कपूर ने मशीनों की खासियत और उनके इस्तेमाल के बारे में बताया कि 1000 लिटर पिकर का इस्तेमाल मुख्य रूप से MCD के 250 वॉर्डों के तहत आने वाली मार्केट्स की साफ सफाई में किया जाएगा। एक वॉर्ड के हिस्से चार मशीनें आएंगी। अभी तक मार्केट्स में मैनुअल तरीके से साफ सफाई की जाती है। इससे धूल मिट्टी ठीक से नहीं उठ पाती, लेकिन लिटर पिकर की मदद से धूल मिट्टी के अलावा प्लास्टिक और कागज के वेस्ट को मशीन के आगे लगी पाइप अपनी तरफ खींच लेगी। मशीन में लगभग 1000 लीटर का बिन भी लगा होगा। इसी तरह 100 छोटी रोड स्वीपिंग मशीन के आने के बाद हर जोन को कम से कम 8 मशीनें दी जाएंगी।

**एक वॉर्ड के हिस्से चार मशीनें आएंगी**

## 'नॉमिनी का मतलब सिर्फ ब्लड रिलेशन नहीं'

# किसी गैर को प्रॉपर्टी में नॉमिनी बनाने पर नहीं है कोई रोक: HC

Prachi.Yadav@timesofinda.com

AI Image



■ नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने साफ किया कि संविधान में किसी सदस्य के को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में आवंटित अपनी प्रॉपर्टी में सगे संबंधी (ब्लड रिलेशन) के बजाए किसी गैर को नॉमिनी बनाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। नियमों की संवैधानिकता से जुड़े एक मामले में अपना फैसला सुनाते हुए जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने कहा कि दिल्ली को-ऑपरेटिव सोसायटीज एक्ट, 2003 और दिल्ली को-ऑपरेटिव सोसायटीज रूल्स, 2007 किसी सदस्य के इस अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करते हैं कि वह कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी की किसी बिल्डिंग में फ्लैट या रहने की इकाई में अपने अधिकार, हिस्से और हित के लिए किसी पराए व्यक्ति को अपना नॉमिनी बनाए। कोर्ट ने कहा कि को-ऑपरेटिव सोसायटी द्वारा उस व्यक्ति को आवंटित प्रॉपर्टी में, जहां ऐसा नॉमिनेशन किसी एक व्यक्ति के लिए है, वो सिर्फ सगे रिश्तेदार (ब्लड रिलेशन) तक ही सीमित नहीं है। पराया व्यक्ति, जो सदस्य का सगा रिश्तेदार नहीं है, उसे भी सदस्य द्वारा नॉमिनी के रूप में नॉमिनेट किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने यह फैसला 16 दिसंबर को रंजना राजगोपालन की याचिका को मंजूर करते हुए पारित किया। केस के मुताबिक, वह एक अकेली महिला हैं, जिनका कोई बच्चा या करीबी सगे संबंधी नहीं हैं। उनके पिता, जिनका अब निधन हो चुका है, एक वकील थे और सुप्रीम कोर्ट बार को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड के सदस्य थे।

**यह फैसला 16 दिसंबर को पारित किया गया**

7 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली।
गुरुवार, 18 दिसंबर 2025

# NBT GOOD न्यूज़

**दूसरों को भी खुश कर देगी आप की मुस्कुराहट**
उबासी की तरह मुस्कान भी संक्रामक होती है। जब आप किसी को मुस्कुराते हुए देखते हैं, तो आपके दिमाग के 'मिरर न्यूरॉन्स' सक्रिय हो जाते हैं और आप अनजाने में मुस्कुराने लगते हैं।

## विचार

एक मुस्कान सबसे बेहतरीन मेकअप है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स केवल बाहरी सुंदरता बढ़ाते हैं, लेकिन एक मुस्कान आपकी आत्मा की सुंदरता को दिखाती है। यह आपके चेहरे पर वह चमक लाती है जो दुनिया का कोई भी महंगा मेकअप आपको नहीं दे सकता।

– मर्लिन मुनरो (Marilyn Monroe)

## ज़रा हंस लें

एक लड़की बहुत देर से मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी थी। दुकान में ग्राहकों की भारी भीड़ थी। लड़की परेशान सी भीड़ के हटने का इंतजार कर रही थी। काफी देर बाद जब भीड़ छटी तो लड़की सकुचाते हुए दुकानदार के पास गई। उसने धीरे से इधर-उधर देखकर एक परचा दुकानदार दिया और बोली… भाई साहब, मेरे होने वाले पति डॉक्टर है… यह उनका प्रेम पत्र है, पढ़ कर सुना दो प्लीज।

## कविता

### 'जीवन'


AI इमेज

जीवन में, हर वक्त जो भी,
खुशियों के पल मिले,
उन्हें, सहेजना सीख जाओ,
फिर तो, हर पल तुम्हारा है,
जिंदगी, पल-पल बीती जा रही है,
हर पल मुस्कुराना सीख जाओ,
कहते है, खुशियां, बांटने से बढ़ती है,
और गम, बांटने से, घटता है।
न रहेगा, आंसू का, एक कतरा भी,
आंखों में
गर तुम, मुस्कुराने का यह गुर सीख जाओ।

– रश्मी शाह,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## यहां पढ़कर कोई डॉक्टर, तो कोई बना अग्निवीर

# इस थाने में तहरीर ही नहीं तकदीर भी होती दर्ज




**नारायणा थाना में स्टूडेंट्स संवार रहे कल**

**सुबह 9 से शाम 7 बजे तक खुली रहती है लाइब्रेरी**

■ नवीन निश्चल, नारायणा

**दिल्ली की भीड़-भाड़** और तेज रफ्तार जिंदगी में एकांत में बैठकर कॉम्पिटेटिव एग्जाम की तैयारी करना आसान नहीं है। इसी चुनौती को देखते हुए दिल्ली में कई थानों ने स्टूडेंट्स के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी शुरू की है। इनमें से एक है वेस्ट डिस्ट्रिक्ट का नारायणा थाना, जहां थाना परिसर के भीतर बनाई गई लाइब्रेरी ने बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाई है।

डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर के निर्देश में ACP इंद्रजन मीणा और SHO धर्मेंद्र कुमार की टीम लाइब्रेरी का संचालन कर रही है। शिखर ऑर्गेनाइजेशन के कोऑर्डिनेशन में सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक लाइब्रेरी खुली रहती है। इंचार्ज के मुताबिक, यहां 293 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हैं और एक बार में लगभग 40 बच्चे सेल्फ स्टडी करते हैं।

**293**
स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड हैं लाइब्रेरी में

लाइब्रेरी में कंप्यूटर, अलग-अलग एग्जाम की किताबें, फ्री वाई-फाई, पीने का पानी और शांतिपूर्ण माहौल उपलब्ध है। यही वजह है कि स्टूडेंट्स बिना किसी रुकावट के पढ़ाई कर सकते हैं और अपनी क्षमता को निखार सकते हैं।

इस साल यहां पढ़ाई करने वाले तीन स्टूडेंट्स ने अलग-अलग एग्जाम क्रैक किए हैं। आकाश मेहता ने NEET एग्जाम पास कर पटना के मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया, रोशन अग्निवीर में सलेक्ट हुआ, जबकि नीरज ने JEE में सफलता पाकर NSUT में बीटेक की पढ़ाई शुरू की।

नारायणा थाना की यह लाइब्रेरी साबित कर रही है कि सही मार्गदर्शन, सुविधाएं और सुरक्षित माहौल मिल जाए तो छात्र अपने सपनों को सच कर सकते हैं।

### कई स्टूडेंट्स ने पाई कामयाबी

नारायणा थाना कैंपस में बनी लाइब्रेरी में हर सुबह बच्चे आते हैं। यहां लड़कियां और लड़के दोनों मिलकर महत्वपूर्ण एग्जाम की तैयारी करते हैं। लाइब्रेरी का माहौल इतना शांत और व्यवस्थित है कि बच्चे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई में डूब जाते हैं। पिछले कुछ सालों में यहां पढ़ाई करके तीन स्टूडेंट्स अलग-अलग एग्जाम क्रैक कर चुके हैं। उनकी सफलता ने नए छात्रों में उत्साह और प्रेरणा पैदा की है। आसपास की कॉलोनियों के माता-पिता भी अपने बच्चों को इसी वजह से लाइब्रेरी भेजते हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, सिर्फ रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स ही प्रवेश कर सकते हैं। उन्हें एंट्री कार्ड दिया जाता है, जिसे पंच करके ही अंदर आना संभव होता है।

# शाम हुई तो सजी थाली, जंबो डिनर पर बजी ताली

Oppili.P@timesofindia.com

**वंडलूर जू में हाथियों के शाम के भोजन को आम लोगों के लिए खोल दिया है**

अरिग्नार अन्ना प्राणी उद्यान (वंडलूर जू) में अब हाथियों का शाम का भोजन सिर्फ रोजमर्रा की प्रक्रिया नहीं रहा, बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक खास अनुभव बन गया है। जू प्रशासन ने इस सर्दी में हाथियों को शाम का भोजन आम लोगों के लिए खोल दिया है, जिसे 'जंबो डिनर' नाम दिया गया है।

अब पर्यटकों को हाथी शिविर देखने के लिए दूरदराज इलाकों में जाने की जरूरत नहीं है। वंडलूर की दो हथिनियां, रोहिणी और प्रकृति, हर शाम इस आयोजन की स्टार बन जाती हैं। शाम 4 से 5 बजे के बीच हाथियों को विशेष आहार दिया जाता है, जिसमें उबला चावल, रागी और कुल्थी, नमक, गुड़, नारियल, गन्ना और जरूरी खनिज तत्व शामिल होते हैं। जू निदेशक रेड्डी स्वयंरिपाक के मुताबिक, यह आहार तैयार करने में दो घंटे की मेहनत लगती है और इसे पहले तमिलनाडु के हाथी शिविरों में अपनाया गया था। जैसे ही हाथी अपनी सूंड से भोजन उठाते हैं और चबाने की आवाज गूंजती है, बच्चे तालियां बजाते हैं और परिवार अपने कैमरों में यह पल कैद कर लेते हैं।

गर्मियों में यह जगह हाथियों के स्नान का केंद्र होती है, जबकि सर्दियों में 'जंबो डिनर' दर्शकों को नया और मजेदार अनुभव देता है। इस पहल से न सिर्फ दर्शकों की संख्या बढ़ रही है, बल्कि हाथियों के प्रति जागरूकता भी बढ़ रही है।



# जवानों संग कदमताल करते रोबॉटिक साथी


PTI

कोलकाता में यह नजारा सिर्फ शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक नए और सशक्त भारत की तस्वीर है। हमारे जांबाज जवानों के कदमों से कदम मिलाते ये 'रोबॉटिक म्यूल्स' बता रहे हैं कि हमारी सेना अब कितनी हाई-टेक हो चुकी है। जैसे 1971 में हमारे वीरों ने अपने शौर्य से इतिहास लिखा था, वैसे ही भविष्य की चुनौतियों के लिए ये मशीनी साथी अब जवानों के कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार हैं।

# खंडहर से खड़ी हुई उम्मीद की नई पाठशाला

Suparna.Roy1@timesofindia.com

■ **जयपुर:** राजस्थान के जालोर जिले के दादल गांव में पुराना सरकारी स्कूल अब नई रोशनी से चमक रहा है। कभी टूटती छतों, बिखरी बेंचें और कमजोर संसाधनों वाला यह गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल अब आधुनिक शिक्षा का केंद्र बनने जा रहा है। इस बदलाव की शुरुआत अमेरिका में बसे पूर्व छात्र और पीडियाट्रिशन डॉ. अशोक जैन ने की।

कहानी की शुरुआत जनवरी 2020 के गणतंत्र दिवस परेड से होती है। गांव आए डॉ. जैन ने बच्चों को जमीन पर बैठे देखा, ठीक वैसे ही जैसे वे 40 साल पहले खुद बैठा करते थे। उन्होंने 10 लाख रुपये देने का वादा किया, लेकिन मां और भाई की सलाह पर पूरा स्कूल बनाने का सपना लिया।

कोरोना और मां के निधन के बाद यह जिद और गहरी हो गई। प्रिंसिपल कोमल कांत शर्मा के साथ चर्चा कर भारतीय संसद भवन मॉडल पर 10 क्लासरूम वाली नई इमारत का प्लान तैयार हुआ। जनवरी 2023 में शिक्षा विभाग के साथ MoU साइन हुआ और निर्माण शुरू हुआ। गांव के हर घर ने इस पहल में योगदान दिया। सरपंच माल सिंह जी ने खेल के मैदान के लिए जमीन दी।







भारतीय संसद की तर्ज पर बनी इमारत




### शिक्षा का नया सवेरा

आने वाले अकैडमिक सेशन से खुलने जा रहा यह नया स्कूल अब 24 कमरों में फैला हुआ है, जिसमें 13 क्लासरूम, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब और स्मार्ट बोर्ड से लैस वाई-फाई रूम की सुविधा है। इसके अलावा यहां स्पोर्ट्स सुविधाएं, मिनी ऑडिटोरियम, सोलर पैनल और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हर सुविधा बच्चों के भविष्य की कड़ी है।

# सैनिकों के लिए उपलब्ध कराए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की पहल**

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने ऊंचे पहाड़ी इलाके और बहुत दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के लिए 25 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और 25 BIPAP सपोर्ट (बाई-लेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर) मशीनें उपलब्ध कराए हैं, जहां ऑक्सीजन का लेवल बेहद कम होता है। यह उपकरण संबंधित मेडिकल रेजिमेंट के अनुरोध पर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ऑक्सीजन शाखा के सहयोग से मुहैया कराए गए हैं।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार कि यह पहल सैनिकों के साथ मजबूती से खड़े रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा मानना है कि बहुत कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा कर रहे जवानों का सपोर्ट एक साझा राष्ट्रीय दायित्व है।

दिल्ली सरकार की इस पहल का मुख्य मकसद देश के सबसे चुनौतीपूर्ण और दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने के साथ मेडिकल केयर की तैयारी को और ज्यादा मजबूत करने में योगदान देना है।

DEPARTMENT OF FINANCIAL SERVICES
MINISTRY OF FINANCE
GOVERNMENT OF INDIA

Campaign for efficient and quick settlement of unclaimed assets namely, bank deposits, mutual funds, life and general insurance policies, pension accounts and shares and dividend in the financial sector

October - December 2025

"आपकी पूँजी, आपका अधिकार"
Your Money, Your Right

Awareness Access and Action

STATE LEVEL BANKERS' COMMITTEE - DELHI

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान**
(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग,
भारत सरकार के तहत एक स्वशासी संस्थान)
विज्ञान पथ, पश्चिम बड़ागाँव, गड़चुक, गुवाहाटी- 781035, असम, भारत

विज्ञापन सं. : 574 दिनांक : 18/12/2025

**भर्ती सूचना**

आईएएसएसटी, गुवाहाटी भौतिक विज्ञान प्रभाग के अंतर्गत पोस्ट-डॉक्टरल फेलो (पीडीएफ) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट https://iasst.gov.in/ पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देखें।

कुलसचिव, आई.ए.एस.एस.टी

**ब्रिक–राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान**
(ब्रिक का एक अनुसंधान संस्थान, जैव प्रौद्योगिकी विभाग)
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली –110067

**सलाहकार (भंडार एवं क्रय) और सलाहकार (आई.टी.) के पदों पर संविदात्मक नियुक्ति के लिए विज्ञापन।**

राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर सलाहकार (भंडार एवं क्रय) और सलाहकार (आई. टी.) के एक–एक पद भरने के लिए पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। जिसका विवरण संस्थान की वेबसाइट www.nii.res.in पर उपलब्ध है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 7 जनवरी, 2026 है।**

**सार्वजनिक सूचना**
(दवा मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 के पैराग्राफ 21(2) के अंतर्गत)

**ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय: जीएसके हाउस, डॉ. एनी बेसेन्ट रोड, वरली, मुंबई - 400 030, महाराष्ट्र, भारत

सीआईएन नं. : L24239MH1924PLC001151
वेबसाइट : www.gsk-india.com
ई-मेल : askus@gsk.com
फोन नं. : 022-2495 9595

सामान्य जन का ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया जाता है कि उपरोक्त पते पर पंजीकृत कार्यालय वाली कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, जोकि अनुसूचित विनिर्दिष्ट नामक रेटरिक्स (रोटावायरस टीका (लाइव अटेन्युएटेड, ओरल) आई. पी., जिसमें प्रत्येक 1 खुराक में शामिल है: ह्यूमन रोटावायरस RIX4414 स्ट्रेन (लाइव अटेन्युएटेड) जिसकी संख्या $10^{6}$ $CCID_{50}$ से कम नहीं है, वेरो सेल्स पर उत्पादित है (जिसे यहां बाद में टीके रूप में संदर्भित किया गया है), का विपणन / वितरण करती है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड उपरोक्त उत्पाद (टीका) के विपणन / वितरण को इस नोटिस के बाद छह महीने प्रभाव से बंद करना चाहती है।

उपरोक्त टीके को बंद करने के बाद यह बाजार में उपलब्ध नहीं हो पाएगा। इसलिए ऐसी टीके का उपयोग करने वाले लाभार्थी वैकल्पिक रोटावायरस टीके के संबंध में अपने चिकित्सक से परामर्श कर सकते हैं। सभी डॉक्टर / चिकित्सा से जुड़े व्यक्ति भी इस पर ध्यान दें।

कल्याण ब्रास्टन
हस्ती - कानूनीविभाग एवं कंपनी सेक्रेटरी,
ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड

दिनांक: 18th Dec 2025
स्थान: मुंबई

**BLAZERS SUITS & JACKETS SALE**
upto 60% off
Formal • Casual • Party Collection
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
Formal & Wedding collection
ARROW | Raymond | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | PARK AVENUE

- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

**SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
Raebareli Road, Lucknow-226014 (U.P.)
EPBX No.: 0522-2494000/2495000/2668700/2668900. Fax no. (0522) 2668017, 2668078.

**RECRUITMENT NOTICE**

Offline Applications are invited by the Director, SGPGIMS, Lucknow, from eligible Officers from Police Departments of Central/State/ Union Territory Governments or Officers from Para Military /Military Forces to fill the following Group A post on Deputation at SGPGIMS, Lucknow.

| No. | Name of the Post | Pay Matrix (as per 7th CPC) | No. of Post | Essential Qualification and Experience |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Deputy Chief Security Officer (On Deputation) | Level-11 (₹67700-208700) | 1 | Officers of the Police Departments of Central/State/UT/ or officers of the Armed Forces including Paramilitary Forces, holding analogous posts or with 5 years regular service in a post in PB-3 (Rs. 15600-39100), GP-5400 or above, preferably having experience connected with security, handling agitations, strikes of employees. (Period of Deputation shall not ordinarily exceed 3 years. Extendable by 2 years at discretion of Appointing Authority.) |

Please visit Institute's website www.sgpgims.org.in for detailed advertisement.

Advt. No. I/44/Rectt/2025-26 DIRECTOR

**राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ**
(नेशनल एकेडमी ऑफ आयुर्वेद)
(भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
धन्वन्तरी भवन, मार्ग संख्या-66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली–110026
दूरभाष संख्या: 011-41681265; ई-मेल: rav-ravdli@gov.in

**प्रवेश सूचना 2026–27**

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, नई दिल्ली एक वर्षीय "राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ का प्रमाणपत्र (सी.आर.ए.वी.) पाठ्यक्रम" में प्रवेश हेतु **दिनांक 25 जनवरी, 2026 (रविवार)** को नई दिल्ली, जयपुर, वाराणसी, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु तथा त्रिशूर में, उन योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सकों के लिए **लिखित परीक्षा** आयोजित कर रहा है, जिन्होंने बी.ए.एम.एस. (आयुर्वेदाचार्य)/एम.डी./एम.एस. (आयुर्वेद) की उपाधि किसी भी ऐसे विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से अर्जित की हो, जो आईएमसीसी अधिनियम, 1970/एनसीआईएसएम अधिनियम, 2020 के तहत मान्यता प्राप्त हो। इच्छुक आवेदक पात्रता, विवरण, आवेदन–प्रपत्र के निर्धारित प्रारूप, पाठ्यक्रम-विवरणिका और अन्य जानकारी हेतु इस विद्यापीठ की वेबसाइट www.ravdelhi.nic.in को देखें और विधिवत भरे हुए आवेदन–पत्र को 15 जनवरी, 2026 तक या इससे पूर्व केवल डाक/दस्तावेज के माध्यम से उपर्युक्त पते पर भेजें।

निदेशक, राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

CBC 17212/12/0005/2526

# पंजाब निकाय चुनावों में AAP ने भारी जीत का किया दावा

■ भाषा, चंडीगढ़ : पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार सुबह शुरू की गई, जो देर शाम जारी रही। इस बीच, राज्य में सत्तारूढ़ आप ने 900 से अधिक क्षेत्रों में जीत का दावा किया। अधिकारियों ने बताया कि राज्यभर में स्थापित 154 केंद्रों पर मतपत्रों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू हो गई थी।

पंजाब में 22 जिला परिषदों के 347 क्षेत्रों और 153 पंचायत समितियों के 2,838 क्षेत्रों के सदस्यों के चुनाव के लिए 14 दिसंबर को हुए मतदान में 48 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को भी मौका, लोकसभा से बिल पास

■ भाषा, नई दिल्ली



जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुनिया में अलग-थलग रहने का दौर खत्म हो चुका है।

**लोकसभा ने** परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने के प्रावधान वाले विधेयक को विपक्ष के विरोध के बीच बुधवार को मंजूरी प्रदान की। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह द्वारा विधेयक पर चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए इसे ध्वनिमत से स्वीकृति दे दी।

सरकार ने 'भारत के रूपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्धन (शांति) विधेयक, 2025' को ऐतिहासिक करार दिया। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि इसमें आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का प्रावधान नहीं है और यह संवेदनशील क्षेत्र में निजी कॉरपोरेट समूहों के लिए रास्ता खोलने वाला है।

चर्चा का जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस विधेयक में कुछ ऐसे प्रावधान हैं, जो पहले भी थे, लेकिन सत्तापक्ष का विरोध करने के चक्कर में विपक्ष सदस्य अपने समय के प्रावधानों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के लिए 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट है। यदि हमने 2047 तक 100 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा का लक्ष्य रखा है तो पूरा करने में परमाणु क्षेत्र महत्वपूर्ण है।

## 'परमाणु ऊर्जा में नेहरू के योगदान को स्वीकारते हैं'

जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज की दुनिया में अलग-थलग रहने का दौर खत्म हो चुका है। उन्हीं सुरक्षा उपायों को जारी रखा गया है जो प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय अमल में आए थे। सिंह ने यह भी कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी होगी, लेकिन सुरक्षा का पूरा ख्याल किया गया है।

कुछ सदस्यों द्वारा 15 साल पहले बीजेपी की ओर से अरुण जेटली द्वारा परमाणु ऊर्जा विधेयक के कुछ प्रावधानों का संसद में विरोध किए जाने का उल्लेख करने पर मंत्री ने कहा कि अब समय बदल गया है। नुकसान की स्थिति में संचालक को भरपाई करनी होगी और परमाणु उत्तरदायित्व कोष होगा।

### विपक्षी दलों ने किया सदन से वॉकआउट

कांग्रेस, डीएमके, एसपी समेत कुछ विपक्षी दलों ने मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए सदन से वॉकआउट किया। इससे पहले, सिंह ने विधेयक को पेश किए जाने के बाद चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही इस तरह के बड़े फैसले ले सकते हैं। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। संसद के इतिहास में वर्षों बाद कोई ऐसा क्षण आता है जब सदस्यों को ऐसा मौका मिलता है कि वे राष्ट्र की यात्रा को एक नयी दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस विधेयक को मील के पत्थर के रूप में उल्लेखित किया जाएगा।

### बिल को JPC के पास भेजा जाना चाहिए: कांग्रेस

विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इसका विरोध किया और कहा कि इसे विस्तृत विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के पास भेजा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2008 में जब परमाणु समझौते की नीति को खत्म करने का प्रयास जा रहा था तो बीजेपी ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली UPA सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाकर भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को पटरी से उतारने का प्रयास किया था। तिवारी ने दावा किया कि इस विधेयक में आपूर्तिकर्ता के उत्तरदायित्व का कोई प्रावधान नहीं है।



